समृद्धि न्यूज़

| सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|
| 57,900.19 | 17,043.30 |

तापमान
अधिकतम 33 °c
न्यूनतम 18 °c

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार




बेसिक शिक्षा मंत्री आवास के बाहर 69 हजार शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों का प्रदर्शन पेज-02

नैक ग्रेडिंग की तैयारी की तैयार कराएं पुस्तक, विश्वविद्यालयों... पेज-03


वर्ष 10 | अंक 205 | लखनऊ, 16 मार्च गुरुवार, 2023 | पृष्ठ 12 | मूल्य 2.00 | www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com


## संक्षिप्त समाचार

### लेफ्टिनेंट जनरल दलजीत सिंह आर्म्ड फोर्सेस मेडिकल सर्विस के नए डायरेक्टर जनरल नियुक्त

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने लेफ्टिनेंट जनरल दलजीत सिंह को आर्म्ड फोर्सेस मेडिकल सर्विस के नए डायरेक्टर जनरल के रूप में नियुक्त किया है। रक्षा अधिकारी के मुताबिक, जनरल दलजीत सिंह पुणे स्थित आर्म्ड फोर्सेस मेडिकल कॉलेज के पूर्व छात्र रह चुके हैं। वह देश के एक प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ और नियोनेटोलॉजिस्ट भी हैं।

### महाराष्ट्र में शिंदे गुट में शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री दीपक सावंत

**मुंबई।** महाराष्ट्र में एकबार फिर उद्धव ठाकरे को झटका लगा है। उद्धव गुट के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री दीपक सांवत ने शिंदे गुट में शामिल हो गए है। उन्होंने बुधवार को शिंदे के पास जा चुकी शिवसेना की सदस्यता ग्रहण की। इससे पहले पिछले सोमवार को ही उद्धव के बेहद करीबी नेता सुभाष देसाई के बेटे भूषण ने एकनाथ शिंदे की शिवसेना का दामन थाम लिया था। उन्होंने बालासाहेब ठाकरे को अपना भगवान बताया था। सुभास का मानना था कि एकनाथ शिंदे हिंदुत्व के विचारों को आगे बढ़ा रहे हैं।

### पुणे के बारामती में दम घुटने से चार लोगों की मौत

**मुंबई।** पुणे के बारामती में गोबर गैस चैंबर में दम घुटने से चार लोगों की मौत हो गई। बताया जाता है कि प्रवीण अटोले नामक एक व्यक्ति मोटर पाइप साफ करने के लिए अंदर गया लेकिन वह बेहोश हो गया और उसे बचाने के लिए उसके पिता भी अंदर गए लेकिन वह भी बेहोश हो गया। उसके पीछे 2 व्यक्ति भी अंदर गए और सभी की मौत हो गई।

### एनआईए ने जम्मू-कश्मीर और पंजाब में 15 स्थानों पर छापेमारी की

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर और पंजाब में 15 स्थानों पर छापेमारी की। छापेमारी पाकिस्तानी हैंडलर्स के साथ संबंध रखने वाले एक दर्जन संदिग्ध लोगों के ठिकानों पर की गई। जून 2022 में, एनआईए ने ओवर ग्राउंड वर्कर्स और उनके कैडरों के खिलाफ खुद ही एक केस दर्ज किया था।

### सड़क हादसे में चार जवान घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के ऊधमपुर में जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे पर बुधवार को सड़क हादसे में सीआरपीएफ के चार जवाल घायल हो गए।

### देश की जेलों में क्षमता से सवा लाख ज्यादा कैदी बंद

**नयी दिल्ली।** देश की जेलों में क्षमता से सवा लाख ज्यादा कैदी बंद है। बता दें कि देश में क्षमता से 1 लाख 28 हजार 425 कैदी ज्यादा बंद हैं। फिलहाल जेलों में 4 लाख 25 हजार 609 कैदियों को रखने की क्षमता है लेकिन इस समय 5 लाख 54 हजार 034 कैदी जेल में बंद हैं। बता दें कि आज केंद्रीय गृह मंत्रालय ने देशभर के 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में बंद विचाराधीन कैदियों पर जानकारी लोकसभा में दी है। गृह मंत्रालय द्वारा लोकसभा में ये जानकारी दी गई है कि देश के जेलों में 1410 दोष सिद्ध कैदी सजा पूरा करने के बाद भी जुर्माना की राशि का भुगतान न कर पाने वाले कैदी भी अभी जेलों में बंद और अतिरिक्त सजा का भोग रहे है।

# शीघ्र गठित होगा राज्य राजधानी क्षेत्र, सीएम ने मांगी कार्ययोजना

## दो सप्ताह में रिपोर्ट देने के लिए अधिकारियों को निर्देश, अधिकारियों को कार्यालय में बैठने के निर्देश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**

एनसीआर की तर्ज पर उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ और उसके आस-पास क्षेत्रों को समाहित करते हुए राज्य राजधानी क्षेत्र विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को शासन के अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान दो सप्ताह में इस सम्बंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समन्वित और संतुलित विकास के लिए राजधानी के रूप में लखनऊ की क्षमताओं को विस्तार देने के उद्देश्य से लखनऊ और आस पास के जिलों को जोड़ते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की तर्ज पर उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र का गठन किया जाना है। राजधानी लखनऊ आज मेट्रोपोलिटन सिटी के रूप में अत्याधुनिक नगरीय सुविधाओं से लैस हो रही है। विभिन्न नगरों से लोग यहां आकर अपना स्थायी निवास बनाना चाहते हैं। आस-पास के जिलों में भी जनसंख्या का दबाव बढ़ रहा है। कई बार अनियोजित विकास की शिकायतें भी मिलती हैं। ऐसे में एससीआर का गठन समन्वित विकास की दृष्टि से उपयोगी होगा। राज्य राजधानी क्षेत्र की विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर आगामी दो सप्ताह में प्रस्तुत करें।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप आज पुरातन काशी काशी नगरी आज नेचर कल्चर और एडवेंचर का संगम बन रही है। काशी में हुए विकास कार्यों से आस-पास के जिलों के पोटेंशियल में भी विस्तार हुआ है। ऐसे में हमें इंटीग्रेटेड रीजनल डिवलेपमेंट प्लानिंग पर फोकस करना चाहिए। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की भांति नियोजित विकास के उद्देश्य से जनपद वाराणसी व इसके सीमा से लगे जनपद भदोही, गाजीपुर, बलिया, चंदौली को जोड़ते हुए एकीकृत विकास योजना तैयार करें। पूर्वी उत्तर प्रदेश के आर्थिक प्रगति को तेज रफ्तार देने के उद्देश्य से यह प्रयास महत्वपूर्ण हो सकता है। आवास विभाग द्वारा प्रारंभिक अध्ययन के साथ अपनी कार्ययोजना प्रस्तुत की जाए।

प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में आज वाराणसी में जल, थल और वायु परिवहन की अभूतपूर्व परिवहन सेवा उपलब्ध है। अब शीघ्र ही यहां रोप-वे सेवा भी उपलब्ध होगी। रोप-वे निर्माण कार्य का यथाशीघ्र शिलान्यास कराते हुए निर्माण कार्य प्रारंभ करा दिया जाए।

देश के सभी प्रमुख शहरों में उत्तर प्रदेश का सूचना और पर्यटन केंद्र अवश्य हो। इसके माध्यम से प्रदेश की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और औद्योगिक संभावनाओं के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर विकास



### बिजली बिल में गड़बड़ी न हो

बिजली बिल के समयबद्ध भुगतान के लिए उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इसके लिए यह जरूरी है कि लोगों को समय पर सही बिल मिले। ओवरबिलिंग, फाल्स बिलिंग अथवा विलंब से बिल दिया जाना उपभोक्ता को परेशान करता है। इस व्यवस्था में सुधार के लिए बिलिंग और कलेक्शन क्षमता बढ़ाने के लिए ऊर्जा विभाग को ठोस कार्ययोजना बनानी होगी। ग्रामीण इलाकों में विशेष प्रयास की जरूरत है। बिजली के तारों को भूमिगत किये जाने के कार्य को समय से पूरा किया जाए। केबल टीवी, इंटरनेट ब्रॉडबैंड कनेक्शन आदि के लटकते-झूलते तारों का समुचित समाधान किया जाए।

### यूपी के 17 शहर बनेंगे सेफ सिटी

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के संकल्प की पूर्ति में सेफ सिटी परियोजना卐 अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। स्मार्ट सिटी परियोजना अंतर्गत स्थापित इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम से शहरों की सुरक्षा व्यवस्था स्मार्ट हुई है। विभिन्न वित्तीय निकायों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों को सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। उसे आईटीएमएस से इंटीग्रेट किया जाए। अंतर्विभागीय समन्वय के साथ कन्वर्जेंस के माध्यम से वित्तीय प्रबंधन करते हुए 17 शहरों को सेफ सिटी बनाने के रूप में विकसित किया जाए। उत्तर प्रदेश 17 सेफ सिटी वाला पहला प्रदेश हो सकेगा।

### सरकार का ट्रैफिक मैनेजमेंट पर जोर

योगी ने कहा कि लखनऊ के साथ-साथ वाराणसी, अयोध्या, मथुरा-वृंदावन, नैमिषारण्य, मां विंध्याचलधाम, माँ शाकुम्भरी देवी धाम, माँ ललिता देवी धाम, माँ पाटेश्वरी धाम जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक पर्यटन स्थलों पर ट्रैफिक मैनेजमेंट एक बड़ी चुनौती है। विगत दिनों ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान हमारी टीम ने ट्रैफिक मैनेजमेंट का अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया था। चैत्र नवरात्र के दौरान इसी प्रकार इन महत्वपूर्ण स्थलों के लिए योजना बनानी चाहिए। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी यहां की व्यवस्था का निरीक्षण करते रहें।चौराहों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम का अधिकधिक प्रयोग करें।

**फिर चलेगा बाबा का बुलडोजर**

### माफिया अतीक के करीबियों के अवैध निर्माण गिराने को पीडीए ने भेजा नोटिस

**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड के बाद से यूपी पुलिस एक्शन मोड पर है, लगातार आरोपियों के खिलाफ एनकाउंटर, बुलडोजर की कार्रवाई हो रही है। इसी कड़ी में प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) ने माफिया के करीबियों के अवैध निर्माण को ढहाने के लिए नोटिस भेजा है। जिन भवन स्वामियों को नोटिस जारी किया गया है, उनके मकानों पर एक सप्ताह के भीतर पीडीए बुलडोजर चलाएगा। इस सूची में गुड्डू मुस्लिम, गुलाम, नफीस, बल्ली पंडित सहित 20 लोगों का नाम शामिल हैं। माफिया अतीक अहमद व उसके करीबियों पर सख्ती से निपटा जा रहा है। इस पर पीडीए के जोनल अधिकारी ने बताया कि ज्यादातर ऐसे लोग हैं जो माफिया के करीबी और उमेश पाल व दो सरकारी गनर की हत्या व साजिश में शामिल रहे। मेहंदौरी, बमरौली, तेलियरगंज, करेली चकिया, सुलेम सराय, धूमनगंज सहित शहर के अन्य क्षेत्रों में माफिया के उक्त करीबियों के अवैध पक्के निर्माण हैं। बताया कि जल्द ही इनके अवैध निर्माण को जमींदोज किया जाएगा।

**69000 सहायक शिक्षक भर्ती, अखिलेश बोले-**

# बीजेपी की कमजोर पैरवी का परिणाम है कोर्ट का फैसला

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 6000 सहायक शिक्षक भर्ती मामले को लेकर बीजेपी पर जोरदार निशाना साधा है। 6000 सहायक शिक्षक भर्ती पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ की ओर से फैसला आया है। इस पर अखिलेश ने कहा कि 6000 सहायक शिक्षक भर्ती में आया फैसला, आरक्षण की मूल भावना की विरोधी भाजपा सरकार की ढीली पैरवी का नतीजा है।

भाजपा दलित-पिछड़ों का हक मारने के लिए आरक्षण को विधायी माया जाल में फंसाती है। जातीय जनगणना ही इस समस्या का सही समाधान है जिससे कि जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण हो सके। बता दें कि हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने सोमवार को सहायक अध्यापक भर्ती प्रक्रिया में आरक्षण कोटे का सही से अनुपालन ना किए जाने पर 1 जून 2020 को जारी सहायक अध्यापक के चयन से जुड़ी सूची को तीन माह में संशोधित करने का निर्देश दिया है।

कोर्ट ने इसके साथ ही भर्ती परीक्षा के क्रम में आरक्षित वर्ग के अतिरिक्त 6800 अभ्यर्थियों की 5 जनवरी 2022 को जारी हुई चयन सूची को भी खारिज कर दिया। इस चयन सूची को यह कहते हुए चुनौती दी गई थी कि इसे बिना किसी विज्ञापन के जारी किया गया था। इस पर बेंच ने कहा है कि आरक्षण की सीमा किसी भी परिस्थिति में कुल सीटों के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए।

न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की बेंच ने अपने आदेश में कहा है कि जाहिर है, आरक्षित श्रेणी के जो अभ्यर्थी एटीआरई 201 में उपस्थित हुए थे, उनके स्कोर और विवरण की कोई स्पष्टता नहीं थी। राज्य के अधिकारियों ने भी कोई प्रयास नहीं किया, साथ ही उनके पास ऐसा कोई रिकॉर्ड भी नहीं है जो भर्ती में मदद करे।



### सहायक शिक्षक काम जारी रखें

कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि जब तक राज्य के अधिकारी चयन सूची को संशोधित नहीं करते हैं, इस मामले में पहले से नियुक्ति पा चुके और वर्तमान में एटीआरई 2019 के अनुसरण में विभिन्न जिलों में सहायक शिक्षक के तौर पर काम कर रहे अभ्यर्थी अपने पदों पर काम जारी रखेंगे।

**राहुल गांधी का केंद्र पर नया हमला, कहा-**

# एलारा को कौन कंट्रोल करता है

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** ब्रिटेन में अपने बयान और सरकार द्वारा माफी की मांग को लेकर उठे हंगामे के बीच, राहुल गांधी ने बुधवार को एलारा नाम की एक विदेशी इकाई पर सवाल उठाकर अदानी समूह और सरकार पर एक नया हमला बोला। गांधी ने अपनी विदेश यात्रा से दिल्ली लौटने के बाद आरोप लगाया कि अदानी ग्रुप और एलारा को मिसाइल और रडार अपग्रेड का कॉन्ट्रैक्ट दिया गया है। एक ट्वीट में उन्होंने कहा, भारत का मिसाइल और रडार अपग्रेड कॉन्ट्रैक्ट अदानी के स्वामित्व वाली एक कंपनी और एलारा नामक एक संदिग्ध विदेशी संस्था को दिया गया है। एलारा को कौन नियंत्रित कर रहा है? अज्ञात विदेशी संस्थाओं को रणनीतिक रक्षा उपकरणों का नियंत्रण देकर भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता क्यों किया जा रहा है? जहां राहुल गांधी विवादों में हैं, वहीं अदानी विवाद पर विपक्ष एकजुट है। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस के नेतृत्व वाले समूह से दूर रह रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने ब्रिटेन के भाषण में राहुल गांधी की ओर से किसी भी तरह की माफी से इनकार किया है। खड़गे ने कहा कि गांधी ने कुछ भी गलत नहीं कहा और केवल लोकतंत्र के बारे में बात की, जबकि प्रधानमंत्री ने विदेशों में कई जगहों पर बात की और देश का अपमान किया। राहुल गांधी के बयान पर मचे बवाल के बीच कांग्रेस ने यह स्पष्ट करने की कोशिश की है कि पार्टी इस मुद्दे पर झुकने वाली नहीं है और इस मुद्दे पर आक्रामक होगी और हिंडनबर्ग-अदानी विवाद में जेपीसी की मांग करेगी। पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए, कांग्रेस प्रमुख और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने ट्वीट किया था, मैं आपको चीन में दिए गए आपके बयान की याद दिलाना चाहता हूं। आपने कहा, पहले आपको भारतीय होने पर शर्म आती थी। अब आप देश का प्रतिनिधित्व करने में गर्व महसूस करते हैं क्या यह भारत और भारतीयों का अपमान नहीं था? अपने मंत्रियों से कहिए कि वे अपनी यादें ताजा करें।



**नौकरी के बदले जमीन घोटाला**

# लालू, राबड़ी और मीसा भारती को मिली जमानत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने नौकरी के बदले जमीन घोटाले से जुड़े एक मामले में राजद नेता और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और उनकी बेटी मीसा भारती को जमानत दे दी है। परिवार दोपहर करीब 11 बजे विशेष न्यायाधीश गीतांजलि गोयल के समक्ष पेश हुआ। 74 वर्षीय पूर्व रेल मंत्री सुबह करीब 10 बजे व्हीलचेयर पर अदालत पहुंचे। नौकरी के बदले जमीन मामले में लालू के पेश होते ही बड़ी संख्या में राजद समर्थक अदालत के बाहर जमा हो गए। सुनवाई के दौरान न्यायाधीश गोयल ने कहा कि सीबीआई ने बिना गिरफ्तारी के आरोप पत्र दायर किया। अदालत ने, हालांकि, जमानत दे दी और प्रत्येक आरोपी को 50,000 रुपये के निजी जमानत बांड भरने का निर्देश दिया। सीबीआई ने जमानत याचिका का विरोध नहीं किया। अदालत ने 27 फरवरी को उन्हें इस मामले में समन जारी किया था, जो लालू प्रसाद के परिवार को 2004 से 2009 तक केंद्रीय रेल मंत्री के रूप में कार्य करने के दौरान दिए गए या बेचे गए भूमि पार्सल के बदले में रेलवे में की गई कथित नियुक्तियों से संबंधित है।

**कांशीराम और उनके अनुयायियों का किया गया अपमान**

# दलित विरोधी हथकंडों से बचे बहुजन समाज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**

समाजवादी पार्टी (सपा) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर अंदरूनी मिलीभगत और दलित, मुस्लिम और पिछड़ों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुये बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने कहा कि आने वाले चुनावों में समाज के इन वर्गों को वोट बांटने वाले स्वार्थी लोगों और फर्जी संगठनों के हथकंडों से खुद को बचाये रखने की जरूरत है।

पार्टी संस्थापक कांशीराम की जयंती के मौके पर सुश्री मायावती ने बुधवार को कहा कि श्री कांशीराम ने 'चमचा युग' के विश्वासघाती तत्वों के सम्बंध में जो बातें कही थीं, उन बातों से भी सबक सीख कर आगे बढ़ने का प्रयास लगातार जारी रखना है और याद रखना है कि भाजपा, सपा व कांग्रेस घोर जातिवादी व बहुजन विरोधी पार्टियां हैं, कोई कम तो कोई ज्यादा, तभी आगे बढ़ने का रास्ता प्रशस्त होता रहेगा।

बसपा के प्रदेश दफ्तर में श्री कांशीराम को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद उन्होने कहा कि देश पहले की तरह ही आज भी जातिवादी सरकार व उन जैसे तत्वों से जकड़ा हुआ है तथा इसके अभिशाप से छुटकारा तभी मिल सकता है जब इसके सताये हुए लोग अपने वोट के जबरदस्त संवैधानिक हक के जरिए राज्य व देश की सत्ता पर काबिज होंगे।



# संसद से भागने की बजाय आकर माफी मांगें राहुल गांधी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने लंदन में राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयान को लाखों स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान, संसदीय परंपरा, देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और वोट करने वाले हर नागरिक का अपमान बताते हुए मांग की है कि राहुल गांधी को संसद से भागने की बजाय आकर माफी मांगनी चाहिए। स्मृति ईरानी ने कहा कि चुनावों में हार-जीत राजनीतिक परंपराओं का हिस्सा है लेकिन राहुल गांधी ने ऐसे देश में जाकर विदेशी ताकतों को भारत पर धावा बोलने का आमंत्रण दिया है जिसका इतिहास भारत को गुलाम बनाने का रहा है।



उन्होंने आगे कहा कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं की धज्जियां उड़ाते हुए राहुल गांधी ने इस बात को लेकर खेद व्यक्त किया कि, क्यों विदेशी ताकतें आकर भारत पर धावा नहीं बोलती हैं? उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर राहुल गांधी का द्वेष अब भारत के प्रति द्वेष में बदल चुका है।

**मांग** | **नासिक से मुंबई तक 203 किमी का सफर, प्याज पर एमएसपी की मांग**

# किसानों का पैदल मार्च, जैसे सड़क पर ड्रैगन चल रहा

**नासिक (एजेंसी)**

नासिक के डिंडोरी से करीब दस हजार किसान पैदल चलकर मुंबई के आजाद मैदान में प्रदर्शन करने जा रहे हैं। सोमवार से शुरू हुआ किसानों का पैदल मार्च बुधवार को कसारा घाट से गुजरा। यहां ड्रोन से देखने पर ऐसा लगा मानो सड़क पर ड्रैगन चल रहा हो। ये किसान, आदिवासियों को जमीन पर हक, प्याज पर एमएसपीऔर कर्जमाफी की मांग कर रहे हैं। डिंडोरी से मुंबई का आजाद मैदान 203 किलोमीटर दूर है। किसान रोज 25 किलोमीटर पैदल चलते हैं। चलते समय अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाते हैं। जहां रुकते हैं, वहीं चूल्हा जलाकर खाना बनाते-खाते हैं और आंदोलन की रणनीति बनाते हैं। अभी किसान मुंबई से करीब 100 किलोमीटर दूर हैं। किसानों को 20 मार्च को मुंबई पहुंचकर प्रदर्शन करना है। किसान नेताओं की प्रशासन से बात भी चल रही है। प्रशासन से मांगे पूरी होने का आश्वासन लगातार मिल रहा है, लेकिन किसान नेता सरकार से मांगे पूरी करने की घोषणा करने को कह रहे हैं। अखिल भारतीय किसान सभा और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की अगुआई में निकाले जा रहे मार्च में किसानों के साथ लेफ्ट पार्टी के जेपी गावित, अजित नवले जैसे नेता और नासिक जिले के आदिवासी बहुल बागलान, कलवन, डिंडोरी तहसील के आदिवासी, मजदूर भी हैं।



### कानून व्यवस्था और ट्रैफिक प्लान की तैयारी

डीसीपी किरण कुमार चव्हाण ने बताया कि हमने लॉ एंड ऑर्डर बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस फोर्स तैनात किया है। ट्रैफिक प्रभावित न हो, इसलिए सड़क पर दो रूट बनाए गए हैं।

### सरकार से सिर्फ आश्वासन मिला, न्याय नहीं

अखिल भारतीय किसान सभा की महाराष्ट्र इकाई के महासचिव अजीत नवाले ने कहा- प्याज के दाम जब भी गिरे, किसानों को सरकार से सिर्फ आश्वासन मिला, न्याय नहीं। हम दूध उत्पादकों के मुद्दे उठाते रहे हैं, लेकिन सरकार केवल आश्वासन दे रही है। किसान न्याय के लिए सरकार पर दबाव बनाने के मकसद से पैदल मार्च निकाल रहे हैं।

### नासिक में इस तरह का तीसरा आंदोलन

नासिक में इस तरह का यह तीसरा आंदोलन है। 2018 और 2019 में भी किसान पैदल मार्च निकाल चुके हैं। दोनों ही बार सरकार ने मांगे पूरी करने का आश्वासन देकर आंदोलन रुकवा दिया था। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को मंत्रालय में बातचीत के लिए किसानों की अगुआई करने वालों को बातचीत के लिए बुलाया था, लेकिन इसे दरकिनार कर किसान पैदल मार्च के लिए चल दिए। देश के तमाम खुदरा बाजारों में प्याज 15 से 25 रुपए प्रति किलो तक बिक रही है, लेकिन एशिया के सबसे बड़े प्याज बाजार नासिक में किसानों को इसे 2 से 4 रुपए प्रति किलो में बेचना पड़ रहा है। पिछली साल किसानों ने इस समय में प्याज 20 रुपए किलो में बेचे थे। ऐसे में यहां अब किसान इस बार फायदा नहीं, नुकसान का हिसाब लगा रहे हैं।

# विविध क्षेत्रों में मुकाम हासिल करने वाली महिलाओं का हुआ सम्मान

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ समारोह**

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एम.यू फाउंडेशन की ओर से बुधवार को हाईकोर्ट के सामने स्थित होटल डायमंड में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत विविध क्षेत्रों में मुकाम हासिल करने वाली महिलाओं को रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान 2023 दिया गया। मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ की महापौर संयुक्ता भाटिया मौजूद रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ भरतनाट्यम नृत्यांगना डॉ. संगीता चौबे के नृत्य निर्देशन में गणेश वंदना से हुआ। उसके बाद हो शुभारंभ हे शुभारंभ मंगल बेला आई... पर मनमोहक प्रस्तुति हुई। अगले चरण में महिलाओं को समर्पित विशेष प्रस्तुति ओ री चिरैया... और अंत डांस मैशप से हुआ। इन प्रस्तुतियों में आद्या शुक्ला, भूमि कश्यप, काव्या यादव, शिवांगी श्रीवास्तव, सियोना पांडेय और रूद्राणी घोषाल ने नृत्य पेश कर तालियां बटोरीं। कार्यक्रम के अगले


रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान समारोह के दौरान नृत्य की विभिन्न प्रस्तुतियों ने मन मोहा

प्रसून में रानी लक्ष्मी बाई अवार्ड दिए गए जिसके अंतर्गत डॉ. संगीता चौबे व विधि अग्रवाल को परफार्मिंग आर्ट में, डॉ. सितवार खान, डॉ. गीता खन्ना, डॉ. अस्मिता सिंह, डॉ प्रियंका तिवारी, डॉ. विनीता द्विवेदी को हेल्थ एंड मेडिकल में, संगीता राय, डॉ. अर्चना छाबरा, प्रिया मिश्रा, गरिमा सिन्हा, डॉ. निलोफर शाह, तस्नीम जमाली, गीतांजलि नायर, रिचा, शहनाज परवीन, मारिया सिद्दीकी, अजीज फातिमा को सोशल वर्क में, सीमा मोदी, इशिका अरोरा, दिशा बाजपेयी को फिल्म में, विधि अग्रवाल, सुनीता गांधी, मृदुला मिश्रा, डॉ. प्रगति मिश्रा को एजुकेशन में, ज्योति, मीनाक्षी पचीरिया को बिजनेस में, प्रमिला मिश्रा को एडवोकेसी में, असमा हुसैन को फैशन डिजायनिंग में, दीप्ती सिंह को एडमिनिस्ट्रेशन में, तो अनु अवस्थी को सिविल डिफेंस व तरन्नुम एहसान को हेल्थ व वेलनेस श्रेणी में सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद महापौर लखनऊ संयुक्ता भाटिया ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि नव दुर्गा का रूप वाली हम महिलाओं का सम्मान एक दिन नहीं बल्कि सदैव होना चाहिए। इस अवसर पर कार्यक्रम की आयोजक एम.यू फाउंडेशन की अध्यक्ष सबीहा अहमद ने कहा कि हम लोग गरीब बच्चों के स्वास्थ्य व शिक्षा की दिशा में लगातार काम कर रहे है।

# यूपी शासन ने 2 जिलों में 2 नए थानों को दी मंजूरी

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश शासन ने प्रदेश के 2 जिलों में 2 नए थानों की स्थापना को मंजूरी दे दी है। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद की ओर से इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं। इनमें जनपद एटा के तहसील अलीगंज में स्थापित महिला पुलिस चौकी,परामर्श केन्द्र को उच्चीकृत कर नवीन महिला थाना अलीगंज एवं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के थाना क्षेत्र साहिबाबाद के अन्तर्गत पुलिस थाना शालीमार गार्डन बनाये जाने के आदेश निर्गत कर दिये गये है। प्रमुख सचिव, गृह संजय प्रसाद ने बताया कि यह निर्णय इस क्षेत्र में शांति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने, अपराधों पर और अधिक प्रभावी तरीके से अंकुश लगाये जाने, महिलाओं एवं जन-सामान्य को और अधिक सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से लिया गया है। प्रदेश के जनपद एटा के तहसील अलीगंज में स्थापित महिला पुलिस चौकी,परामर्श केन्द्र को उच्चीकृत कर नवीन महिला थाना अलीगंज की स्थापना एवं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के थाना क्षेत्र साहिबाबाद के अन्तर्गत पुलिस थाना शालीमार गार्डन की स्थापना के संबंध में आवश्यक कार्यवाही प्राथमिकता से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये है। इन नवीन थानो में जनशक्ति,पदों के सृजन आदि के संबंध में निर्देश पृथक से निर्गत किये जायेगें। इससे अधिक से अधिक आबादी की पुलिसिंग व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरूस्त व सुदृढ़ बनाया जा सकेगा।

## पीजीआई मे प्रसव प्रक्रिया हेतु तीन दिन का होगा सम्मेलन, देशभर से नर्सिज होगीं शामिल

**लखनऊ समृद्धि न्यूज**। प्रसव प्रक्रिया एक महिला के लिए जीवन का अत्यंत महत्वपूर्ण समय होता है। जो कि महिला के मातृत्व जीवन को खुशहाल बनाता है। सही समय पर चिकित्सकीय परामर्श और स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिलने के कारण देश में हर वर्ष लाखों महिलाओं एवं नवजात शिशुओं की गर्भावस्था एवं प्रसव प्रक्रिया में मृत्यु हो जाती है। गर्भावस्था के दौरान नियमित व उचित चिकित्सीय परामर्श न मिलने के कारण लिए कई बार महिलाओं को आकस्मिक परिस्थितियों में जटिल आपरेशन प्रक्रिया से भी गुजरना होता है। प्रसव प्रक्रिया में मिडवाइफके महत्वपूर्ण योगदान को ध्यान रखते हुए मां और बच्चे के स्वास्थ्य के लिए सामान्य प्रसव को बढ़ावा देने हेतु ष्मिडवाइफ को पुनः लाना विषय पर एक तीन दिवसीय सम्मेलन का आयोजन सोसाइटी ऑफमिडवाइफएवं नर्सिंग कालेज संजय गांधी स्नातकोत्तर चिकित्सा संस्थान लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में 17 से 19 मार्च को किया जायेगा। इस सम्मेलन में देश भर से नर्सिज एवं मिडवाइफप्रतिभाग कर रही है। वहीं अब तक चार सौ (400) से अधिक नर्सेज एवं मिडवाइफने प्रतिभाग हेतु अपना रजिस्ट्रेशन भी करवा लिया है। सम्मेलन का आयोजन श्रुति ऑडिटोरियम संजय गांधी स्नातकोत्तर चिकित्सा संस्थान लखनऊ में होगा। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री ब्रजेश पाठक के साथ प्रो आर के धीमन निदेशक पीजीआई शामिल होंगे। तीन दिवसीय सम्मेलन में राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर के शोध पत्र प्रस्तुत किये जायेगे। सम्मेलन में मिडवाइफ के कार्यो को भी प्रस्तुत किया जायेगा। इसका मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश राज्य की किशोरियों को सामान्य प्रसव प्रक्रिया के बारे में आवश्यक जानकारी प्रदान कर उन्हें जागरूक करना है।

## खबरें एक नजर में

### हम्माद नगरामी अमीरुउद्दौला इस्लामिया डिग्री कॉलेज के पर्यवेक्षक नियुक्त

लखनऊ। अमीरुउद्दौला इस्लामिया डिग्री कॉलेज की प्रबंधन समिति के वरिष्ठ सदस्य हम्माद अनीस नगरामी को कॉलेज के शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। कॉलेज के विकास और कल्याण के लिए अहम कदम उठाते हुए कॉलेज के सहायक प्रबंधक सै0 अतहर नबी एडवोकेट ने यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया । उन्होंने कहा कि अमीरुउद्दौला इस्लामिया कॉलेज लखनऊ का पुराना अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान है। इस महाविद्यालय के विकास और सर्वोत्तम शिक्षा सेवाओं में अग्रणी बनाने के लिए दिन-प्रतिदिन महत्वपूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं। इस संबंध में वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य हम्माद अनीस नगरामी को कॉलेज के शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के पर्यवेक्षक का जिम्मा सौंपा गया है । गौरतलब है कि हम्माद अनीस नगरामी वर्तमान मे सुन्नी इंटर कॉलेज कमेटी के कोषाध्यक्ष और लखनऊ इंस्टीट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी के प्रशासी निदेशक जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत हैं। उन्होंने अपनी इस नई जिम्मेदारी को स्वीकार करते हुए कहा कि वह अमीरुउद्दौला इस्लामिया डिग्री कॉलेज को विकास के पथ पर ले जाने और पठन-पाठन की प्रक्रिया को और भी सुव्यवस्थित बनाने का हरसंभव प्रयास करेंगे। कॉलेज के सभी शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने इस फैसले पर खुशी जाहिर की है।

### मस्जिदों से न हटाए जाएं निर्धारित आवाज वाले लाउडस्पीकर यूपी अल्पसंख्यक आयोग ने लिखा पत्र

लखनऊ । उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अशफाक सैफी ने प्रदेश शासन को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने कहा है कि 23 मार्च से रमजान शुरू हो रहा है। कई जिलों से शिकायतें आ रही हैं कि निर्धारित आवाज के बावजूद लाउडस्पीकर उतारे जा रहे हैं। निर्धारित आवाज वाले लाउडस्पीकर मस्जिद से न हटाए जाएं। ईदगाह और मस्जिदों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था की जाए। रमजान को लेकर यूपी अल्पसंख्यक आयोग ने लिखा पत्र, मस्जिदों के लाउडस्पीकर, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई को लेकर पत्र, 23 मार्च से शुरू हो रहा है पवित्र रमजान-अल्पसंख्यक आयोग, मुसलमानों के लिए रमजान इबादत का महीना- आयोग।

### ईपीएस-95 एजीटेशन कमेटी का मांगों को लेकर राजधानी में जोरदार प्रदर्शन

लखनऊ। अपनी लंबित मांगों को लेकर ईपीएस-95 एजीटेशन कमेटी के सैकड़ों सदस्यों ने राजधानी सहित कई जिलों के मुख्यालयों पर एक ही समय पर एक साथ जोरदार प्रदर्शन किया। साथ ही अपनी लबित मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को दिया। ईपीस के वद्ध पेंशनरों ने अपनी मांगों के प्रति ध्यान आकर्षित करने के लिये राजधानी के चारबाग बस अड्डे पर रास्ता रोको आन्दोलन किया। एजीटेशन कमेटी के मंडल अध्यक्ष राजेश तिवारी के अनुसार राजधानी सहित कई जिलों में रास्ता रोको आंदोलन किया गया। सरकार द्वारा मांगों को अनसुना करने व वृद्ध पेंशनरों की अन्य समस्याओं को लेकर मजबूरी में प्रदर्शन किया गया। उन्होने बताया कि उनकी अन्य मांगों के साथ न्यूनतम पेंशन को रू0 7500- के साथ मंहगाई भत्ता दिया जाय। पेंशनर्स पति-पत्नि दोनों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा दी जाय साथ ही ईपीएस-05 के वंचितों को रू0 5000- पेंशन दी जाय। साथ ही पूर्व में किये गये वादों को नियमानुसार पूरा किया जाय। इस अवसर पर बड़ी संख्या में वृद्ध पेंशनरों ने प्रदर्शन व रास्ता रोको आंदोलन में भाग लिया।

### 'मिसेज यूनिवर्स-2023' रनर-अप प्रिया श्रीवास्तव का राजधानी में जोरदार स्वागत




**लखनऊ समृद्धि न्यूज**। 'मिसेज यूनिवर्स-2023' की पांचवी रनर-अप प्रिया श्रीवास्तव का अपने गृह नगर लखनऊ में गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। पिछली चार फरवरी को बुल्गारिया के सोफिया शहर में हुई 'मिसेज यूनिवर्स-2023' में पांचवा स्थान हासिल करने वाली प्रिया इस सफलता को प्राप्त करने के बाद पहली बार अपने गृह जनपद लखनऊ आई थी। पेशे से आर्टिस्ट, इनफ्लूएंसर, एंटरप्रेन्योर, विडियो क्रिएटर के साथ-साथ अब प्रिया एक बेहतरीन मॉडल भी हैं। राजधानी में हुये स्वागत से गदगद मिसेज यूनिवर्स फिफ्त रनर-अप प्रिया ने कहा कि ''किसी भी लक्ष्य को हासिल करना उस वक्त बहुत आसान हो जाता है, जब उस लक्ष्य को पाने के लिऐ सच्ची लगन से मेहनत की जाती है। मैने भी इस खिताब को हासिल करने के लिये दिन रात मेहनत की है। रोजाना प्रैक्टिस किया करती थीं, अपनी बॉडी पर ध्यान देने के साथ और कई बातों का ध्यान रखना पड़ता था।''प्रिया ने आगे बताया कि '' मिसेज यूनिवर्स कांटेस्ट के दौरान भी मुझे कई बड़े राउंड से गुजरना जिसमे इंट्रोडक्शन राउंड, डोमेस्टिक वायलेंस फोरम राउंड, नेशनल कॉस्ट्यूम राउंड, और फिनाले राउंड आदि थे और एक के बाद एक राउंड को पार करने के बाद मैं अपनी मं?िल तक पहुंचने में कामयाब हुई और इस फिफ्त रनरअप खिताब को अपने नाम किया।'' प्रिया ने इंटरनेशल वूमेन दिवस को लेकर भी बाकी महिलाओ को लिए एक संदेश दिया की किसी भी कामयाबी को हासिल करने की कोई उम्र नहीं होती हर उम्र अपने सपनो को पूरा कर सकते है और आगे बढ़ सकते है बस आपने अपनी मेहनत पर ध्यान देना है और अपने लक्ष्य के प्रति कार्य करना है, फिर देखना मंजिल खुद तुम्हारे कदम चूमेगी। प्रिया ने बताया की महिलाओ में इतनी शक्ति है की वो परिवार को देखने देखने के साथ अपने सपनो को भी पूरा कर सकती है।

# बेसिक शिक्षा मंत्री आवास के बाहर 69 हजार शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों का प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में 69000 सहायक शिक्षक भर्ती में आरक्षण की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के घर के बाहर प्रदर्शन किया। बुधवार सुबह बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के जुटने के बाद पुलिस एक्टिव हुई। हंगामे को देख पुलिस ने सभी प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर ईको गार्डन ले गई। यहां भी प्रदर्शनकारियों ने जमकर हंगामा किया।69000 शिक्षक भर्ती के मामले में ओबीसी आरक्षण के नियमों की अनदेखी की गई थी। आयोग के हस्तक्षेप के बाद सरकार ने माना था कि इसमें चूक हुई है। बाद में इस वर्ग के 6800 अभ्यर्थियों की अलग से लिस्ट जारी करके सरकार ने भर्ती करने की बात कही। इस बीच पूरा मामला कोर्ट पहुंचा, सोमवार को हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच के सिंगल जज की बेंच ने निर्णय देते हुए 6800 अभ्यर्थियों की लिस्ट खारिज कर दी। ओबीसी वर्ग के इन अभ्यर्थियों का कहना है कि सरकार और अफसरों की तरफ से कोर्ट में लचर पैरवी की गई थी। जिसका नतीजा रहा कि निर्णय हमारे खिलाफ रहा। अब सरकार ढुल मूल रवैया अपना



रही है। अभ्यर्थियों का कहना था कि हम शांतिपूर्ण तरीके से सुबह बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के आवास पर पहुंचे थे। हम मंत्री से मिलकर अपनी बात रखना चाह रहे थे। मंत्री संदीप सिंह भी हमारे ही यानी व्ठब् वर्ग से ही जुड़े हैं। बावजूद इसके उन्होंने हम लोगों से मिलना भी मुनासिब नहीं समझा। हमें पहले यह बताया गया कि शिक्षा मंत्री वाराणसी में हैं और बाद में हमारे सामने दूसरे गेट से सुरक्षा गाड्र्स के मौजूदगी में वो निकल गए और हमारी बात सुनी तक नहीं।

# अवैध निर्माण पर एलडीए की कार्रवाई सील बिल्डिंग में चल रहा था निर्माण

**ध्वस्तीकरण का आदेश**

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

सील बिल्डिंग में बिना अनुमति निर्माण कराने वालों एलडीए की कार्रवाई तेज हो गई है। बुधवार को ऐसे ही निर्माण पर बिल्डिंग सील करने की कार्रवाई करते हुए उसके खिलाफध्वस्तीकरण का बिल्डिंग को सील करने का आदेश दिया है। वीसी के आदेश के बाद आलमबाग, आशियाना व पीजीआई थानाक्षेत्र में आवासीय भू-उपयोग के विपरीत किए जा रहे चार अवैध निर्माणों को सील किया गया। इसके अलावा बीकेटी में सीतापुर रोड पर फौजी ढ़ाबे के बगल में चल रही अवैध प्लाटिंग पर प्रवर्तन टीम द्वारा बुलडोजर चलाकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि विक्की तिवारी, विजय शुक्ला तथा अंशू बाजपेयी द्वारा आलमबाग के पटेल नगर में स्वीकृत मानचित्र के विपरीत सेटबैक को कवर्ड किया गया। इस दौरान अवैध निर्माण कराया जा रहा था। सील को खोलकर चोरी-छिपे निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस पर अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण आदेश पारित किया गया है। नियमानुसार बिल्डर को अवैध निर्माण स्वत तोड़ने का समय दिया गया है। निर्धारित अवधि में बिल्डर द्वारा आदेशों का अनुपालन न किए जाने पर प्राधिकरण द्वारा ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कराई जाएगी। जोनल अधिकारी गौरव कुमार ने बताया कि बीकेटी में सीतापुर रोड स्थित फौजी ढ़ाबे के बगल में लगभग 4 बीघा जमीन पर अवैध रूप से सड़क, नाली व कार्यालय आदि बनाकर प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। जिसके विरूद्ध विहित न्यायालय में वाद योजित किया गया था। इसमें विपक्षी द्वारा कोई स्वीकृत मानचित्र पेश नहीं किया गया। स्थल पर भूखण्ड सृजित करने का कार्य कराया जाता रहा। इस पर विहित न्यायालय द्वारा ध्वस्तीकरण आदेश पारित किए गए थे। इसके अनुपालन में सहायक अभियंता अनिल कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता अम्बरीश शर्मा द्वारा प्राधिकरण पुलिस बल के सहयोग से स्थल पर किए गए समस्त निर्माण को ध्वस्त करा दिया गया

## दबंगों को नहीं है खाकी का खौफ

**समृद्धि न्यूज**

लखनऊ। बुलंदशहर में थाने जा रहे दारोगा के पीछे गांव में कुत्ता छोड़ दिया।इस घटनाक्रम का विरोध जताने पर चार आरोपियों ने दरोगा के साथ अभद्रता और हाथापाई करते हुए उसकी वर्दी फाड़ दी। दरोगा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित दारोगा ने फौरन थाना खानपुर को फोन करके अपने ऊपर हुए हमले की जानकारी दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीन ने फौरन मौके पर मौजूद एक युवक को अपनी हिरासत में ले लिया। अन्य आरोपी अभी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। इस गांव में पहले भी पुलिस के साथ मारपीट की घटनाएं हो चुकी हैं।

# रोडवेज कार्मिकों महंगाई भत्ता बढ़ा, संघ ने जताई खुशी

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश रोड़वेज कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राकेश सिंह और प्रतिनिधि मण्डल ने महंगाई भत्ते सहित कई मांगों पर पिछले दिनों परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से मुलाकात कर समस्याओं के समाधान की मांग रखी थी। इस पर आज परिवहन मंत्री की पहल पर रोड़वेज कार्मिकों को 11 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिये जाने पर मुहर लगा दी गई। अब परिवहन कार्मिकों को 28 प्रतिशत महंगाई भत्ता प्राप्त होगा। इससे निगम के 18000 कार्मिकों को लाभ मिलेगा। संघ के अध्यक्ष राकेश सिंह ने इसके लिए परिवहन मंत्री, प्रमुख सचिव, प्रबंध निदेशक का आभार जताते हुए संघ द्वारा प्रस्तुत की गई अन्य जायज मांगों पर शीघ्र निर्णय लिये जाने की मांग की है। राकेश सिंह ने बताया कि 15 मार्च 2023 को एंपावर्ड कमेटी की बैठक में अपर प्रबंध निदेशक श्रीमती अन्नपूर्णा गर्ग एवं वित्त नियंत्रक संजय सिंह उपस्थित में 11 प्रतिशत महंगाई भत्ता परिवहन निगम कर्मियों को देने का निर्णय लिया गया। अब कुल महंगाई भत्ता निगम कर्मियों को 28 प्रतिशत मिलेगा। उन्होंने बताया कि अभी भी राज्य कर्मचारियों से परिवहन निगम कर्मचारी महंगाई भत्ते में काफी पीछे हैं। इसके लिए 10 प्रतिशत महंगाई भत्ता का प्रस्ताव बोर्ड से पास कराके शासन को भेजा गया है। उस पर फैसला होना बाकी है। उन्होने बताया कि बैठक के दौरान परिवहन मंत्री ने परिवहन निगम के संविदा कर्मियों को 2001 से नियमितीकरण के लिए भी आश्वस्त किया गया था। जिसका आदेश अभी तक निर्गत नहीं हुआ है। परिवहन निगम के ऊपर पड़ने वाला टैक्स जो कि लगभग प्राइवेट ऑपरेटर से 6 गुना ज्यादा है। उसकी भी बराबरी के लिए मुख्यमंत्री को पत्र दिया गया है। उस पर जल्द ही इस पर भी कार्यवाही की अपेक्षा संघ द्वारा की जा रही है।

# विधानमंडल पेंशनर संस्थान का होली मिलन आयोजित

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

लखनऊ की विश्व प्रसिद्ध भूलभुलैया के पास स्थित लेटे हनुमान जी मंदिर मैं आयोजित विधानमंडल पेंशनर संस्थान के होली मिलन समारोह में हनुमान जी की आरती के उपरांत महंत जी ने सभी को शुभ आशीर्वाद दिया गया एवं मंदिर की महत्ता बताई। डॉ सी पी शर्मा चेयरमैन सम्मानित सदस्यगण, राज्य विधान मंडल पेंशनर्स संस्थान के कल लखनऊ की विश्व प्रसिद्ध भूलभुलैया के नजदीक स्थित पातालपुरी में लेटे हुए हनुमान जी मंदिर में हुए होली मिलन समारोह मैं मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा के उद्बोधन, कवि सम्मेलन, हनुमान आरती एवं भोग प्रसादी में आप सभी को निश्चित रूप से मानसिक एवं दिव्य अलौकिक शक्ति का आभास अवश्य हुआ होगा। हममें से 99: लोग जीवन भर लखनऊ में रहते हुए भी अब मंदिर के दर्शन पहली बार कर पाए होंगे। इसमें जो भी भक्त गण भाव से आए होंगे उन्हें पुण्य की अवश्य प्राप्ति होगी। आपने आकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई, इसी प्रकार अपना सहयोग बनाए रखिए, हम आप सभी का संस्थान की ओर से आभार व्यक्त करते हैं। डॉ सी पी शर्मा,चेयरमैन, डॉ हरि प्रकाश हरि महासचिव प्रभारी, डॉ दिनेश चंद्र अवस्थी संस्थापक एवं मार्गदर्शक।

## बिजली कर्मचारियों ने किया कार्य बहिष्कार, निजीकरण रोकने और चेयरमैन को हटाने की कर रहे मांग

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

बिजली कर्मचारियों ने चेयरमैन को हटाने, निजीकरण रोकने और पुरानी पेंशन समेत कई मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार किया है। नियमित और संविदा मिलाकर करीब 50 हजार से ज्यादा कर्मचारी विभिन्न जिलों में प्रदर्शन कर रहे है। 23 साल बाद कल यानी 16 मार्च से हड़ताल करने का कर्मचारियों ने फैसला किया है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि लिखित आश्वासन के बाद भी सरकार हमारी मांगों को पूरा नहीं कर रही है। ऐसे में कर्मचारियों ने 16 मार्च से हड़ताल पर जाने का फैसला किया है। बिजली कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति का आरोप है कि 3 दिसंबर 2022 को मांगों को लेकर ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने पूरा करने का आश्वासन दिया था। इसको लेकर लिखित समझौता हुआ था। मगर, तीन महीने बीत जाने के बाद कॉर्पोरेशन प्रबंधन और मंत्री दोनों अपनी बात से मुकर रहे है। समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि हमारी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो आंदोलन अभियान शुरू करेंगे। प्रदेश में पिछले 23 साल से हड़ताल नहीं हुई है। ऐसे में अब आर-पार की लड़ाई का समय है। कर्मचारी चेयरमैन एम देवराज को हटाने की मांग कर रहे है। उसके अलावा सभी निगम का एकीकरण समेत कई मांगों को रखा गया है। 9 साल, कुल 14 वर्ष एवं कुल 19 वर्ष की सेवा के बाद तीन प्रमोशन वेतनमान दिया जाए। निर्धारित चयन प्रक्रिया के तहत चेयरमैन, प्रबन्ध निदेशकों व निदेशकों के पदों पर चयन किया जाए। बिजलीकर्मियों को कैशलेस इलाज की सुविधा प्रदान की जाए। ट्रांसफॉर्मर वर्कशॉप के निजीकरण के आदेश वापस लिए जाए। 765/400/220 केवी विद्युत उपकेन्द्रों को आउटसोर्सिंग के माध्यम से चलाने का निर्णय रद्द किया जाए। पारेषण में जारी निजीकरण प्रक्रिया निरस्त की जाए। आगरा फ्रेंच्वाईजी व ग्रेटर- नोएडा का निजीकरण रद्द किया जाए। ऊर्जा कर्मियों की सुरक्षा के लिए पावर सेक्टर इम्प्लॉइज प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए। तेलंगाना, पंजाब, दिल्ली व उड़ीसा सरकार के आदेश की भांति ऊर्जा निगमों के समस्त संविदा कर्मियों को नियमित किया जाए। बिजली कर्मियों को कई वर्षों से लम्बित बोनस का भुगतान किया जाए। भ्रष्टाचार एवं फिजूलखर्ची रोकने हेतु लगभग 25 हजार करोड़ के मीटर खरीद के आदेश रद्द किए जाए व कर्मचारियों की वेतन विसंगतियां दूर की जाए।

# विद्युत व्यवधान उत्पन्न करने व कानून हाथ में लेने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई: ए.के. शर्मा



**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

**पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने दो घंटा अतिरिक्त कार्य करने का दिया आश्वासन**

प्रदेश के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने कार्य बहिष्कार पर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने आंदोलनकारी हठधर्मी नेताओं को यह स्पष्ट किया कि विद्युत व्यवधान उत्पन्न करने व आमजन को परेशानी पैदा करने वाले या कानून को हाथ में लेने वालों से अब सख्ती से निपटा जाएगा। पॉवर ऑफिसर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट कर वार्ता की। वार्ता के दौरान एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने मंत्री को आश्वस्त किया कि उनका संगठन ह?तालियों के साथ नहीं है और प्रदेश में विद्युत व्यवस्था को सुचारू बनाये रखने के लिए पूरा सहयोग देंगे।उत्तर प्रदेश पॉवर ऑफिसर एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने बताया कि बिजली कंपनियों का एक संगठन कार्य बहिष्कार व हड़ताल कर रहा है।

इसके मद्देनजर सुबह से ही एसोसिएशन के लगभग एक हजार से ज्यादा अभियंता, जिसमें अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, लेखाकार व कार्मिक प्रदेश के उपभोक्ताओं की विद्युत व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए अपना पूर्ण योगदान देंगे। एसोसिएशन के केंद्रीय पदाधिकारियों ने अपने बिजली कंपनियों के सदस्यों को यह निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को कोई भी समस्या न उठानी पड़े चाहे इसके लिये उन्हें 24 घंटे काम क्यों न करना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं सतत चलती रहेंगी और विद्युत उपभोक्ताओं को किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं होने देंगे। एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष ने यह भी बताया कि हड़ताल के मद्देनजर केंद्रीय पदाधिकारियों की देखरेख में एसोसिएशन 24 घंटे के लिए अपना एक कंट्रोल रूम स्थापित करने जा रहा है। जो वास्तविक स्थिति पर पूरी तरीके से नजर बनाए रखेगा।मंत्री से बताया कि ऑफिसर एसोसिएशन के सदस्य, प्रदेश के दलित व पिछड़े वर्ग के अभियंता कार्मिक अपने को कार्य बहिष्कार व हड़ताल से अलग रखते हुए सरकार की नीतियों को पूर्व की भांति आगे बढ़ा रहे हैं और यह भी आश्वासन दिए हैं कि बिजली व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में वह पूरी निष्ठा से कार्य करते रहेंगे।

# पहली अप्रैल से यूपी में चलेगा संचारी रोग नियंत्रण महाअभियान, मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

योगी सरकार संचारी रोगों से बचाव के लिए एक अप्रैल से विशेष महाअभियान चलाएगी। इसके बाद 17 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलेगा। बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस सम्बंध में एक उच्चस्तरीय बैठक में आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने मुख्य सचिव को निर्देशित करते हुए कहा है कि संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव के साथ समन्वय बैठक करें और संचारी रोग नियंत्रण अभियान की तैयारियों का जायजा लें। साथ ही जनसहभागिता के साथ इस अभियान को आगे बढ़ाएं। हर साल तीन चरणों में चलाया जाना वाला संचारी रोग नियंत्रण अभियान इस वर्ष का पहला चरण होगा, जो 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा। इंसेफेलाइटिस, डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया और कालाजार जैसी संक्रामक बीमारियों के खिलाफ प्रदेश के सभी 75 जिलों में यह अभियान चलाया जाएगा। सरकार दस्तक अभियान के माध्यम से संक्रामक और जल जनित बीमारियों पर वार करेगी। स्वास्थ्य विभाग की अगुवाई में चलाए जाने वाले दोनों अभियानों




को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। 12 विभागों के समन्वय से चलाए जाने वाले इन अभियानों को लेकर कार्य योजना बना ली गई है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में एक साथ चलाए जाने वाले इस अभियान के तहत विभिन्न तरह की गतिविधियां संचालित की जाएंगी।संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में साफ सफाई और जलभराव निस्तारण की व्यवस्था पर ध्यान दिया जाएगा। विद्यालयों में रोगों से बचाव और रोकथाम के लिए जागरूकता से संबंधित गतिविधियां अयोजित की जाएंगी। मच्छर, चूहे, छछूंदर पर नियंत्रण को लेकर गतिविधियां संचालित होंगी। इसके अलावा पशु बाड़ों और सूकर बाड़ों को आबादी से दूर स्थापित करना तथा साफ सफाई की व्यवस्था को लेकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। दस्तक अभियान के तहत मेडिकल टीमें घर-घर जाकर संक्रामक रोगों से ग्रसित मरीजों की पहचान करेंगी। इस टीम में आशा वर्कर के साथ-साथ स्वास्थ्यकर्मी भी शामिल रहेंगे। टीम की मदद से रोगियों को चिन्हित कर उन्हें दवा दी जाएगी और जरूरी होने पर अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा। दस्तक अभियान के दौरान कुपोषित बच्चों की जानकारी भी इकट्ठा की जाएगी। इसके अलावा टीबी के लक्षण वाले मरीजों को खोजकर उनकी जांच कराई जाएगी। हाई रिस्क क्षेत्रों व दस्तक अभियान के दौरान घर-घर टीमों के के सर्वेक्षण के आधार पर चिन्हित क्षेत्रों में फॉगिंग की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किए गए विशेष प्रयासों के कारण प्रदेश में जापानी इंसेफ्लाइटिस (जेई) व एक्यूट इंसेफ्लाइटिस सिंड्रोम (एईएस) पर प्रभावी ढंग से काबू किया गया है। ऐसे में वायरस व बैक्टीरिया जनित बीमारियों से बचाव के लिए अभियान समय-समय पर चलाया जा रहा है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा ग्राम्य विकास, पंचायतीराज, कृषि एवं सिंचाई और पशुपालन विभाग सहित अन्य विभागों के साथ मिलकर हर वर्ष यह अभियान चलाया जाता है।

# नैक ग्रेडिंग की तैयारी की तैयार कराएं पुस्तक, विश्वविद्यालयों को दें : राज्यपाल

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से बुधवार को राजभवन में ए प्लस प्लस नैक ग्रेडिंग प्राप्त चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ की कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला तथा नैक तैयारियों के लिए गठित विश्वविद्यालय की टीम के सदस्यों ने मुलाकात की। राज्यपाल ने टीम के सभी सदस्यों से समस्त क्राइटेरिया वाइज तथा विश्वविद्यालय की समस्त गुणवत्ता सुधार के लिए की चरणबद्ध तैयारियों, समग्र योगदानों पर पुस्तक तैयार करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि ये पुस्तक नैक ग्रेडिंग की तैयारी कर रहे समस्त विश्वविद्यालयों को प्रेषित की जाए, जिससे वे कार्यों की जानकारी प्राप्त कर विश्वविद्यालय की गुणवत्ता सुधार कर नैक हेतु बेहतर तैयारी कर सकें। राज्यपाल ने टीम के सभी सदस्यों को प्रदत्त जिम्मेदारियों को सफलतापूर्वक सम्पन्न करके उपलब्धिपरक सफलता प्राप्त करने के लिए बधाई देते हुए कहा कि वे अपने कार्यों को यथावत करते रहें, जिससे पांच साल बाद पुन: नैक ग्रेडिंग के अवसर पर उन्हें कोई भी अतिरिक्त प्रयास न करने हो। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर को



राज्यपाल से मिली ए ग्रेड प्राप्त चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ की नैक ग्रेडिंग हेतु तैयारियां करने वाली टीम

स्वच्छ रखने और शैक्षिक गुणवत्ता में उत्तरोत्तर प्रगति के साथ गुणवत्ता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।राज्यपाल ने नैक तैयारियों हेतु क्राइटेरिया वाइज गठित विश्वविद्यालय की टीम के प्रत्येक सदस्य से तैयारियों और नैक की पियर टीम के भ्रमण के अनुभव भी पूछे। कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला ने राज्यपाल को बताया कि राजभवन में नैक तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा और राज्यपाल से प्रत्येक बिंदु पर समुचित दिशा-निर्देश ने विश्वविद्यालय की तैयारियों को उच्चतम गुणवत्ता तक पहुंचाया। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त राज्यपाल के प्रयास से नैक मंथन कार्यशाला में प्रतिभागिता, पूना में भ्रमण, राजभवन में 20 देशों के भारतीय राजदूतों से मुलाकात और विचार-विमर्श जैसी गतिविधियों से विश्वविद्यालय में नैक क्राइटेरिया में वांछित गुणवत्ता से भी कहीं अधिक गुणवत्ता सुधार कर सकने की क्षमता हुई। बैठक में विशेष कार्याधिकारी शिक्षा पंकज जॉनी, विश्वविद्यालय की टीम तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

# खाद्य तथा रसद राज्यमंत्री ने किया अन्नपूर्ति एटीएम मल्टीग्रेन मशीन का शुभारम्भ

- मशीन द्वारा आसानी प्राप्त हो सकेगा खाद्यान्न

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने जानकीपुरम स्थित पंकज गिरी द्वारा संचालित उचित दर दुकान में संयुक्त राष्ट्र संघ के वर्ल्ड फूड प्रोग्राम (डब्लू.एफपी.) के सहयोग से क्रियाशील की गई, अन्नपूर्ति एटीएम मल्टीग्रेन मशीन का शुभारम्भ किया।

साथ ही कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा राशनकार्ड लाभार्थियों को उसके राशनकार्ड पर अनुमन्य खाद्यान्न, आधार आधारित व्यवस्था के माध्यम से ऑटोमेटिक व्यवस्था द्वारा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है। इससे लाभार्थियों को ऑटोमेटिक व्यवस्था के अन्तर्गत मशीन द्वारा आसानी से उन्हें अनुमन्य खाद्यान्न प्राप्त हो सकेगा। जिससे शत-प्रतिशत पारदर्शी वितरण हो सकेगा। इस मशीन से अंगूठा लगा कर तौल हो सकेगी। जिससे घटतौली की सम्भावना बिल्कुल नहीं रहेगी। हमारी सरकार नि:शुल्क राशन के




खाद्य तथा रसद राज्यमंत्री ने किया अन्नपूर्ति एटीएम मल्टीग्रेन मशीन का शुभारम्भ

अलावा विभिन्न योजनाओं से गरीबों और जरूरतमंदों को लाभान्वित किया जा रहा है। जहां पूरे विश्व में खाद्यान्न का संकट रहा है, वहीं हमारी सरकार ने लगभग 30 माह तक गरीबों को नि:शुल्क राशन बांटा गया है। राज्यमंत्री जनता से अपील की गई, जो राशनकार्ड धारक पात्र नहीं हैं। वह अपनी स्वेच्छा से अपना कार्ड सरेण्डर कर सकते हैं, ताकि इसका लाभ जरूरतमंदों को मिल सके। अब तक 8 लाख से अधिक अपात्र लोगों ने स्वेच्छा से आगे बढ़कर अपना राशन कार्ड सरेण्डर किया है। जिसका लाभ अन्य गरीबों और असहाय लोगों को मिल रहा है।इस कार्यक्रम में राज्यमंत्री 20 नए कार्डधारकों को राशनकार्ड भी प्रदान किया। जिसमें से 3 अन्त्योदय राशन कार्डधारकों को अन्नपूर्ति एटीएम मशीन के माध्यम नि:शुल्क खाद्यान्न भी वितरित किया। इसके अलावा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 20 पात्र लाभार्थियों को नवीन कनेक्शन भी प्रदान किये गये। इस अवसर पर अपर खाद्य आयुक्त अखिल कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी नागरिक एवं आपूर्ति साहब लाल, जिला पूर्ति अधिकारी सुनील सिंह, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी संतोष कुमार सिंह और खाद्य एवं रसद विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# भूतनाथ मार्केट मामले में व्यापारियों ने डीसीपी उत्तरी से मिलकर अभियुक्तों को गिरफ्तारी की मांग

समृद्धि न्यूज। लखनऊ



**भूतनाथ मार्केट** प्रकरण में व्यापारी डीसीपी उत्तरी कासिम आब्दी से मिले। जिसमें उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता, प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफ्जल, प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी, प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता, लखनऊ व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष एवं भूतनाथ व्यापार मंडल के अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, महामंत्री सोहेल हैदर अल्वी सहित कई व्यापारी उपस्थित रहे। व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने डीसीपी से अभियुक्तों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग कर, व्यापारी पर लगाए गए झूठे मुकदमे को खत्म करने को कहा है। डीसीपी उत्तरी ने व्यापारियों से 48 घंटे के अंदर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद भूतनाथ आदर्श व्यापार मंडल एवं भूतनाथ व्यापार मंडल द्वारा घोषित गुरुवार की बंदी को स्थगित करने का निर्णय लिया। वहीं कल भूतनाथ आदर्श व्यापार मंडल के अध्यक्ष कमल अग्रवाल द्वारा 72 घंटे के के लिए बंदी स्थगित करने की घोषणा की थी। व्यापारी ने कहा अगर कार्यवाही नहीं हुई तो भूतनाथ व अयोध्या रोड मार्केट को बंद करके सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन करेंगे। साथ ही संजय गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारी ज्वाइंट कमिश्नर उपेंद्र अग्रवाल से भी मिलकर, घटना की जानकारी भी दी।

## कांशीराम साहब की जयंती पर समारोह का आयोजन




लखनऊ। डॉ.अंबेडकर सामाजिक एकता मंच के तत्वाधान में मान्यवर कांशीराम साहब की जयंती पर समारोह का आयोजन बुद्ध मंदिर में मार्टिन पुरवा,हजरतगंज, लखनऊ में किया गया इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी वीरेंद्र कुमार ने मान्यवर कांशीराम साहब के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि मान्यवर कांशीराम साहब एक व्यक्ति नहीं विचारधारा हैं उनकी विचारधारा जातिगत राजनीति से नहीं बल्कि देश नीति से जुड़ी हुई है। बहुजन समाज के आर्थिक एवं सामाजिक विकास में उनका योगदान अतुलनीय व अविस्मरणीय है ऐसे महापुरुष की विचारधारा आने वाली पीढ़ी के विचारों में समाहित है। इस अवसर पर संगठन ने मांग रखी की मान्यवर कांशीराम साहब को भारत रत्न की उपाधि से अलंकृत कर उन्हें देश के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया जाए। जो देश में सामाजिक समानता का उदाहरण बन सके, इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री सूरज कुमार गौतम व कोषाध्यक्ष मनीष कुमार ने अपने विचार व्यक्त किए, कार्यक्रम में सूरज प्रसाद, आशीष कुमार श्री पाल कुरील, सुरेंद्र कुमार सहित तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें।

## चैत्र नवरात्रि के सरकारी तौर पर आयोजन संबंधी आदेश को वापस ले योगी सरकार: आइपीएफ

लखनऊ, । समाचार पत्रों की रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश सरकार इस बार चैत्र नवरात्रि पर पूरे प्रदेश में विशेष पूजा-पाठ कराएगी। सरकार की ओर से नवरात्रि में दुर्गा सप्तशती का पाठ, देवी जागरण और भजन का आयोजन कराया जाएगा। झांकियां भी निकाली जाएंगी। रामनवमी पर श्री रामचरितमानस का पाठ कराया जाएगा। इसके लिए योगी सरकार सभी जिलों के जिलाधिकारियों को एक-एक लाख रुपए उपलब्ध कराएगी। इन कार्यक्रमों में महिलाएं और छात्राएं विशेष रूप से हिस्सा लेंगी। उपरोक्त आदेश के संबंध में आल इंडिया पीपुल्स फ्रन्ट का कहना है कि नवरात्रि पर सरकारी तौर पर उक्त धार्मिक आयोजन हमारे गणराज्य की धर्म निरपेक्षता तथा संवैधानिक व्यवस्था के विपरीत है। अत: आल इंडिया पीपुल्स फ्रन्ट मांग करता है कि उत्तर प्रदेश सरकार उक्त धर्म निरपेक्षता तथा संविधान विरोधी आदेश को तुरंत वापस ले।

## बेटियों को मिला नव अंशिका तेजस्वी सम्मान

लखनऊ। बुधवार को नव अंशिका फाउंडेशन ने विभिन्न क्षेत्रों में नाम रोशन करने वाली बेटियों को सम्मानित किया। सभी को नव अंशिका तेजस्वी सम्मान दिया गया। कार्यक्रम में ऑक्सीजन मैन के नाम से मशहूर राजेश जायसवाल, रेलवे अधिकारी ज्ञानेंद्र दीक्षित और फाउंडेशन की उपाध्यक्ष नीरा लोहानी मौजूद रहीं। इस साल महिला दिवस बुधवार के दिन मनाया गया। जिस कारण फाउंडेशन ने मार्च में हर बुधवार को मिशन शक्ति कार्यक्रम आयोजित करने का फैसला लिया था। जिसमें से 1 मार्च को घरों में काम करने वाली श्रमजीवी महिलाओं का सम्मान किया गया था। वहीं 8 मार्च को वृद्ध और उपेक्षित वर्ग की महिलाओं के साथ होली मनाई गई। फाउंडेशन ने 15 मार्च को शिक्षा, खेल, कला में नाम रोशन करने वाली बेटियों को सम्मानित किया।

## इस्कॉन मंदिर लखनऊ मे श्रीमद भागवतम कथा सुनकर भाव विभोर हुए भक्त

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

इस्कॉन मन्दिर में सात दिवसीय श्रीमद भागवतम कथा मे इस्कॉन जोनल सेक्रेटरी देवकीनंदन प्रभु ने आज बलि महाराज की कथा सुनाई गई, जिसे सुनकर भक्त भाव विभोर हो गए। कथा मे इस्कॉन जोनल सेक्रेटरी देवकीनंदन प्रभु ने मुख्य रूप से भगवान के दशावतार एवं भगवान से हमारे सम्बन्ध के विषय मे बताया जो पांच प्रकार से है शांत रस मे, दास्य रस मे, सांख्य रस मे, वात्सल्य रस मे एवं माधुर्य रस में हैं। साथ ही साथ ग्राहस्थों के लिए बताया कि उन्हें यह कार्य अवश्य करने चाहिए। सुबह सूर्योदय आवाज पहले उठाकर सूर्य कि आभा एवं प्रभा का लाभ लेना, नित्य क्रिया से निवृत्त होकर स्वच्छ वस्त्र धारण कर साधना एवं भजन करना, अतिथियों का सत्कार करना तथा दान अवश्य देना चाहिए। श्रीमद भागवतम कथा के साथ भक्तों ने इस्कॉन कीर्तन एवं नृत्य का आनंद लिया।



इस्कॉन मन्दिर में सात दिवसीय श्रीमद भागवतम कथा में भक्तिभाव से कथा का श्रवण करतीं महिलाएं

## ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिये ढाई करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पर्यटकों के आकर्षित करने के लिये पारिस्थितिकीय पर्यटन के अन्तर्गत आने वाले पर्यटन स्थलों का विकास करने के लिये उप्र ईको-टूरिज्म विकास बोर्ड का गठन किया गया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में ईको-टूरिज्म के विकास के लिये 25 करोड़ रूपये का प्राविधान किया गया था, जिसके सापेक्ष 04 करोड़ रूपये की स्वीकृतियां जारी की गयी है।यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। मंत्री ने बताया कि उप्र ईको-टूरिज्म विकास बोर्ड के व्यवस्थित संचालन एवं स्थापना संबंधी कार्य के लिये वित्तीय वर्ष 2023-24 में 2.50 करोड़ रूपये की धनराशि आवंटित की गयी है।पर्यटन मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में ईको-पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये कई मनोरम एवं रमणिक प्राकृतिक स्थल है।

# आलू किसानो के हितों को लेकर योगी सरकार गम्भीर

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

- उद्यान मंत्री ने किया लखनऊ, हरदोई व फर्रूखाबाद के कोल्ड स्टोरेज का निरीक्षण
- हरदोई में उद्यान निरीक्षक एवं कानपुर में सहायक उद्यान निरीक्षक निलंबित

प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि किसानों को आलू भण्डारण में किसी प्रकार की समस्या न हो इसलिए तीन दिवसीय दौरे पर मण्डल स्तर पर अधिकारियों को भेजा गया है। यह अधिकारी कोल्ड स्टोरेज में अधिक से अधिक किसानों के आलू का भण्डारण सुनिश्चित करायेंगे। मण्डल कानपुर में निदेशक उद्यान डा आरके तोमर, बरेली मण्डल में उप निदेशक धर्मपाल यादव, आगरा मण्डल में संयुक्त निदेशक डॉ. विजय बहादूर द्विवेदी, अयोध्या मण्डल में संयुक्त निदेशक डॉ. सर्वेश कुमार, प्रयागराज मण्डल में वी.पी. राम, लखनऊ मण्डल में उप निदेशक वीरेन्द्र यादव, मेरठ मण्ड्डल में लैण्ड स्केप आर्किटेक्ट मुन्ना यादव तथा सहारनपुर मण्डल में उप निदेशक प्रवीन कुमार को भेजा गया है। मंडलों में नामित निदेशालय स्तर के अधिकारी कोल्ड स्टोर पर उत्पादकता के अनुसार किसानों के आलू भंडारण का कार्य सुनिश्चित करेंगे, ताकि ज्यादा से ज्यादा किसानों को ऑपरेशन ग्रीन योजना के अंतर्गत आलू भंडारण में 100 रूपये प्रति कुंटल की धनराशि का अनुदान भी प्राप्त हो सके। उद्यान मंत्री ने लखनऊ, हरदोई तथा फर्रूखाबाद में कोल्ड स्टोरेज का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान कोल्ड स्टोरेज एवं तैनात किये गये उद्यान कार्मिकों से आलू भण्डारण की जानकारी ली। उन्होंने लखनऊ के स्टार कोल्ड स्टोरेज, काकोरी का निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोल्ड स्टोरेज में उपस्थित किसानों से मुलाकात कर उनके द्वारा आलू भण्डारण का फीडबैक लिया। उन्होंने किसानो से कहा कि प्रदेश सरकार किसानो के हितों का हर सम्भव ख्याल रख रही है। आलू भण्डारण में किसी प्रकार की समस्या होने पर अधिकारियों को अवगत कराया जाय। इसके बाद मंत्री हरदोई मे मेसर्स अश्वनी कुमार मदन पाल कोल्ड स्टोरेज सांडी रोड बिलग्राम हरदोई का औचक निरीक्षण के दौरान उद्यान निरीक्षक अंकित रस्तोगी तैनाती स्थल पर उपस्थित न मिलने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिया।

श्री सिंह ने कहा कि ईश्वर और प्रकृति की बहुत बड़ी कृपा होती है तभी धरती सोना उगलती है। वैसे तो उत्तर प्रदेश किसान देश का 35 प्रतिशत आलू देशवासियों के लिए उगाते हैं, लेकिन इस बार इससे अधिक आलू किसानों ने आलू का उत्पादन किया है। यह प्रदेश सरकार के लिए गर्व व सम्मान की बात है कि उत्तर प्रदेश का किसान खुशहाली की सीढ़ी दर सीढ़ीं चढ़ता जा रहा है। आलू किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसलिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उद्यान मंत्री से लेकर उद्यान कार्मिक तक सभी मैदान में उतर पड़े हैं। आलू भण्डारण के लिए कोल्ड स्टोरज में उद्यान कार्मिकों की तैनाती की गयी है। उद्यान मंत्री पैर मे फैक्चर होने के बावजूद भी विभिन्न जनपदों में जाकर कोल्ड्ड स्टोरज का निरीक्षण कर रहे है।उद्यान मंत्री ने फर्रूखाबाद में पी.के. कोल्ड स्टोर, समृद्धि कोल्ड स्टोर एवं श्रीराम कोल्ड स्टोर का निरीक्षण किया तथा सातनपुर नवीन आलू मण्डी में प्रेस वार्ता भी किया। उन्होंने फर्रूखाबाद में नवीन आलू मण्डी से 300 कुन्तल आलू का एक ट्रक नेपाल के लिए हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इसी क्रम में जनपद आगरा में एत्मादपुर से विधायक डॉ0 धर्मपाल सिंह ने सिद्धि विनायक एग्री प्रोसेसिंग आगरा के आलू को मलेशिया के लिए हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

## एमसीएच के बाद अब पीडियाट्रिक आर्थोपेडिक्स में एफएनबी कोर्स प्रस्तावित

- प्रो. अजय सिंह करेंगे विशेषज्ञों की टीम का नेतृत्व



समृद्धि न्यूज। लखनऊ

बाल चिकित्सा आर्थोपेडिक्स बच्चों की हड्डी और जोड़ों के रोगों के इलाज हेतु आर्थोपेडिक्स की विशेष शाखा है। इस विशेष शाखा में बेहतर प्रशिक्षण और शिक्षा के लिए एनएमसी ने हाल ही में एमसीएच पाठ्यक्रम शुरू किया गया है। इसको बढ़ावा देने के लिए, राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान परीक्षा बोर्ड (एनबीई—एमएस) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने बाल चिकित्सा आर्थोपेडिक्स में दो वर्षीय एफएनबी पाठ्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव दिया है।एम्स भोपाल के निदेशक व बाल चिकित्सा आर्थोपेडिक सर्जन प्रोफेसर अजय सिंह एनबीई-एमएस के साथ पाठ्यक्रम और न्यूनतम आवश्यकताओं को अंतिम रूप देने के लिए विशेषज्ञों की एक टीम का नेतृत्व करेंगे।प्रो. अजय सिंह एक दशक से अधिक समय से बच्चों की हड्डी की बीमारियों के इलाज से जुड़े हुए हैं और उन्होंने केजीएमयू, लखनऊ में बाल चिकित्सा आर्थोपेडिक्स के सुपरस्पेशियलिटी विभाग को शुरू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। बाल चिकित्सा आर्थोपेडिक्स के साथ-साथ उनके प्रशासनिक कार्यों में अनुभव को ध्यान में रखते हुए, उन्हें एनबीई-एमएस, नई दिल्ली द्वारा विशेषज्ञों की टीम का नेतृत्व करने के लिए चुना गया है।

# गलत इलाज से युवक की मौत मामले में अस्पताल सील

## शीघ्र अभियान चलाकर अवैध रूप से संचालित हो रहे निजी अस्पतालों के विरुद्ध की जाएगी कार्रवाई : एसीएमओ

- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निकट गोंडा लखनऊ मार्ग पर संचालित एक निजी अस्पताल से जुड़ा है मामला





**कर्नलगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

तहसील मुख्यालय स्थित सीएचसी कर्नलगंज के पास संचालित निजी अस्पताल में मंगलवार को इलाज के दौरान युवक की मौत का मामला तूल पकड़ने लगा है। वहीं अपर मुख्य चिकित्साधिकारी व सीएचसी अधीक्षक ने अस्पताल को सील कर दिया है।

मामला स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निकट गोंडा लखनऊ मार्ग पर संचालित एक निजी चिकित्सालय वरदान हास्पिटल से जुड़ा है। जहां मंगलवार को थाना कटरा बाजार अन्तर्गत ग्राम बनगांव निर्मल पुरवा निवासी पवन कुमार पाण्डेय की इलाज के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। जिससे काफी हंगामा मच गया था और चिकित्सक एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौके से भाग खड़े हुए थे। मृतक के पिता गोकुल प्रसाद पाण्डेय के प्रार्थना पत्र पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 जय गोविन्द व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ0 मोहम्मद मुदस्सिर ने मौके पर पहुंचकर अस्पताल को सील कर दिया है। इस संबंध में एसीएमओ ने बताया कि पता चला है कि कर्नलगंज में कई अस्पताल अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं। इसकी रिपोर्ट मुख्य चिकित्साधिकारी के समक्ष भेजी जा रही है। शीघ्र ही अभियान चलाकर अवैध रूप से संचालित हो रहे निजी अस्पतालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# जेल के अंदर होती है मनमाने ढंग से वसूली

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



### शिकायत करने पर किया जाता है प्रताड़ित : पूर्व कैदी

क्या योगीराज में भी जेलों में होता है भ्रष्टाचार क्या कैदियों से सुविधा के नाम पर की जाती है वसूली आदि अनसुलझे प्रश्न बार-बार जेल से रिहा होकर आ रहे कैदियों के मन में घूमते रहते हैं। लेकिन जेल जाने के भय बस अपनी पीड़ा को व्यक्त करने में कैदी असमर्थ होते हैं। ऐसे ही जेल से छूटकर एक पूर्व कैदी ने अपनी दास्तां को बयां करते हुए बताया कि जेल में कैंटीन के अन्दर बीड़ी, सिगरेट तथा तंबाकू 4 गुने दाम पर मिलते हैं और बैरक हटाने के नाम पर भी मनमानी वसूली की जाती है। डर बस कोई कैदी शिकायत करने नहीं जाता है।शिकायत करने पर केवल मार खानी पड़ती है। कैदियों की ऐसी व्यथा व ऐसे अनसुलझे प्रश्न जहां सरकार की व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगा रहा हैं,वहीं दूसरी तरफ कैदियों के साथ हो रहे घोर अत्याचार आखिर कब बंद होंगे यह अपने आप में बहुत बड़ा प्रश्न खड़ा हो रहा है।इस संबंध में जब गोंडा जेल के जेलर एस पी मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हमारे यहां कैंटीन में कोई मादक पदार्थ बीड़ी तंबाकू माचिस नहीं बिकते हैं। चाय बिस्किट व छोटे पाउच, पेस्ट, चप्पल, बनियान आदि रोजमर्रा के सामान एमआरपी रेट पर बेचे जाते हैं। जिसका 10 प्रतिशत लाभांश हमें प्राप्त होता है।जिसे हम कैदी कल्याणकारी कोष में जमा करते हैं।तथा समय समय पर खेलकूद आदि पर्व त्योहारों पर कैदियों के बीच खर्च कर देते हैं। वही जेलर से जब संवाददाता ने कहा क्यों ना अंदर की एक बार फोटोग्राफी की जाए और सारे दास्तां उजागर हो तो उन्होंने कहा इस समय जेल में आलू की खुदाई हो रही है आइए और आपको जरूर दिखाऊंगा। जेलर की बात से कि एमआरपी पर सामान बिकते हैं प्रश्न खड़ा होता,नजर आ रहा है आखिर कंपनियों द्वारा अधिकांश एमआरपी के अलावा पर्याप्त मात्रा में विक्रेता को छूट दी जाती है जो 20 से 30% तक भी हो सकती है।क्या उस छूट का लाभांश किसे प्राप्त होता है और उस लाभांश का कहां उपयोग किया जाता है।

# डीएम की अध्यक्षता में विभागीय कार्यों एवं कर-करेत्तर राजस्व वसूली की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

- एआईजी स्टाम्प, एआरएम रोडबेज, सचिव मंडी समिति नवाबगंज सहित कलेक्ट्रेट के सीआरए एवं एसीआरए का वेतन रोकने के निर्देश
- सभी तहसीलदारों का भी वेतन रोकने के निर्देश

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉक्टर उज्वल कुमार की अध्यक्षता में विभागीय कार्यों एवं कर-करेत्तर राजस्व वसूली की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में मण्डी समिति, श्रम विभाग, स्टांप, वाणिज्य कर विभाग, वन विभाग, खनन विभाग, नवीन परती, खलिहान, अवैध कब्जा, परिवहन विभाग, आबकारी विभाग, भू-राजस्व, स्टाम्प देय, विद्युत विभाग, बांटमाप, आईजीआरएस आदि पर समीक्षा की गई। जिसमें कम वसूली किये जाने पर संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये हैं कि वसूली में और तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में सीआरओ ने विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में सभी उप जिलाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व वसूली में तेजी लायें। बैठक में सभी उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देश दिए हैं कि पुराने मुकदमों को गहनता पूर्वक देखते हुए अधिक से अधिक निस्तारण करें।

वहीं बैठक में डीएम ने सभी तहसील के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि धारा 24 के मुकदमों को समय से अधिक से अधिक निस्तारण करें, ताकि धारा 24 का मुकदमा किसी भी तहसील स्तर पर लंबित न रहे। समीक्षा बैठक में अनुपस्थिति होने के कारण एआईजी स्टांप, एआरएम रोडवेज, सचिव मंडी समिति नवाबगंज एवं कम वसूली होने पर कलेक्ट्रेट के बाबू सीआरए व एसीआरए पटल का वेतन रोकने का निर्देश दिए हैं। साथ ही बैठक में कम वसूली तथा पुराने मुकदमों का कम निस्तारण करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी तहसीलदारों का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं।

## बोलेरो ने दो बाइक सवारों को सामने से मारी टक्कर, एक की मौत, तीन घायल

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** गोंडा - बहराइच मार्ग स्थित मल्हा पुर ग्राम के पास दो बाइक सवार को सामने से बोलेरो गाड़ी ने टक्कर मार दिया। जिस में एक युवक की मौत हो गई। तीन युवक घायल हो गए। इलाज के लिए उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो की हालत गम्भीर बनी हुई है। कौड़िया थाना क्षेत्र के 21 वर्षीय मुन्नू लाल चौहान पुत्र बच्चा लाल और 22 वर्षीय रामू पुत्र राकेश निवासी पिपरी थाना कौडिया दोनो एक बाइक पर सवार थे। दूसरी बाइक पर बहराइच जनपद के पयाग पुर निवासी 20 वर्षीया अमजद पुत्र अख्तर, 24 वर्षिय तौफीक पुत्र अली हुसैन दोनो एक बाइक पर सवार थे। दो बाइक सवार गोण्डा से बहराइच की तरफ जा रहे थे। बहराइच की तरफ से आ रही बोलेरो गाड़ी ने सामने से दोनो बाइक सवारों को टक्कर मार दिया। जिस में चारो घायल हो गए।इलाज के लिए जिला अस्पताल में लाया गया। चिकित्सक ने मुन्नू चौहान को मृत्यु घोषित कर दिया। राम और अमजद की हालत गम्भीर बताई गई है।

# मंदिर पर पूजा अर्चना करना दलित महिलाओं को पड़ा भारी

- मोती गंज थाने में सुनवाई न होने से पीड़ित महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार



**मोतीगंज/गोन्डा, समृद्धि न्यूज।**

मुजेहना ब्लाक व थाना मोती गंज क्षेत्र न्यू के ग्राम पंचायत बेसहुपुर के मजरे पंडित पुरवा गांव का एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें मंदिर पर दलित वर्ग की महिलाओं द्वारा साफ सफाई पूजा पाठ करने पर गांव ही के रसुक दार व्यक्ति द्वारा गाली गलौज मारने पीटने की धमकी देकर भगा दिया गया। पीड़ित महिलाओं मीना पत्नी रामनाथ,ननका पत्नी संजय, सुनीता पत्नी निक्कू, गुज पत्नी तुलसी राम,रेशमा पत्नी सहज राम,राधा पत्नी राम करन, रामा देवी पत्नी प्रेम नाथ,व सुधरा पत्नी वरसाती सभी दलित वर्ग निवासी उपरोक्त द्वारा पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना देते हुए बताया कि गांव में मंदिर है जहां गांव के सभी लोग पूजा अर्चना करते हैं तथा कोई अनुष्ठान पर दान चंदा आदि दिया जाता है जिसपर बीते 10 मार्च को हम लोग मंदिर की सफाई व रंगाई-पुताई पूजा अर्चना करने गये थे कि अचानक गांव ही के निवासी गण बिपक्षी सदाराम पुत्र सत्यनारायन,वद्री प्रसाद पुत्र भवानी प्रसाद,मुन्ना पुत्र झगरू व सुनील कुमार पुत्र वद्रीप्रसाद लाठी डंडों से आ गये और हम लोगों को पुजा पाठ करने व चल रही मंदिर की सफाई करने से रोक दिया।जब हम लोग ने कहा हमारे पुर्वज भी इसी गांव मंदिर में आ रहे थे जिसपर सभी लोग गाली गलौज देते हुए भगा दिया घटना गाली गलौज देते हुए दबंगों का वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है।किस कदर दबंगों द्वारा ताण्डव किया गया। महिलाओं ने कहा हम हरिजन जाति से हूं इस लिए वहां से चुपचाप भाग निकली। सूचना हम लोग थाने पर देने उसी दिन गये जहां हल्का दरोगा ने मेरी तहरीर फाड़ कर फेंक दिया और बंद करने की धमकी देकर भगाने दिया पीड़ित महिलाओं ने कहा जब हम लोग थाने पर गये पहले से ही विपक्षी मौजूद थे। महिलाओं का कहना है सभी ऊंची रसुक वाले हैं हम गरीब उन से सामना नहीं कर सकती गाव के जमींदार ब्रह्मण है। इस लिए पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। जब इस प्रकरण पर मोतीगंज थाना अध्यक्ष प्रबोध कुमार से दूरभाष पर वार्ता की गई तो उन्होंने बताया महिलाओं के तरफ से मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया है किंतु दूसरा पक्ष भी मुकदमा पंजीकृत करने के लिए फोन कर रहा है।

## खबरें एक नजर में

### सोनार समाज का होली मिलन कार्यक्रम सम्पन्न



**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।** जनपद में वर्षों की परम्परा को निभाते चले आ रहे हैं सोनार समाज के लोग मान्यता है की होली पर्व से आठवें दिन पर शीतला अष्टमी के दिन सोनी समाज के लोगो द्वारा पूर्वजों से चली आ रही खैरा भवानी मन्दिर में माता का श्रंगार, पूजा, हवन के उपरांत होली मिलन कार्यक्रम किया जाता है। जो आज शीतलाष्टमी 15/03/2023 को सम्पन्न हुआ।सोनार समाज के द्वारा पूजन कार्यक्रम के बाद प्रसाद वितरण का कार्य किया जाता है।हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जनपद गोन्डा, मनकापुर, तरबगंज, करनैलगंज सहित आस- पास के हजारो की संख्या में सोनी समाज के लोग अपने अपने परिवार सहित उपस्थित होकर पूजन कार्यक्रम में भाग लेते हैं। शीतलाष्टमी पर होने वाली पूजा और होली मिलन कार्यक्रम पर खैरा भवानी मंदिर में पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर के निर्देश पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम थे।नगर कोतवाली गोन्डा के प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह स्वयं पुलिस बल लेकर मौके का निरीक्षण कर रहे थे तथा चौकी प्रभारी सेमरा रणजीत यादव रहे तैनात।खैरा भवानी मन्दिर पर स्वर्णकार समाज चौक बाजार और स्वर्णकार समाज ददुवा बाजार द्वारा विशेष पूजन व होली मिलन कार्यक्रम सम्पन्न कराया जाता है।चौक बाजार से पूजा आयोजक के रूप में अजय रस्तोगी (स्व. संतोषी लाल),अजय रस्तोगी (स्व. श्रीराम रस्तोगी), अमरनाथ रस्तोगी (स्व. रामनाथ रस्तोगी),रवि प्रकाश रस्तोगी उर्फ मोनू, उत्कर्ष रस्तोगी,समाज सेवी राजकुमार सोनी (नेता),रजत सोनी उर्फ विक्की भोला नाथ सोनी पुण्डरीक सोनी (राजा साहब) की मुख्य भूमिका रही।वहीं सोनार समाज के तमाम लोगो ने कार्यक्रम मे भाग लेकर कार्यक्रम को सम्पन्न किया।

### बुढ़वा मंगल के अवसर पर किया गया भंडारे का अयोजन



**मनकापुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज।** बुढ़वा मंगल के अवसर पर मनकापुर के शास्त्री नगर मोहल्ले में स्थित बालाजी के दरबार में भक्तों द्वारा बाबा आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। मौके अवसर पर सैकड़ों लोगों की भीड़ ने हनुमान जी महाराज की आरती एवम प्रसाद वितरण में सम्मिलित होकर जय जय कार किया, तथा प्रसाद ग्रहण किया। रेलवे स्टेशन स्थिति लंगूर बाबा आश्रम पर भी हनुमान जी की आरती प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर में हनुमान जी की मूर्ति को फूल मालाओं से सजाते हुए विभिन्न प्रकार की भोग समग्री भेंट की गई तथा दीप प्रज्वलित किए। मानस मंगल दल सेवा समिति मनकापुर आर के नारद द्वारा नगर में कई स्थानों पर प्रसाद वितरण कराया गया वन्ही विकास गुप्ता ने अपने सहयोगियों के साथ धूम धाम से मन्दिर प्रांगण में उपस्थिति लोगों को प्रसाद वितरण करवाए।



### राज्य स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** गुरू गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कालेज, कुर्सी रोड, लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय परिषदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में देवीपाटन मण्डल गोण्डा का नेतृत्व करते हुए जनपद के विकास खण्ड तेजवापुर अन्तर्गत कम्पोज़िट विद्यालय यादवपुर के बच्चों ने लोकनृत्य में प्रदेश में अव्वल स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। जबकि पूर्व माध्यमिक विद्यालय गजाधरपुर फखरपुर की छात्रा राधिका मिश्रा बालिका जूडो की 30 से 35 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल तथा इसी विद्यालय सगीर अंसारी ने बालक जूडो के 35 से 45 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल तथा 20 से 25 किलो भार वर्ग में अर्चित गौड़ ने ब्रांस मेडल प्राप्त किया। जबकि प्रा.वि. अजीजपुर के श्याम जी शुक्ला ने 25 से 30 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। जिले के परीषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा अर्जित की गई उपलब्धि पर जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने बेसिक शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों, विद्यालय के शिक्षण स्टाफ तथा छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उल्लेखनीय है कि देवीपाटन मण्डल मुख्यालय गोण्डा में आयोजित मण्डल स्तरीय प्रतियोगिता में कम्पोजिट विद्यालय यादवपुर द्वारा लोकनृत्य और लोक गायन में स्वर्ण पदक प्राप्त किया गया था।

# विद्युत कर्मियों की हड़ताल के दृष्गित जिला प्रशासन ने की तैयारी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



- आवश्यक सेवाओं की निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के दिए गए निर्देश
- विद्युत आपूर्ति में बाधा डालने वालों के विरूद्ध होगी कड़ी कार्रवाई

विद्युत कार्मिकों की प्रस्तावित हड़ताल के दौरान जिले में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराए जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र व पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रस्तावित सांकेतिक हड़ताल के दौरान जिले में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराए जाने हेतु माकूल बन्दोबस्त सुनिश्चित किये जाए। डीएम व एसपी ने कहा कि हड़ताल अवधि के दौरान आवश्यक सेवाओं विशेषकर चिकित्सालयों, जलापूर्ति से सम्बन्धित उपक्रमों, संचार संस्थानों आदि की विद्युत आपूर्ति में किसी प्रकार बाधा नहीं आनी चाहिए। डीएम व एसपी ने एसडीएम व पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिया कि कर्मठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूर्ण रूप से सुरक्षा उपलब्ध करा दी जाय। अप्रिय स्थिति में तत्काल कड़ी कार्यवाही कराना सुनिश्चित कराया जाय। जनपद में विद्युत विभाग से सम्बन्धित सभी संवेदनशील स्थानों की समीक्षा कर वहाँ पर सुरक्षा के पर्याप्त बन्दोबस्त कराए जाएं। डीएम व एसपी द्वारा उप जिलाधिकारियों एवं पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिया गया कि हड़ताल की अवधि में तहसील क्षेत्रान्तर्गत विद्युत आपूर्ति बनाए रखने हेतु विद्युत सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के साथ बैठक कर आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित कर लिए जाए। एसडीएम को निर्देश दिया गया कि तहसील क्षेत्रान्तर्गत स्थापित विद्युत सब स्टेशनों पर राउण्ड-द-क्लाक लेखपालों सहित अन्य आवश्यक कार्मिको की ड्यूटी लगा दी जाए। डॉ. चन्द्र ने कहा कि हड़ताल अवधि के दौरान संविदा कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाय साथ ही सुरक्षा के व्यापक प्रबन्ध भी रखे जाए। डीएम द्वारा मुख्य राजस्व अधिकारी व विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि विद्युत सब स्टेशनों पर विद्युत विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, आईटीआई, पालीटेक्निक, भूतपूर्व सैनिकों की ड्यूटी लगा दी जाय। बैठक के दौरान एसडीएम को निर्देश दिया गया कि तहसील क्षेत्रान्तर्गत 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्रों की सूची एवं वहां पर तैनात अधिकारी एवं कर्मचारियों के मोबाइल नम्बर अपने पास सुरक्षित रखें और किसी प्रकार की आवश्यकता पड़ने पर तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था की जाए ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। डीएम डॉ. चन्द्र ने अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को निर्देश दिया कि विद्युत विभाग के किसी भी अधिकारी को बिना जिला प्रशासन के संज्ञान में लाए बिना अपने क्षेत्र एवं कार्यालय को छोड़ने की अनुमति प्रदान न की जाए। डीएम ने सचेत किया कि कोई भी अधिकारी व कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम में प्रतिभाग नहीं करेंगें अन्यथा की स्थिति में विरूद्ध उत्तर प्रदेश आवश्यक सेवा रख-रखाव अधिनियम 1966 (ईस्मा) के तहत कार्यवाही की जाएगी। बैठक के दौरान अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, बहराइच सुरेश कुमार ने बताया कि विद्युत कर्मियों की प्रस्तावित सांकेतिक हड़ताल के दृष्टिगत विद्युत वितरण मण्डल, बहराइच अन्तर्गत कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका मो.न. 8005494418 है। कन्ट्रोल रूम राउण्ड-द-क्लाक संचालित रहेगा। जिसके लिए 03 पालियों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। मुख्य राजस्व अधिकारी अवधेश कुमार मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत सुरेश कुमार, नगर मजिस्ट्रेट ज्योतिराय, उप जिलाधिकारी सदर सुभाष सिंह, नानपारा अजीत परेस, कैसरगंज महेश कुमार कैथल, पयागपुर दिनेश कुमार, मोतीपुर ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव कुमार सिसौदिया, नानपारा राहुल पाण्डेय, पयागपुर आनन्द कुमार राय, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड बहराइच आर.एस. यादव, नानपारा कृष्ण कुमार, ईओ बहराइच बाल मुकुन्द मिश्रा व अन्य अधिकारी तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## भाजपा नेत्री का हृदय गति रुकने से निधन



**बहराइच समृद्धि न्यूज़** शहर के फुटहा कालोनी निवासी भाजपा नेत्री की गोंडा में हृदय गति रुकने से मौत हो गई। उनका अंतिम संस्कार शहर के त्रिमुहानीघाट में किया गया। शहर के मोहल्ला निवासी फुटहा कालोनी मंजू वाल्मीकि (35) पत्नी संतोष कुमार वर्तमान समय में जिला अस्पताल में बने सरकारी आवास में रहती थी। भाजपा नेत्री होने के साथ भाजपा के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की जिला संयोजक थीं। मंगलवार को वह गोंडा में आयोजित रिश्तेदारी में शामिल होने गई थी। रात को रिशेपशन पार्टी के दौरान अचानक हृदय गति रुक गयी। जिससे उनकी मौत हो गई। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राहुल राय ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार जिले के त्रिमुहानीघाट पर बुधवार को किया गया। उनके निधन पर जिलाध्यक्ष श्याम करण, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल, रीति मुरारी श्रीवास्तव समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने शोक जताया है।

# जय निषादराज, जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा कार्यालय

- निषाद पार्टी की ओर से मनाया गया होली मिलन समारोह



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ मार्ग स्थित टिकोरा मोड़ में निषाद पार्टी कार्यालय में बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें सभी ने एक दूसरे को गले मिलकर होली की बधाई दी। साथ ही 26 मार्च को भगवान निषाद राज की जयंती को लेकर तैयारी बैठक भी हुई। बहराइच के टिकोरा मोड़ स्थित निषाद पार्टी के जिला कार्यालय में बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि सदर विधान सभा विधायक अनुपमा जायसवाल के पति अशोक जायसवाल और विशिष्ट अतिथि पार्टी के प्रदेश सचिव रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अमर नाथ निषाद ने की। उपस्थित कार्यक्रम में पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि होली मिलन समारोह से आपसी भेदभाव दूर होता है। प्रदेश सचिव ने कहा कि हम पार्टी के लोग सभी लोगों को साथ लेकर चलने का काम करते हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भगवान राम को नाव से पार कराने के लिए निषाद ही आया थे। इसी तरह हम सभी देश के विकास और बढ़ोतरी में बराबर सहयोग करते हैं। सभी ने जय निषाद राज, जय श्रीराम के उद्घोष के साथ कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम के अंत में 26 मार्च को भगवान निषादराज की जयंती पर चर्चा कर जिम्मेदारी दी गई। इस दौरान संगठन जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश, युवा मोर्चा अध्यक्ष अनिल कुमार निषाद, ब्रिजेश निषाद, राष्ट्रीय निषाद एकता परिषद के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार, आईटी प्रभारी राजेश कुमार, जिला उपाध्यक्ष संतराम, रमेश कुमार, पंकज कुमार, जिला सचिव गौरी शंकर समेत अन्य शामिल रहे।


# सिंगल लाइन मार्ग पर पहुंचे भार वाहन तो लगा जाम

- लखनऊ मार्ग के यात्री भी हुए परेशान, गोंडा में खराब पुल के चलते दिक्कत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

गोंडा जनपद के करनैलगंज में पुल क्षतिग्रस्त होने के चलते बहराइच वासियों के लिए भी समस्या बन रही है। गोंडा से आने वाले बड़े भार वाहन लखनऊ मार्ग पर जाम का शबब बन रहे हैं। बुधवार को हुजूरपुर और लखनऊ मार्ग पर घंटों जाम लगा रहा। इससे आम यात्रियों को समस्या हुई। पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर जाम हटवाया। गोंडा जनपद के करनैल गंज मार्ग पर पुल 15 दिनों पूर्व क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसके चलते गोंडा से बहराइच अब सीधे भार वाहन नहीं आ रहे हैं। भार वाहन हुजूरपुर, कैसरगंज मार्ग से लखनऊ के लिए रवाना हो रहे हैं। हुजूरपुर कैसरगंज मार्ग सिंगल लाइन होने के चलते जाम की स्थिति बना रहा है। बुधवार को गोंडा से और लखनऊ से भार वाहन मार्ग पर पहुंच गए। कोई वाहन सड़क से नीचे नहीं उतार रहा था। इसके चलते जाम लग गई। जाम लखनऊ मार्ग पर भी एक किलोमीटर तक लग गया। इससे रोडवेज बस, प्राइवेट बस और चार पहिया वाहन के यात्री काफी परेशान दिखे। कैसरगंज के प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने बताया कि पुलिस टीम की मदद से भार वाहन को अलग हटवाया गया। इसके बाद आवागमन बहाल हो सका। हालांकि इस दौरान दो घंटे से अधिक समय तक लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। यात्री काफी परेशान रहे।

## दहेज हत्या के वांछित को भेजा जेल



**बहराइच समृद्धि न्यूज़** दहेज हत्या में वांछित चल रहे आरोपी को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। रूपईडीहा थाना क्षेत्र के ग्राम देवरा शिवपुरा निवासी ग्रामीण के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज था। वह कई दिनों से फरार चल रहा था। प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक ने बताया कि उप निरीक्षक रुदल बहादुर सिंह, एसआई अजेश कुमार, सिपाही अशोक तिवारी, संजय प्रजापति की टीम ने बुधवार को रहीश खान उर्फ सहीश पुत्र नायब खान निवासी देवरिया शिवपुर सेमरा को बाबागंज बाजार से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# कुंआ और बगिया का हुआ विवाह, शामिल हुए एसडीएम और ब्लॉक प्रमुख

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

- रस्म अदायगी के लिए कार्ड भी छपवा कर लोगों को किया आमंत्रित
- अब विवाह से पूर्व कुंआ और बगिया में हो सकेगा तेल पूजन








### शादी का बांटा गया कार्ड

कुंआ और बगिया की शादी के लिए गांव राकेश सिंह और अखिलेश सिंह ने कार्ड छपवाया। इसके बाद इसे ग्रामीणों के बीच बांटा। साथ ही गांव के लोगों को आमंत्रित किया। गांव के साथ पड़ोसी गांव के सैकड़ों लोग भी शामिल हुए।

### तो इसलिए हुआ विवाह

गांव निवासी बृजेश सिंह राठौर ने बताया कि वयोवृद्ध 85 वर्ष की दादी किशोरी देवी पत्नी देवी बक्श सिंह के मन में कुंआ और बगिया के विवाह की बात उठी। किशोरी देवी ने बताया गांव में कुंआ और बगिया पूजन हमारे संस्कृति में है। ऐसे में पहले दोनों का विवाह कराया गया। इसके बाद भोज कराया गया। अब किसी भी युवक और युवती की शादी पर कुंआ घूमने के साथ बगिया में तेल पूजन के समय मिर्चुआ की पूजा की जा सकती है।

जिले के कड़सर बिटौरा गांव में सोमवार को अनोखा शादी देखने को मिला। कुंआ और बगिया के साथ विवाह कार्यक्रम हुआ। लोगों को शादी के कार्ड भी बांटे गए। विवाह कार्यक्रम में एसडीएम और ब्लॉक प्रमुख के साथ अन्य लोग भी शामिल हुए। कुंआ और बगिया का विवाह क्षेत्र के लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कड़सर बितौरा गांव में सोमवार को एक अनोखी शादी देखने को मिली। हुआ यूं कि गांव में बगिया संग कुंआ का विवाह कराया गया। जिसमें बराती और घराती के लोग शामिल हुए। इतना ही नहीं गांव से बगिया की बारात कुंआ के लिए ले जाई गई। बस इस विवाह में युवक और युवती की जगह कुंआ और बगिया का विवाह कराया गया। मंगलवार को बारात विदाई के बाद भोज कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कुंआ और बगिया के विवाह कार्यक्रम के गवाह एसडीएम महेश कुमार कैथल, ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह विसेन, डॉ अरविंद सिंह, अमरेश बहादुर सिंह, सुरेश सिंह, राकेश सिंह, अखिलेश सिंह और लवकुश सिंह समेत अन्य शामिल हुए। एसडीएम बराती बनकर काफी खुश दिखे।

# एक दिवसीय दौरे पर रायबरेली पहुंची राज्यमंत्री

## महिलाएं आगे बढ़ने के लिए सरकार की योजनाओं को जानकर लाभ प्राप्त करें : प्रतिभाग शुक्ला





- राज्यमंत्री ने छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व चेक एवं बच्चों को लैपटॉप का किया वितरण
- राज्यमंत्री ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की व बच्चों को अन्नप्राशन एवं कोषित बच्चों को पोषण किट का किया वितरण

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की राज्यमंत्री व जनपद की प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने आज जनपद रायबरेली के राजकीय इण्टर कालेज के प्रांगण मे आयोजित आंगनबाड़ी कार्यकत्री, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं महिला ग्राम प्रधान के साथ संयुक्त संवाद आदि कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में आंगनबाड़ी कायत्रियों से कहा कि आंगनबाड़ियों में बच्चों को टीकाकरण कार्य सहित अनुपूरक पुष्टाहार वितरण आदि कार्य नियमित रूप से कराये। उन्होंने कहा कि महिला प्रधान द्वारा अब जो पद लिया है उसके दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें और देखें कि गांव का कोई विकलांग व विधवा महिलाओं को पेंशन का लाभ दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि महिला प्रधान है तो उसके क्षेत्र में किसी महिला पर अत्याचार कतई नहीं होना चाहिए। महिला प्रधान को अपनी जिम्मेदारी और अधिकार तत्परता से करना चाहिए। गांव का सचिवालय जरूर जाएं और बैठें। महिला चौपाल लगाएं, उसमें समस्याओं को सुनें और उनका निराकरण कराएं। महिला प्रधानों से कहा कि कसम लें कि चौपाल लगाएं और रायबरेली की कोई बहन काम में पीछे नहीं रहेगी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जनपद में जिलाधिकारी, सीडीओ सभी महिला हैं तो रायबरेली की महिलाओं को और आगे बढ़ कर कार्य करना होगा, आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि महिलाए आगे बढ़ने के लिए सरकार की योजनाओं को जानकर लाभ प्राप्त करें।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री स्वयं का आकलन करें, अपनी अंतरात्मा के अनुसार कार्य करें। बच्चों को अच्छे संस्कार दें। छोटे छोटे बच्चों को केंद्रों में शिक्षा और संस्कार देना सबसे बड़ा कार्य है। संस्कार जागृत होंगे तो बच्चा आगे चलकर बहुत बड़ा कार्य कर सकते है। आंगनबाड़ी यह कार्य बड़ी आसानी से कर सकती हैं। उम्मीद है आप अपना कार्य ईमानदारी से कराएँगी जिससे कुपोषण को रोकना होगा, अब सरकार राशन दे रही है दवाई दे रही है, केवल बच्चों को खिलाना है, कुपोषण ऐसे खत्म हो सकता है। कोरोना काल में आशा बहुएं और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने बहुत सराहनीय कार्य किया। महिला स्वयं सहायता समूह रोज़गार के अवसर उपलब्ध करा रहे हैं, स्वयं महिलाएं धन कमा रही हैं स्वावलंबी बन रही हैं, इसी तरह समूह आगे बढ़ें। उन्होंने समूहों से आश्वासन लिया कि वे अपनी आय बढ़ाएंगी।इस अवसर पर प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने 10 एवं 12वीं की टॉप 05 मेधावी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं आरटीजीएस के माध्यम से उनके खातों में 2500 रुपये के डमी चेक का वितरण किया।

### राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने विभागीय अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

उत्तर प्रदेश के महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की राज्यमंत्री एवं जनपद की प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला की अध्यक्षता में पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक में प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि अपने शासकीय दायित्वों का निर्वहन जिम्मेदारी के साथ करें, कार्य के प्रति लगाव एवं लगन रहेगी तो गुणवत्तापूर्ण कार्य सम्पन्न होगा। उन्होंने कहा कि कार्य के प्रति उदासीनता नहीं होनी चाहिए। उन्होंने महिला उत्पीड़न संबंधी मामलों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

### जनपद की प्रभारी मंत्री ने वन स्टॉप सेंटर व महिला थाना का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने जनपद भ्रमण कार्यक्रम के आज वन स्टाप सेंटर एवं महिला थाना का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान वन स्टाप सेंटर प्रभारी श्रद्धा सिंह भदौरिया ने प्रभारी मंत्री को वन स्टाप सेंटर में महिलाओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं आदि सहित अन्य कार्यों की जानकारी से अवगत कराया गया। प्रभारी मंत्री द्वारा सेंटर प्रभारी को निर्देशित किया गया कि महिलाओं को सेन्टर में किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाए इसके लिए सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखा जाए इस दौरान प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने महिला थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला हेल्पडेस्क पर उपस्थित पुलिस महिला कर्मियों से जानकारी ली तथा रजिस्टरों का अवलोकन भी किया।

# सुरक्षा व्यवस्था की खुली पोल, जिला जेल से कैदी फरार

> जिला जेल के जेलर सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि सुबह 10 बंदियों के साथ राजकुमार नाम का बंदी जोकि चोरी के मामले में एक साल का सजायाफ्ता था खीरो क्षेत्र का निवासी था आलू खोदने के लिए कृषि फार्म में गया था।शौचालय जाने का बहाना बनाकर दीवार फांदकर फरार हो गया।उनकी देख रेख के लिए एक वार्डन व तीन संतरियों की ड्यूटी लगाई गई थी। फरार बंदी की तलाश की जा रही है साथ ही दोषियों पर विधिक कार्यवाही की जा रही है।
> सत्य प्रकाश सिंह (जेलर जिला जेल रायबरेली)

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

यूपी की जेले अपनी कारगुजारियों को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई है।कभी जेल में निरुद्ध अपराधियो द्वारा फिरौती व हत्या की साजिशों को लिए तो कभी उन्हें मिल रही सुविधाओं को लेकर आज रायबरेली जेल भी उस समय चर्चा में आ गई जब जेल में सजा काट रहा एक बंदी संतरियों को धोखा देकर दीवार फांदकर फरार हो गया।इसकी भनक जैसे ही जेल। प्रशासन को लगी उनके हाथ पांव फूल गए।आनन फानन फरार बंदी की तलाश शुरू कर दी गई। जानकारी के अनुसार रायबरेली जिला जेल में 2021 से चोरी के जुर्म में निरुद्ध बंदी राजकुमार जोकि खीरो थाना क्षेत्र का निवासी था अन्य बंदियों के साथ जेल के कृषि फार्म पर आलू खुदाई के लिए गया था। 10 बंदियों की देख रेख के लिए एक हेड वार्डर व तीन संतरियों की ड्यूटी लगाई गई थी। इसके बावजूद राजकुमार शौचालय जाने का बहाना कर कृषि फार्म की दीवार फांदकर वँहा से रफूचक्कर हो गया। इसकी जानकारी जैसे ही जेल प्रशासन को लगी उनके हाथ पांव फूल गए आनन फानन में मामले की सूचना पुलिस को दी गई फरार बंदी की तलाश शुरू कर दी गई।

## अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** गर्मी का मौसम आते ही क्षेत्र में आग की घटनाएं बढ़ने लगी हैं आए दिन आग लगने से भारी नुकसान हो रहा है और लोगों की फसलें नष्ट हो रही हैं ताजा मामला लालगंज क्षेत्र के बैसवारा डिग्री कॉलेज के पीछे का है जहा अज्ञात कारणों से अरहर की फसल मे भीषण आग लग गई और देखते देखते आग ने गेहूं की फसल को चपेट में ले लिया मौजूद लोगों ने तुरंत इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी मौके पर पहुंची फायर सर्विस टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया वही घटना की जानकारी मिलते ही हल्का लेखपाल मुआयना करने पहुंचे।



## पशुपालन विभाग द्वारा पशु आरोग्य शिविर का आयोजन



**सूची सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

पशुपालन विभाग द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें पशुओं का परीक्षण कर दवाएं वितरण किया गया।सलोन विकासखंड के जमुरवा खुर्द में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला आयोजित किया गया।गाय का पूजन का कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।उप पशुचिकित्सा अधिकारी सलोन सुरेंद्र कुमार व पशु चिकित्सा अधिकारी सूची युद्धवीर सिंह ने पशुपालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में बताया गया।साथ ही क्षेत्र से आए हुए पशुपालकों के पशुओं का इलाज कर निःशुल्क दवाएं वितरण किया गया। शिविर में आए हुए पशुपालकों व ग्रामीणों को पशु चिकित्सा अधिकारियों द्वारा पशुओं की घातक बीमारी से बचाव व देखभाल की विस्तार से जानकारी दिया गया।इस मौके पर आलोक यादव फार्मासिस्ट, काशी प्रसाद मौर्या, महेश कुमार अनिरुद्ध पांडेय, जयकरन यादव, अजय, संजय, राजू आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### नेत्र परीक्षण शिविर में एक दर्जन मरीज चिन्हित

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के एक विद्यालय में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आधा सैकड़ा से अधिक ग्रामीणों के नेत्रों का परीक्षण कर परामर्श दिया गया। परीक्षण के दौरान एक दर्जन से अधिक मोतियाबिंद आदि के मरीजों को चिन्हित कर अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में मरीजों का नि:शुल्क आपरेशन किया जाएगा। जिला अंधता निवारण अभियान के तहत बुधवार को क्षेत्र के गांव अख्तियारपुर स्थित सुरजनदेवी छोटेलाल मिश्र बालिका इंटर कॉलेज में कानपुर के जवाहरलाल रोहतगी नेत्र चिकित्सालय के चिकित्सकों द्वारा एक नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। पूर्व निर्धारित नेत्र परीक्षण शिविर में क्षेत्र से आए आधा सैकड़ा से अधिक ग्रामीण नेत्र रोगियों का नेत्र परीक्षण किया गया तथा उन्हें चिकित्सीय परामर्श भी दिया गया। शिविर में मोतियाबिंद की बीमारी से ग्रसित बारह एवं आंख में झिल्ली बन जाने वाले दो मरीजों को चिन्हित किया गया जिन्हें ऑपरेशन के लिए कानपुर अस्पताल ले जाया गया। शिविर में आए मरीजों की आंखों का परीक्षण नेत्र परीक्षक अनुराग यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पनकी कानपुर स्थित हनुमान मंदिर के महंत बालकदास महाराज द्वारा कराया गया। इस अवसर पर ओमप्रकाश मिश्रा एकता मिश्र कैलाश नाथ बाजपेई प्रेमचंद्र मिश्र संजेश पांडेय गोपाल मिश्र अनिल द्विवेदी मोहित मिश्रा आदि सहयोगी मौजूद रहे।

### पेड़ से गिरकर युवक घायल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** आसीवन थाना क्षेत्र में पेड़ की डाली छांट रहे युवक का संतुलन बिगड़ गया जिससे वह पेड़ से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे परिजनों ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मियागंज कस्बा के मोहल्ला तोपखाना निवासी नाज आलम 45 पुत्र मुन्ना खान घर के आंगन में खड़े नीम के पेड़ की छटाई कर रहा था तभी उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर गया। गंभीर रूप से घायल युवक को परिजनों ने मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया जहां डाक्टर ने उसकी हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### किशोरी का घर के अन्दर फांसी से लटका मिला शव

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के बलवंतखेड़ा गांव में बुधवार सुबह किशोरी का शव संदिग्ध हालातों में कमरे के अंदर दुपट्टे के फंदे से लटका मिला। घटना के वक्त मां और पिता ड्यूटी पर गए थे। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बलवंतखेडा निवासी रश्मि (17) पुत्री अजय राजपूत का शव बुधवार सुबह तकरीबन नौ बजे घर के अंदर दुपट्टे के फंदे से लटका मिला। घटना के वक्त रश्मि के अलावा उसकी बहने अंशिका, अनन्या और छोटा भाई आदित्य था। सभी भाई-बहन बाहर खेल रहे थे जबकि रश्मि खाना पका रही थी। कुछ देर बाद जब अनन्या पानी पीने घर पहुंची तो उसने घर के दरवाजे अंदर से बंद पाया। काफी प्रयासों के बाद भी जब अंदर से कोई आवाज नहीं आई और दरवाजे नहीं खुले तो उसने पड़ोसियों को जानकारी दी। पड़ोसियों ने अंदर झांककर देखा तो रश्मि का शव छत में लगे हुक से बंधे दुपट्टे के फंदे से लटकता मिला। पड़ोसियों ने इसकी जानकारी पुलिस के साथ-साथ माता-पिता को फोन के जरिए दी। सूचना पर पहुंचे कार्यवाहक चौकी प्रभारी मगरवारा सुभाष चंद्र ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पिता कानपुर घंटाघर में खारद की दुकान में काम करता है। जबकि मां रामकुमारी अकरमपुर में एक फैक्ट्री में काम करती है। पिता अजय राजपूत ने बताया एक साल पहले ही उसने यहां मकान बनाया है। इससे पहले वह परिवार के साथ कानपुर के जरीब चौकी क्षेत्र में रहता था। रश्मि ने कक्षा आठ तक की ही पढ़ाई की थी।

# जेसीबी ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

**खीरों रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

अनियंत्रित तेज रफ्तार जेसीबी ने बाइक सवार सुपरवाइजर को रौंदा हुई दर्दनाक मौत खीरों थाना क्षेत्र के बसहा नाला पुल के पास स्थित बिश्वनाथ खेड़ा गांव का है जहां अनियंत्रित से रफ्तार जेसीबी चालक ने सुपरवाइजर को कुचल दिया जिससे सुपरवाइजर की मौके पर मौत हो गयी वहीं चालक जेसीबी लेकर फरार हो गया आसपास मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों के साथ पुलिस को दिया। मौके पर पहुंचे परिजन शव को लेकर सीएचसी खीरो आये। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया वहीं परिजन चालक पर जानबूझकर जेसीबी चढ़ाकर हत्या करने का आरोप लगा रहे है। शिवपुरी गांव निवासी मृतक रूपेंद्र सिंह उर्फ पिंटू सिंह 42 वर्ष पुत्र मनमोहन सिंह बिश्वनाथ खेड़ा गांव के पास पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्मित बसहा नाला का पुल व सड़क के निर्माण में सुपरवाइजर थे। जो बीते छह माह से सड़क व पुल के निर्माण कार्य की देखरेख करते थे ।प्रतिदिन की तरह वह गांव से बाइक से निर्माणाधीन पुल पर आकर खड़े हुए थे। इसी दौरान पुल निर्माण के लगी गिट्टी को एकत्रित कर रही जेसीबी के चालक ने पिंटू को टक्कर मारते हुए उसे कुचल दिया। जिससे पिंटू सिंह की मौके पर मौत हो गयी। आसपास मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों व पुलिस को दिया। जिसके बाद पहुँचे परिजन मृतक को लेकर सीएचसी खीरो आये। जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर परिजनो को लगते ही कोहराम मच गया। मृतक के पांच नाबालिग पुत्रियां है। अब उनकी परवरिश व शादी कौन व कैसे करेगा। यह सोचकर पिता मनमोहन, मां कुसुमा सिंह , पत्नी रागिनी का रो रो कर बुरा हाल है।

# आईजी ने किया बछरावां थाने का निरीक्षण



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत बुधवार को आईजी रेंज तरुण गाबा बछरावां थाने का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान थाने पहुंचते आईजी रेंज तरुण गाबा के पहुंचते ही पुलिस कर्मियों द्वारा सलामी देते हुए, पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। निरीक्षण के दौरान थाने के महिला हेल्प डेस्क में तैनात महिला पुलिसकर्मी उपासना दीक्षित, रुचि द्विवेदी से संबंधित शिकायती रजिस्टर तथा महिला हेल्प डेस्क के अंदर उनके कार्यों के बारे में जानकारी ली। कंप्यूटर कक्ष, महिला व पुरुष बंदी ग्रह, विवेचना कक्ष, शौचालय, कार्यालय के अभिलेखों में अपराध रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, माल के रखरखाव तथा सीसीटीवी कक्ष, पेयजल की व्यवस्था, परिसर में साफ-सफाई और थाने में लगे हुए सीसीटीवी कैमरे आदि की समीक्षा की।

पुलिसकर्मियों के आवासों के निरीक्षण के दौरान साफ सफाई की व्यवस्था को लेकर आईजी ने फटकार लगाई तथा गर्मी को देखते हुए आवासों में कूलर आदि लगाने की बात कही।

आईजी ने कहा कि ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अपराधी प्रबंध के व्यक्तियों पर बीट सिपाही लगातार निगरानी बनाए रखें, तथा विवेचनावो को समय से पूर्ण करें, एवं कोतवाली में आने वाले किसी भी फरियादी से गलत व्यवहार ना किया जाए। पीड़ित को न्याय दिलाना पहली प्राथमिकता है। इसके अलावा उन्होंने लंबित विवेचनाओ को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इसी दौरान आईजी रेंज तरुण गाबा एवं कप्तान आलोक प्रियदर्शी ने परिसर के अंदर आम के पौधे को रोपित किया।

### आईजी तरुण गाबा ने केंद्रीय वाहन यार्ड का किया उद्घाटन

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** रायबरेली जिले के महराजगंज कोतवाली क्षेत्र में नवनिर्मित केंद्रीय वाहन यार्ड का उद्घाटन आईपीएस आईजी रेंज लखनऊ तरुण गाबा ने किया। पुलिस अधीक्षक रायबरेली आलोक प्रियदर्शी की मौजूदगी में वाहन यार्ड का भव्य उद्घाटन हुआ वही आईजी ने कार्यालय पहुंचकर अभिलेखों का गहनता से निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों से जानकारियां भी ली। केंद्रीय वाहन यार्ड बनने से अब थानों चौकियों एवं कोतवाली में जो गाड़ियों का अंबार लगा रहता था उससे कहीं ना कहीं काफी हद तक निजात मिलेगी। इस मौके पर पुलिस कप्तान आलोक प्रियदर्शी अरुण कुमार नौहवार कोतवाली प्रभारी श्याम कुमार पाल बीजेपी नेता एवं महराजगंज चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू बीजेपी नेता एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र सिंह महिला मोर्चा बीजेपी के जिला अध्यक्ष सुधा अवस्थी सहित भारी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# बीएमपीएस लालगंज में वार्षिक परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम संपन्न

- छात्रों, अभिभावकों व विद्यालय प्रबंधन के मध्य तालमेल अच्छा होने पर ही बच्चे का चतुर्दिक विकास संभव : अजीत प्रताप सिंह




**लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

नगर की बहुप्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज में वार्षिक रिपोर्ट कार्ड डिस्ट्रीब्यूशन कार्यक्रम विद्यालय की ख्याति के अनुरूप ही भव्यता के साथ संपन्न हुआ।बच्चे रिपोर्ट कार्ड पाकर हर्षित और प्रफुल्लित नजर आए।प्ले ग्रुप से कक्षा 9व 11 के छात्रों का रिपोर्ट कार्ड वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें कक्षा में स्थान बनाने वाले छात्रों को प्रबंधन ने पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि एसडीएम लालगंज अजीत प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि बैसवारा क्षेत्र के लिए बड़े ही सौभाग्य की बात है कि बीएमपीएस जैसा अच्छा विद्यालय आपके पाल्यों के लिए उपलब्ध है अभिभावकों को चाहिए कि विद्यालय के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए अपने पालयों की दैनिक क्रियाकलापों पर नजर रखें साथ ही कहा आज के दौर में अभिभावकों एवं छात्रों में बढ़ती दूरी कम होनी चाहिए छात्रों और अभिभावकों के मध्य बेहतर सामंजस्य होने पर ही छात्र का चतुर्दिक विकास संभव है।साथ ही एसडीएम लालगंज और बीएमपीएस समूह के चेयरमैन ने प्ले ग्रुप में स्थान बनाने वाले छात्र समर्थ पांडे,अंजनेय सिंह,वीरेश प्रताप सिंह आदि को प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। इसके अतिरिक्त लगभग डेढ़ सैकड़ा से अधिक छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन ने प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बीएमपीएस के चेयरमैन सुनील सिंह ने बीएमपीएस परिवार की ओर से एसडीएम लालगंज को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित भी किया।

# सीओ ने बैराज चौकी का किया निरीक्षण




**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मंगलवार रात्रि लगभग 12.30 बजे क्षेत्राधिकारी सदर ने गंगा बैराज चौकी का औचक निरीक्षण किया गया। क्षेत्राधिकारी आशुतोष कुमार ने कोतवाली सदर एवं कोतवाली गंगाघाट क्षेत्रांतर्गत बैरियर एवं पिकेट ड्यूटी को चेक किया गया। साथ ही ड्यूटी पर मौजूद पुलिसबल को रात्रि ड्यूटी चलते आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जब उक्त संबंध में सीओ से आशुतोष कुमार से फोन पर वार्ता करनी चाही उनका फोन नंबर स्विच ऑफ जा रहा था। वही गंगाघाट कोतवाल अवनीश सिंह ने बताया कि क्षेत्राधिकारी ने सोमवार देररात्रि औचक निरीक्षण किया और पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

# खाड़ी देश भेजने के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

- 55 लोगों से वसूले थे 50-50 हजार रुपये, फर्जी निकला वीसा



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

खाड़ी देशों में भेजने के नाम पर फर्जी वीसा बनाकर लोगों को ठगने वाले को पुलिस ने एंबेसी से वीसा फर्जी सिद्ध होने के बाद आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के अकवाबाद निवासी देवीकृष्ण 50 पुत्र प्यारेलाल ने लगभग 55 लोगों से पैसे लेकर खाड़ी देश कतर भेजने का फर्जी वीसा पकड़ा दिया था। मामला खुलने पर पीड़ित धानीखेड़ा निवासी बृजेश कुमार पुत्र रामसनेही व धर्मेंद्र यादव, विमलेश कुमार, पुनीत कुमार, किशनलाल, देशराज, अशोक कुमार आदि 55 लोगों ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि थाना क्षेत्र के गांव अकवाबाद निवासी देवीकृष्ण पासवान पुत्र प्यारे ने 55 लोगों से पचास-पचास हजार विदेश भेजने के लिए तथा 5 हजार मेडिकल के लिए लिए थे परंतु जिस तारीख को उन्हें फ्लाइट में बैठना था एक दिन पूर्व सभी को वीजा देते हुए बताया कि कल आप लोगों की फ्लाइट है परंतु जब उन लोगों ने ऑनलाइन अपना वीजा चेक किया तो वह फर्जी निकला। तत्कालीन थानाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्र ने जांच में प्रथम दृष्टया संदिग्ध होने पर मामला पंजीकृत कर लिया गया था। उपनिरीक्षक अबू मोहम्मद कासिम ने बताया कि कतर दूतावास से वीसा प्रमाणित करने के लिए भेजा गया था वहां से वीसा फर्जी होने की पुष्टि होने के बाद युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## बीडीओ को स्थानान्तरण पर दी गई विदाई

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड बीघापुर में कार्यरत खंड विकास अधिकारी का जिला उपायुक्त एनआरएलएम जालौन स्थानांतरण होने के बाद बुधवार को विकास खंड सभागार में जनप्रतिनिधियों वह समस्त सहकर्मचारियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। स्थानांतरित बीडीओ दिनेश कुमार यादव ने कहा कि सभी को अपना कार्य लगन और निष्ठा के साथ करना चाहिए। व्यक्ति को हर कार्य में सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना जीवन की सफलता का सबसे बड़ा मूल मंत्र है। कार्यक्रम का संचालन पंचायत सचिव पवन मौर्य ने किया। सहायक विकास अधिकारी लल्लूलाल, अंजनी कुमार गुप्ता, ब्रह्मदेव पांडेय, जेई एमआई उमादत्त मिश्रा, टीए अजय पटेल, बृजेंद्र कुमार, धर्मेंद्र यादव, प्रधान टेढ़ा रामकुमार, रिंकू सिंह, रईस मोहम्मद, सुरेश वर्मा, शैलेश चौरसिया, एपीओ पियूष गुप्ता ने विदाई दी।

# अभिमानी जीव ईश्वर से दूर हो जाता है : कथा व्यास

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**



जीव को जब अभिमान हो जाता है तो भगवान उनसे दूर हो जाते है लेकिन वही जीव जब विरह में होता है तो श्रीकृष्ण उस पर अनुग्रह करते हैं। प्रभू भक्त को अपनी शरण में लेकर दर्शन देते है। यही रास है यही जीव का शिव से मिलन की कथा है। रास काम को बढ़ाने की नहीं अपितु काम पर विजय प्राप्त करने की कथा है। उक्त बातें फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के ग्राम लखनापुर स्थित बड़ीकुटी में आयोजित भागवत कथा में शक्तिपीठ माता भुवनेश्वरी मंदिर के पीठाधीश्वर नीरज स्वरूप ब्रम्हचारी ने कही। भागवत कथा व्यास द्वारा बुधवार को भक्तो को भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणी के विवाह की कथा का श्रवण कराया गया। उन्होने कहा कि श्रीकृष्ण को भी इस बात का पता चल चुका था कि विदर्भ नरेश भीष्म की पुत्री रुकमणी परम रूपवती व परम सुलक्षणा है। भीष्म का बड़ा पुत्र राजकुमार रुक्मी भगवान श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था। वह अपनी बहन रुकमणी का विवाह शिशुपाल से करना चाहता था। उधर शिशुपाल भी भगवान कृष्ण से द्वेष रखता था। रुक्मिणी को जब इस बात का पता चला तो अपना निश्चय प्रकट करने के लिए रुक्मिणी ने एक ब्राह्मण को श्रीकृष्ण के पास द्वारिका भेजा व संदेश दिया। रुकमणी द्वारा भेजे गए पत्र को पढ़कर श्रीकृष्ण रुक्मणी से विवाह करने के लिए गिरजा मंदिर पहुंच गए वहां से रुक्मिणी का हरण करके वापस चलने लगे तभी रुक्मणी का भाई रुक्मी ने श्रीकृष्ण को रास्ते में रोककर युद्ध करने लगा। प्रभु ने रुक्मी को पराजित कर द्वारिका पहुंच विधि अनुसार रुकमणी से ब्याह किया। रुकमणी व भगवान कृष्ण की विवाह की कथा सुन श्रोता मंत्रमुग्ध हुए।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को जागरूक कर रही पुलिस

- साइबर क्राइम की सूचना साइबर हेल्प नंबर 1930 पर दर्ज कराएं : सरिता गौतम



**शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला पुलिस कर्मी नीतू माथुर गांव-गांव में जाकर महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारी व हक के बारे में जानकारी दे रही हैं।और यह भी बता रही हैं कि महिलाएं किस तरह खुद को सुरक्षित रख सकती हैं। साथ ही कोई परेशानी आने पर कैसे और कहां पुलिस की मदद मिल सकती है। महिलाओं से बातचीत करके उनकी समस्याएं भी जान रही हैं। इसके तहत बुधवार को थाना क्षेत्र के अंतर्गत शिवली गांव में चौपाल के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकार एवं हक के प्रति जागरूक किया गया और उन्हें यह बताया कि जब भी आपके साथ कोई अप्रिय घटना घटे तो उसको छिपाने के बजाए अपने शुभचितकों को जरूर बताएं। जो महिला या बालिका किसी बात को लेकर परेशान हो और अपने स्वजन से न कह पाती हों वह महिला पुलिस कर्मी से अपनी समस्या कहें। और यदि कही भी आते-जाते समय कोई छेड़ता हो या पीछा करता हो तो महिलाएं बेझिझक होकर हेल्पलपाइन नम्बर 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन,1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन पर सूचना दें। ताकि आपकी मदद की जा सके। गया।इसी क्रम में उप निरीक्षक राम प्रेम कनौजिया द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को यूपी कॉप एप के बारे में भी जानकारी देते हुए बताया गया कि यदि आप थाने नही जा सकती हैं तो आप अपनी शिकायत अपने मोबाइल फोन से यूपी कॉप एप के माध्यम से दर्ज करा सकती हैं।इससे आपको थाने नही जाना पड़ेगा और आपकी शिकायत भी दर्ज हो जायेगी और पुलिस द्वारा आपकी शिकायत का समाधान भी कर दिया जाएगा।

# ड्रोन से छद्म युद्ध

जिस पाकिस्तान का जन्म ही भारत के प्रति दुश्मनी से हुआ है, उससे हर दौर में घात-प्रतिघात के प्रति हमें सचेत रहना होगा। केंद्र में मजबूत सरकार आने के बाद जब सीमाओं पर सुरक्षा बलों की चौकस उपस्थिति है और रक्षाबलों-सेना को फैसले लेने की आजादी मिली है, तो पाकिस्तानी घुसपैठ पर भी अंकुश लगा है। दशकों से की जा रही घुसपैठ के रुकने से बौखलाए पाक के सत्ता प्रतिष्ठानों व खुफिया एजेंसियों ने ड्रोन के जरिये छद्म घात शुरू किया है। जम्मू-कश्मीर व पंजाब में निरंतर नशीले पदार्थों की आपूर्ति व लगातार बरामद होती खेपें इस संकट को बता रही हैं। निस्संदेह यह बड़ा अंतर्राष्ट्रीय षड्यंत्र है कि अफगानिस्तान से निकलने वाली नशे की खेपें हवाई, सड़क व समुद्री मार्ग से भारत भेजी जा रही हैं ताकि युवा पीढ़ी को पथभ्रष्ट किया जा सके। वहीं आतंकी व कट्टरपंथी संगठनों के लिये आर्थिक संसाधन जुटाये जा सकें। पिछले दिनों राजौरी में नियंत्रण रेखा के पास एक गांव से नशीले पदार्थों और हथियारों की बरामदगी पाकिस्तान से ड्रोन के जरिये अंजाम दिये जा रहे नार्को-आतंकवाद की ओर इशारा करती है। कमोबेश इसी तरह पंजाब की सीमा पर भी अत्याधुनिक हथियारों व नशे की खेप ड्रोन के जरिये गिराने के भी तमाम मामले विगत में प्रकाश में आते रहे हैं। निस्संदेह, यह एक सुनियोजित खतरनाक साजिश है जिसमें चीन में निर्मित ड्रोनों के प्रयोग की बात भी सामने आती रही है। ऐसे में यह स्थिति सुरक्षा बलों के लिये बड़ी चुनौती पैदा कर रही है क्योंकि तकनीक के जरिये लड़े जा रहे छद्म युद्ध का मुकाबला अत्याधुनिक तकनीक के जरिये ही किया जा सकता है। यह भी एक हकीकत है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में ड्रोन की सहज उपलब्धता तथा सुरक्षा बलों की ओर से रात्रि व खराब मौसम में उन पर नजर रख पाने में मुश्किल के चलते यह चुनौती जटिल होती जा रही है। निस्संदेह, थल सीमा पर सुरक्षा बलों की सजगता-सतर्कता से आतंकवादियों व पाक पोषित नशा तस्करों की थल मार्ग से घुसपैठ मुश्किल हुई है। लगातार मार गिराये और खदेड़े गये ड्रोनों की संख्या बताती है कि यह साजिश किस पैमाने पर हो रही है। साथ ही यह भी कि भारत के खिलाफ सीमापार बैठे लोगों के खतरनाक इरादे किस हद तक जा पहुंचे हैं। निस्संदेह, भौगोलिक जटिलता के चलते पूरी थल सीमा की निगरानी कर पाना असंभव जैसा ही है। इसके बावजूद भारत को काउंटर ड्रोन तकनीकों को प्रयोग में लाकर आतंकवादियों व नशा तस्करों के मंसूबों पर पानी फेरना होगा। साथ ही देश के भीतर की उन काली भेड़ों पर भी नजर रखनी होगी, जो पाक में बैठे आकाओं के इशारों पर हथियारों व नशे के अवैध कारोबार में मददगार बने हुए हैं। देश में ड्रोन तकनीक के उपयोग व विस्तार के लिये बड़ी पूंजी के निवेश की जरूरत भी महसूस की जा रही है। निस्संदेह, ड्रोन के जरिये लगातार बढ़ती घुसपैठ व तस्करी से निपटने के लिये किसी भी स्तर पर उदासीनता घातक साबित हो सकती है। आज पूरी दुनिया में युद्ध शैली में बड़ा बदलाव आया है। हाल में ईरान में बने ड्रोनों ने यूक्रेन में कहर बरपाया है। इस समस्या से निपटने के लिये देश में युद्ध स्तर पर ड्रोन तकनीक में शोध व अनुसंधान को बढ़ावा देने की जरूरत है। उस हद तक कि देश के युवाओं में ड्रोन निर्माण व शोध के लिये एक नया जुनून पैदा हो सके। यह वक्त की जरूरत भी है कि अपनी सीमाओं को अक्षुण्ण बनाये रखा जाये। यह इसीलिये भी जरूरी है कि पड़ोसी मुल्क चीन ने पिछले दिनों अपने रक्षा खर्च में अप्रत्याशित बढ़ोतरी की है। पिछले दिनों लद्दाख व एलएसी पर संदिग्ध गतिविधियां उसके खतरनाक मंसूबों की ओर इशारा कर रही हैं। जिसको लेकर हमें सतर्क रहना होगा। हमें उन्नत राडार, रेडियो फ्रीक्वेंसी एनालाइजर, ध्वनिक सेंसर या ऑप्टिकल सेंसर जैसे अत्याधुनिक ड्रोन निगरानी तंत्र की बहाली तुरंत करनी होगी। यह सुखद है कि जे एंड के व पंजाब के विभिन्न सेक्टरों में तैनात स्वदेशी एंटी-ड्रोन जैमर व स्पूफर्स के परीक्षण सकारात्मक रहे हैं।

# प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ भारत की लड़ाई

प्रियंका सौरभ

उपभोक्ताओं के रूप में, हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे घरों से निकलने वाले सभी प्लास्टिक कचरे को अलग किया जाए और खाद्य अपशिष्ट से दूषित न हो। भारत ने हाल ही में नैरोबी में होने वाली पांचवीं संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सभा से एक महीने पहले प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने के लिए एक मसौदा प्रस्ताव जारी किया। कुछ अन्य देशों द्वारा प्रस्तुत मसौदों के विपरीत, भारत के ढांचे ने कानूनी रूप से बाध्यकारी होने के बजाय एक स्वैच्छिक दृष्टिकोण का प्रस्ताव दिया। 2019 में, केंद्र सरकार ने 2022 तक भारत को एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक से मुक्त करने के लिए, देश भर में एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक के उपयोग को हतोत्साहित करने के लिए एक बहु-मंत्रालयी योजना बनाई थी। वर्तमान में, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 देश में 50 माइक्रोन से कम मोटाई वाले कैरी बैग और प्लास्टिक शीट के निर्माण, आयात, स्टॉकिंग, वितरण, बिक्री और उपयोग पर रोक लगाता है। पर्यावरण मंत्रालय ने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन संशोधन नियम, 2021 को अधिसूचित किया है। ये नियम 2022 तक विशिष्ट एकल-उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं पर रोक लगाते हैं, जिनकी ष्कम उपयोगिता और उच्च कूड़ेदान क्षमता है। प्लास्टिक की थैलियों की अनुमत मोटाई, वर्तमान में 50 माइक्रोन, होगी 30 सितंबर, 2021 से 75 माइक्रोन और 31 दिसंबर, 2022 से 120 माइक्रोन तक बढ़ाया गया। नीति स्तर पर, 2016 के नियमों के तहत पहले से उल्लिखित विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (ईपीआर) की अवधारणा को बढ़ावा दिया जाना है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राज्य प्रदूषण निकायों के साथ, प्रतिबंध की निगरानी करेगा, उल्लंघनों की पहचान करेगा और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत पहले से निर्धारित दंड लगाएगा।

एक नई रिपोर्ट के अनुसार, जी20 देशों में प्लास्टिक की खपत 2050 तक लगभग दोगुनी होने की उम्मीद है। इसलिए खतरे को भांपते हुए कॉटन, खादी बैग और बायो-डिग्रेडेबल प्लास्टिक जैसे विकल्पों को बढ़ावा देकर पर्यावरण के अनुकूल और उद्देश्य के अनुकूल विकल्पों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए आर्थिक प्रोत्साहन प्रदान करें जो अधिक नुकसान नहीं पहुंचाते हैं। समर्थन में कर छूट, अनुसंधान और विकास निधि, प्रौद्योगिकी ऊष्मायन, सार्वजनिक-निजी भागीदारी, और उन परियोजनाओं का समर्थन शामिल हो सकता है जो एकल-उपयोग की वस्तुओं को रीसायकल करते हैं और कचरे को एक संसाधन में बदल देते हैं जिसे फिर से उपयोग किया जा सकता है। उपभोक्ताओं के रूप में, हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे घरों से निकलने वाले सभी प्लास्टिक कचरे को अलग किया जाए और खाद्य अपशिष्ट से दूषित न हो। भारत ने हाल ही में नैरोबी में होने वाली पांचवीं संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सभा से एक महीने पहले प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने के लिए एक मसौदा प्रस्ताव जारी किया। कुछ अन्य देशों द्वारा प्रस्तुत मसौदों के विपरीत, भारत के ढांचे ने कानूनी रूप से बाध्यकारी होने के बजाय एक स्वैच्छिक दृष्टिकोण का प्रस्ताव दिया। 2019 में, केंद्र सरकार ने 2022 तक भारत को एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक से मुक्त करने के लिए, देश भर में एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक के उपयोग को हतोत्साहित करने के लिए एक बहु-मंत्रालयी योजना बनाई थी। वर्तमान में, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 देश में 50 माइक्रोन से कम मोटाई वाले कैरी बैग और प्लास्टिक शीट के निर्माण, आयात, स्टॉकिंग, वितरण, बिक्री और उपयोग पर रोक लगाता है। पर्यावरण मंत्रालय ने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन संशोधन नियम, 2021 को अधिसूचित किया है। ये नियम 2022 तक विशिष्ट एकल-उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं पर रोक लगाते हैं, जिनकी ष्कम उपयोगिता और उच्च कूड़ेदान क्षमता है। प्लास्टिक की थैलियों की अनुमत मोटाई, वर्तमान में 50 माइक्रोन, होगी 30 सितंबर, 2021 से 75 माइक्रोन और 31 दिसंबर, 2022 से 120 माइक्रोन तक बढ़ाया गया। नीति स्तर पर, 2016 के नियमों के तहत पहले से उल्लिखित विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (ईपीआर) की अवधारणा को बढ़ावा दिया जाना है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राज्य प्रदूषण निकायों के साथ, प्रतिबंध की निगरानी करेगा, उल्लंघनों की पहचान करेगा और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत पहले से निर्धारित दंड लगाएगा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने बताया है कि 22 राज्यों ने अतीत में एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है, लेकिन इसका बहुत कम प्रभाव आर्द्रभूमि और जलमार्गों को चोक करने और महासागरों में ले जाकर माइक्रोप्लास्टिक में बदलने के संकट पर पड़ा है। अब तक, 22 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश प्लास्टिक प्रदूषण को मात देने की लड़ाई में शामिल हो गए हैं और कैरी बैग,



कप, प्लेट, कटलरी, स्ट्रॉ और थर्मोकोल उत्पादों जैसे एकल उपयोग वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। भारत ने पिछले साल विश्व पर्यावरण दिवस पर घोषित अपने बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन संकल्प के लिए वैश्विक प्रशंसा भी हासिल की है, जिसके तहत उसने 2022 तक सिंगल-यूज प्लास्टिक को खत्म करने का संकल्प लिया है। राष्ट्रीय, राज्य और स्थानीय स्तर पर - उदाहरण के लिए, सभी पेट्रोकेमिकल उद्योगों को - प्रतिबंधित वस्तुओं में लगे उद्योगों को कच्चे माल की आपूर्ति नहीं करने के निर्देश जारी किए गए हैं। प्रदूषण नियंत्रण समितियां एकल-उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं में लगे उद्योगों के लिए वायुध्जल अधिनियम के तहत जारी सहमति को संशोधित या रद्द कर देंगी। स्थानीय अधिकारियों को इस शर्त के साथ नए वाणिज्यिक लाइसेंस जारी करने का निर्देश दिया गया है कि उनके परिसर में एसयूपी आइटम नहीं बेचे जाएंगे, और मौजूदा वाणिज्यिक लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे यदि वे इन वस्तुओं को बेचते पाए गए। कम्पोस्टेबल प्लास्टिक के 200 निर्माताओं को एकमुश्त प्रमाणपत्र जारी किया है और बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक के लिए बीआईएस मानकों को पारित किया है। प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों को पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के तहत दंडित किया जा सकता है - जो 5 साल तक की कैद, या 1 लाख रुपये तक का जुर्माना, या दोनों की अनुमति देता है। उल्लंघनकर्ताओं को पर्यावरण क्षति मुआवजे का भुगतान करने के लिए भी कहा जा सकता है। प्लास्टिक पर कानूनी रूप से बाध्यकारी वैश्विक संधि के गुण सभी देशों पर कानूनों का एक समान सेट लागू होता है जिससे प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने के लिए दुनिया भर में संचयी प्रयास को बढ़ावा मिलता है। भूमि, समुद्री आदि सभी प्रकार के प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए वैश्विक अभियान को मजबूत करता है। प्लास्टिक प्रदूषण से लड़ने के प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए एक वित्तीय तंत्र बनाने में मदद करता है। सभी देश संधि का पालन करने में सक्षम नहीं हो सकते हैं क्योंकि प्लास्टिक का विकल्प अवहनीय या दुर्गम या अनुपलब्ध हो सकता है। सामान्य लेकिन विभेदित जिम्मेदारियों के सिद्धांत के खिलाफ जाता है। उपभोक्ताओं के रूप में, हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे घरों से निकलने वाले सभी प्लास्टिक कचरे को अलग किया जाए और खाद्य अपशिष्ट से दूषित न हो। प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन के लिए प्रभावी ज्ञान की आवश्यकता होती है, न केवल प्लास्टिक का उत्पादन करने वालों में बल्कि इसे संभालने वालों में भी। ब्रांड के मालिक और निर्माता को यह समझने की कोशिश करनी चाहिए कि पैकेजिंग का उद्देश्य पूरा होने के बाद एक प्लास्टिक पैकेजिंग सामग्री का क्या अंजाम होगा। नागरिकों को व्यवहार में बदलाव लाना होगा और कूड़ा नहीं फैलाना होगा और अपशिष्ट पृथक्करण और अपशिष्ट प्रबंधन में मदद करनी होगी। चिन्हित एकल उपयोग प्लास्टिक वस्तुओं और प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के डिजिटल समाधानों के विकल्प के विकास में नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए, स्टार्ट-अप इंडिया पहल के तहत मान्यता प्राप्त उच्च शिक्षण संस्थानों और स्टार्ट-अप के छात्रों के लिए इंडिया प्लास्टिक चौलेंज- हैकथॉन 2021 का आयोजन किया गया है। कॉटन, खादी बैग और बायो-डिग्रेडेबल प्लास्टिक जैसे विकल्पों को बढ़ावा देकर पर्यावरण के अनुकूल और उद्देश्य के अनुकूल विकल्पों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए आर्थिक प्रोत्साहन प्रदान करें जो अधिक नुकसान नहीं पहुंचाते हैं। समर्थन में कर छूट, अनुसंधान और विकास निधि, प्रौद्योगिकी ऊष्मायन, सार्वजनिक-निजी भागीदारी, और उन परियोजनाओं का समर्थन शामिल हो सकता है जो एकल-उपयोग की वस्तुओं को रीसायकल करते हैं और कचरे को एक संसाधन में बदल देते हैं जिसे फिर से उपयोग किया जा सकता है। विकल्प बनाने के लिए प्रयुक्त सामग्री के आयात पर करों को कम करना या समाप्त करना। उद्योग को कर छूट या अन्य शर्तों को लागू करके इसके संक्रमण का समर्थन करने के लिए प्रोत्साहन प्रदान करें। प्लास्टिक पैकेजिंग के आयातकों और वितरकों सहित सरकारों को प्लास्टिक उद्योग के प्रतिरोध का सामना करना पड़ेगा। उन्हें अनुकूल होने का समय दें। सार्वजनिक भलाई को अधिकतम करने के लिए एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक पर करों या लेवी से एकत्रित राजस्व का उपयोग करें। पर्यावरणीय परियोजनाओं का समर्थन करें या धन के साथ स्थानीय पुनर्चक्रण को बढ़ावा दें। सीड फंडिंग के साथ प्लास्टिक रीसाइक्लिंग क्षेत्र में रोजगार सृजित करें। भूमिकाओं और जिम्मेदारियों का स्पष्ट आवंटन सुनिश्चित करके चुने गए उपाय को प्रभावी ढंग से लागू करें। यदि आवश्यक हो तो चुने गए उपाय की निगरानी करें और समायोजित करें और प्रगति पर जनता को अपडेट करें। उत्पादकों पर प्लास्टिक के सभी रूपों के संग्रह, पुनर्चक्रण और प्रसंस्करण को सुव्यवस्थित करने का दबाव बढ़ना तय है। व्यक्तियों और संगठनों को अब सक्रिय रूप से अपने आसपास से प्लास्टिक कचरे को हटाना चाहिए और नगर निकायों को इन वस्तुओं को एकत्र करने की व्यवस्था करनी चाहिए। स्टार्टअप्स और उद्योगों को प्लास्टिक के पुनर्चक्रण के नए तरीकों के बारे में सोचना चाहिए।

विचार

# किसान क्यों कराहते हैं ?

भारत को आज भी कृषि प्रधान देश कहा जाता है मगर किसानों की आर्थिक दशा सुधारने की पुख्ता निदेशित व्यवस्था हम आज तक विकसित नहीं कर पाये हैं। मगर इसका अर्थ यह कतई नहीं है कि स्वतन्त्र भारत में इस तरफ कोई ध्यान ही नहीं दिया गया। आजादी के बाद की सभी सरकारों की निगाह में कृषि भारत के धरातलीय विकास का प्रमुख औजार रही और इस क्षेत्र में 1991 तक सार्वजनिक निवेश भी आनुपातिक ढंग से बढ़ा जिसकी वजह से 70 के दशक तक देश में हरित क्रान्ति हुई और खाद्यान्न उत्पादन में हम आत्मनिर्भर हुए परन्तु 1991 में आर्थिक उदारीकरण का दौर शुरू होने के बाद इस क्षेत्र को लावारिस बना कर छोड़ दिया गया और हमारी प्राथमिकता में अर्थव्यवस्था के अन्य मानक आ गये। आजादी के बाद शुरू के पचास वर्षों में हमने अपने कृषि क्षेत्र को जिस तरह पोषित किया उसके बहुत बेहतर परिणाम आये और हमारे किसानों की मेहनत रंग लाई और भारत में प्रति हैक्टेयर उपज का औसत कई गुना बढ़ गया। हम खाद्यान्न आयात से निर्यात करने वाले मुल्क बन गये। पिछली सदी समाप्त होते-होते हमारे सामने खाद्यान्न प्रबन्धन की समस्या तक पैदा हो गई और तब राष्ट्रीय कृषि नीति का सवाल उठा। अतः केन्द्र में वाजपेयी सरकार के दौरान श्री नीतीश कुमार के कृषि मन्त्री रहते राष्ट्रीय कृषि नीति बनाई गई और भारत अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार नियमों के तहत कृषि परिमाण आयात प्रतिबन्धों की चुनौती कबूल करने की स्थिति में आया परन्तु कृषि क्षेत्र में सार्वजनिक निवेश की तब भी अनदेखी हुई और सब कुछ निजी क्षेत्र के भरोसे छोड़ने की मंशा सतह पर आती गई। इससे खेती की लाभप्रदता पर असर पड़ने लगा और इस क्षेत्र में 'पूंजी सृजन' लगातार कम होता चला गया। आज हम किसानों में जो रोष देख रहे हैं वह कृषि उपजों के विपणन, प्रबन्धन और विस्थापन से जुड़ी हुई समस्याओं का ही प्रतिफल है। इस बीच कृषि उत्पादन के विविध्धिकरण पर भी जोर दिया गया। इसका असर भी हमें तभी दिखाई पड़ा जब सरकारों ने अपनी तरफ से विशेष प्रोत्साहन योजनाएं चलाई। इनमें दलहन- तिलहन उत्पादन का विशेष उल्लेख किया जा सकता है परन्तु भारत की भौगोलिक कृषि विविधता को ही देखते हुए ही कृषि को राज्यों का विषय बनाया गया था जिससे प्रत्येक राज्य अपनी शक्ति के बूते पर भारत के दूसरे राज्यों की आवश्यकता पड़ने पर आपूर्ति कर सके। इस सम्बन्ध में एक राज्य से दूसरे राज्य में कृषि उत्पादों की आवाजाही के नियमों को भी समयानुसार संशोधित किया गया और बाद में देश की सभी कृषि मंडियों को आपस में जोड़ तक दिया गया। इसके बावजूद यदि महाराष्ट्र में पैदा की गई प्याज के दाम वहां के किसानों को स्थानीय मंडियों में दो से सात रुपए किलो तक ही मिलते हैं और दिल्ली के बाजारों में इसकी खुदरा कीमत हमें न्यूनतम तीस रुपए किलो दिखाई पड़ती है तो आसानी से अन्दाजा लगाया जा सकता है कि अधिक फसल उगाने की सजा किसानों को कितनी बेदर्दी से दी जाती है । यही स्थिति उत्तर प्रदेश व अन्य राज्यों में आलू के किसानों की है परन्तु पंजाब के किसान भी आजकल दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे हैं। ये गेहूं व चावल उगाने वाले किसान हैं। इनकी मांगें व्यापक हैं। ये मांग कर रहे हैं कि सरकार ने डेढ़ वर्ष पहले जो न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करने के लिए उच्चाधिकार प्राप्त समिति बनाई थी वह नाकारा साबित हुई है। किसानों की उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य इस प्रकार तय किया जाये कि उनकी लागत का यह कम से कम डेढ़ गुना हो। इसमें खेत में काम करने की मजदूरी को भी शामिल किया जाये और जमीन की कीमत को भी जोड़ा जाये। यह फार्मूला जिसे सी-2 फार्मूला कहा जाता है। यह प्रसिद्ध कृषि अर्थशास्त्री श्री स्वामीनाथन ने दिया था। किसान यह भी मांग कर रहे हैं कि न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रणाली को कानूनी रूप दिया जाये। अब हम जिस अर्थव्यवस्था में जी रहे हैं उसे बाजार मूलक अर्थव्यवस्था कहते हैं। इसमें किसी भी वस्तु की कीमत बाजार की शक्तियां तय करती हैं परन्तु कृषि उत्पादों का सीधा सम्बन्ध आम नागरिक की निजी अर्थव्यवस्था से होता है। इसमें उसकी निजी क्रय क्षमता देखी जाती है। जब भारत में 80 करोड़ लोगों की आमदनी पांच हजार रुपये प्रतिमाह से कम है तो स्वाभाविक रूप से सरकारों का यह कर्त्तव्य हो जाता है कि वे इस आबादी के जीवन जीने की राह को उपलब्ध स्रोतों के मार्फत आसान बनायें। दूसरी तरफ पसीना बहाकर किसान को भी उसकी मेहनत का पूरा मेहनताना मिले। इस सन्तुलन को बनाये रखने के लिए ही कृषि क्षेत्र को सब्सिडी देने की प्रथा शुरू की गई थी। जिसे बाजार मूलक अर्थव्यवस्था नकारती है और कहती है कि बाजार को ही मांग व सप्लाई के फार्मूले पर कृषि उपजों का दाम तय करने दो। इस फार्मूले पर चलने का परिणाम हमारे सामने आलू व प्याज के किसानों की स्थिति है। इससे निपटने के तरीके को ही कृषि प्रबन्धन कहा जाता है। यह प्रबन्धन बिना सरकारी हस्तक्षेप के संभव नहीं हो सकता। हालांकि सब्जी व अन्य कृषि उपज खरीद हस्तक्षेप के लिए नेफेड जैसी सरकारी एजेंसियां पहले से ही मौजूद हैं मगर बढ़ती उपज को देखते हुए इनकी क्षमता पूरी हो चुकी है और इसमें इजाफा नहीं हो रहा है। इसके साथ ही सरकार के पास निर्यात व आयात के विकल्प भी खुले रहते हैं जिनके लिए भी समय पूर्व प्रबन्धन की जरूरत होती है। जाहिर है कि किसानों की समस्याओं के हल की व्यवस्था भी हमें बहुआयामी करनी होगी जिससे भारत के हर इलाके के किसान आश्वस्त हो सकें। इसके लिए निश्चित रूप से पृथक विशेषज्ञ मंडल गठित करने की जरूरत होगी।

साहित्य

## गजल



### दलदलों में वो फिसलते जाएँगे...

ऋतु अग्रवाल
मेरठ

दलदलों में वो फिसलते जाएँगे
ऐब की जो राह चलते जाएँगे


मंजिलें न पा सकेंगे वो बशर
रास्ते जब रोज़ बदलते जाएँगे

बात की कीमत समझते जो नहीं
वो ज़ुबाँ से ही पलटते जाएँगे।

माँ परेशाँ हो रही है बेवजह
तिफ़्ल तो यूँ ही मचलते जाएँगे

कामरानी थाम ले जब आपको
लोग तो बेबात जलते जाएँगे

## झरोखा



हौसलों की डोर थामे रह अड़ा
रास्ते तूफ़ाँ बदलते जाएँगे

वक्त की कीमत समझ ले जब
बशर
ढूँठ भी फिर फल उगलते जाएँगे

कर यकीं अपने कर्म पर तू सदा
हर तरफ फिर फूल खिलते जाएँगे



# राशिफल

**मेष**:- कोई नयी इच्छा मन पर प्रभावी होगी। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

**वृषभ**:- सामाजिक संबंधों में ब्यस्तता बढ़ेगी। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। कुछ नये संबंधों के प्रति मन उत्साहित होगा। रोजगार में लाभकारी स्थिति मन को खुश रखेगी।

**मिथुन**:- कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। सभी इच्छाओं को सकार करने से पूर्व गहन सोच-विचार करें। आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है। घर में खुशहाली रहेगी।

**कर्क**:- महत्वपूर्ण कार्य की समयानुकूल पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा। प्रतिभाओ पर भरोसा रख महत्वपूर्ण लक्ष्यों को फलीभूत करने हेतु केंद्रित हों। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अवसर प्रदान करेगी।

**सिंह**:- अपने पद एवं मर्यादा ख्याल रखते हुए उच्छृंखल मन को नियंत्रित करें। आकस्मिक कोई सुखद समाचार से मन प्रसन्न होगा। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

**कन्या**:-कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अत: इसमें सुधार लायें। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**तुला**:- सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। नये लक्ष्य एवं नये कार्य में व्यस्तता बढ़ेगी। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रम का पूरा लाभ प्राप्त होगा। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता बरते।

**वृश्चिक**:- नई प्रतिभाएं उजागर होंगी। प्रिय लोगों का सानिध्य मिलेगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में मन उसके परिणाम हेतु चिंतित होगा। रोजगार में लाभकारी स्थिति खुश रखेगी।

**धनु**:- वाक्यपटुता एवं व्यवहार कुशलता से संबंधों में प्रभावी होंगे। भौतिक आकांक्षाएं सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु मन केंद्रित होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**मकर**:- नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। काफी दिनों से अवरोधित कोई कार्य हल होने की संभावना है। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयास करें।

**कुंभ**:- नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कार्यक्षेत्र में अनवरत् व्यस्तता रहेगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। घर-परिवार में वातावरण उत्साहित होगा।

**मीन**:- निराशावादी विचार योजनाओं की सार्थकता में बाधक हैं। एक साथ कई चिंताओं से मन ग्रसित होगा। अभिभावको एवं श्रेष्ठजनो के सहयोग से समस्याएं हल होंगी। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

# चीन के इरादे

डॉ. सत्यवान सौरभ

चीन की सत्ता लगातार तीसरी बार संभालने वाले शी जिनपिंग ने अब एक बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि वे अपने देश की सेना को ग्रेट वॉल ऑफ स्टील में तब्दील करना चाहते हैं। चीनी राष्ट्रपति के मुताबिक चीन अपनी संप्रभुता और दुनिया में विकास से जुड़े अपने हितों के लिए सेना को बेहद मजबूत बनाना चाहता है। इन बातों के मायने काफी गहरे हैं। चीन वीटो शक्ति संपन्न देश है, दुनिया की बड़ी आर्थिक, सैन्य और सामरिक ताकत रखता है। अमेरिका जैसी महाशक्ति से सीधे भिड़ने का दुस्साहस चीन करता है। अभी पिछले दिनों सऊदी अरब और ईरान के बीच चीन की मध्यस्थता के कारण फिर से राजनयिक संबंध बहाल हुए हैं। दोनों ही देश एक-दूसरे की जमीन पर अपने दूतावास एक-दो महीने के भीतर खोलेंगे। सात साल पहले सऊदी अरब और ईरान के बीच राजनयिक संबंध टूट गए थे, दोनों देशों के बीच रिश्ते तल्ख थे। लेकिन अब चीन की दखलंदाजी के बाद मध्यपूर्व के ये दोनों देश फिर से रिश्ते जोड़ने पर राजी हुए हैं। यह घटना वैश्विक राजनीति में चीन के बढ़ते दबदबे का संकेत है। कयास ये भी लग रहे हैं कि अब शी जिनपिंग रूस और यूक्रेन के बीच भी युद्धविराम के लिए पहल कर सकते हैं। हो सकता है अगले सप्ताह वे रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन से भेंट करे। अगर चीन के कहने से रूस और यूक्रेन युद्ध रोककर समझौता करते हैं, तो यह बड़ी राहत की बात होगी। लेकिन फिर चीन का प्रभाव और बढ़ जाएगा। क्योंकि अमेरिका और यूरोप के बाकी देश तो युद्ध रोकने की जगह हथियारों की आपूर्ति में लगे हुए हैं। यह उनके लिए मुनाफा कमाने का अवसर है। और भारत की इसमें अहम भूमिका शांति स्थापना में हो सकती है, लेकिन यहां लोग इसी बात से खुश हैं कि हमारे प्रधानमंत्री ने रूस के राष्ट्रपति से युद्ध रोकने की बात कही है। इस बात का कितना असर हुआ, इसका आकलन जरूरी नहीं है। जरूरी यह है कि माहौल बन गया। यही माहौल लाल आंखें वाले बयान से भी बना था। जबकि उसका कोई प्रभाव चीन की अतिक्रमणकारी नीति पर नहीं पड़ा। सीमा पर अब भी भारतीय सैनिकों को निगाह रखनी पड़ रही है कि चीन किसी बहाने से घुसपैठ न करे। प्रधानमंत्री मोदी ने अब तक चीन का नाम लेकर सीधे उसे अपनी हदों में रहने नहीं कहा है। और विदेश मंत्री एस.जयशंकर तो एक कदम आगे बढ़कर सामान्य समझ की बात कर रहे हैं कि चीन हमसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, इसलिए हम उससे न भिड़ें, इसी में अक्लमंदी है। अब चीन अपनी सेना को और मजबूत बनाने की बात कह रहा है, तो उसके इरादे क्या हैं, क्या इसकी पड़ताल भी भारत सरकार इसी डर से नहीं करेगी कि चीन हमसे ताकतवर हुआ तो हम क्या करेंगे। पिछले सप्ताह चीन की संसद सत्र के समापन के दौरान शी जिनपिंग ने 3 हजार सांसदों की मौजूदगी में कहा कि चीन ग्लोबल गवर्नेंस सिस्टम यानी वैश्विक प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार और विकास में सक्रिय भूमिका निभाएगा। माओ त्से तुंग के बाद जिनपिंग तीसरी बार चीन के सर्वोच्च पद पर काबिज हुए हैं। पिछले साल



अक्टूबर में तीसरी बार शी जिनपिंग को चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का प्रमुख चुना गया था और अब पांच साल के लिए तीसरी बार राष्ट्रपति बनने के साथ-साथ वे सेंट्रल मिलिट्री कमेटी के प्रमुख के तौर पर भी चुने गए हैं, यानी सेना की कमान भी अब उनके ही हाथों में होगी। चीन ने लगातार आठवें साल अपने रक्षा बजट में बढ़ोत्तरी करते हुए इस बार 7.2 प्रतिशत रक्षा बजट बढ़ा दिया है। अब चीन का रक्षा बजट 225 अरब डॉलर यानी 18 लाख करोड़ रुपयों से ज्यादा का है। जबकि भारत के अमृतकाल का रक्षा बजट 5.94 लाख करोड़ रुपए है। चीन ने केवल रक्षा बजट ही नहीं बढ़ाया, वह हथियार तैयार करने में भी दुनिया में चौथे नंबर का देश है, उससे ऊपर अमेरिका, रूस और फ्रांस हैं। अमेरिका और फ्रांस का पक्ष एक है, और रूस, चीन एक साथ हैं। चीन ने रूस से काफी हथियार पहले खरीदे हैं। स्टॉकहोम इंटरनैशनल पीस रिसर्च इंस्टिट्यूट की रिपोर्ट के मुताबिक 2016 से 2021 तक चीन ने जितना हथियार आयात किया था, उसका 81 प्रतिशत रूस से आया था। और संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक, रूस को जिस तरह की तोपों के गोलों की जरूरत है, उसकी आपूर्ति चीन से हो सकती है। चीन ने 2023 में शोध और विकास कार्यों के लिए भी दो प्रतिशत बजट बढ़ाया है। अब इस पर 47 अरब डॉलर खर्च किए जाएंगे। यानी हथियारों की शक्ति के साथ आविष्कारों और विकास की शक्ति भी चीन बढ़ाएगा। चीन ने कहा है कि वह अपने विकास में न सिर्फ अंतरराष्ट्रीय बाजार और संसाधनों की मदद लेगा बल्कि वह पूरी दुनिया के विकास में इनका इस्तेमाल करेगा। इसे दूसरे तरीके से पढ़ें तो समझ आएगा कि चीन दुनिया के उन देशों को अपने प्रभाव में लेगा, जो कम विकसित हैं, जिन्हें संसाधनों की जरूरत है, जो आगे बढ़ने के लिए किसी सहारे की तलाश में रहते हैं। चीन ने किस तरह श्रीलंका, पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश जैसे भारत के पड़ोसी देशों में अपने पैर व्यापार और विकास के बहाने पसारे हैं, यह सब जानते हैं। अब यही काम चीन और व्यापक स्तर पर करने की रणनीति बना रहा है। इससे अमेरिका जैसे उसके प्रतिद्वंद्वी देश किस तरह निपटेंगे, यह देखने वाली बात होगी। फिलहाल ज्यादा जरूरी ये जानना है कि भारत सरकार का इस बारे में क्या रुख रहता है। मोदी सरकार को यह तो याद होगा ही कि द ग्रेट वॉल ऑफ चाइना यानी 20 हजार किमी लंबी चीन की दीवार का निर्माण बाहरी आक्रमणकारियों को रोकने के लिए चीन के शासकों ने किया था। अब चीन के मौजूदा शासक सेना को इस्पात की दीवार की तरह बनाने का इरादा रख रहे हैं। भारत इस दीवार के मुकाबले अपना रक्षा कवच कैसे मजबूत करेगा, यह विचार कर लेना चाहिए।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# सांसद खेल स्पर्धा में कौशल दिखा रहे बच्चे

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

15 मार्च। खेलों के विकास, स्वस्थ समाज के निर्माण और खेलों के प्रति युवाओं में उत्साह का संचार करने के लिए के उद्देश्य से खीरी एवं धौरहरा संसदीय क्षेत्र में न्याय पंचायत स्तर पर सांसद खेल स्पर्धा प्रतियोगिताओं का आयोजन चरणबद्ध रूप से हो रहा।

बुधवार को सांसद खेल स्पर्धा प्रतियोगिता का उच्च प्राथमिक विद्यालय पतरासी में शुभारंभ सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका परिचय प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान जनप्रतिनिधि खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते नजर आए, सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया।

सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय ने कहा कि जनपद के खिलाड़ियों को बेहतर मंच प्रदान करने के लिए इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, इससे ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला। उन्हें खुद को साबित करने का एक प्लेटफार्म मिला है। इस स्पर्धा के माध्यम से खिलाड़ी देश स्तर पर अपनी नई पहचान बना सकते हैं। आगे चलकर यही खिलाड़ी प्रदेश व देश स्तर पर जिले का मान बढ़ाएंगे। इस मौके पर एडीओ पंचायत गोवर्धन



प्रसाद राना, एडीओ आईएसबी निर्भय कुमार झा, ग्राम सचिव शालिनी पांडे प्रधान कोठिया गोल्डी देवी, प्रधान प्रतिनिधि प्रत्याशी राजेंद्र कुमार मौजूद रहे। तय रोस्टर के अनुसार जिला युवा कल्याण अधिकारी अरविंद स्वरूप कुशवाहा, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारियों की देखरेख में पसगवां ब्लॉक के पानी की टंकी का मैदान मुड़ापुर, ब्लॉक लखीमपुर के यू0पी0एस0 खीरी, ब्लॉक फूलबेहड़ के उच्च प्राथमिक वि0 तेन्दुआ, ब्लॉक मितौली के संविलियन विद्यालय अवगांवां, ब्लॉक मोहम्मदी के संविलियन वि0 गुलरिया पर्वतनगर व संविलियन वि0 मगरेना, ब्लॉक पलिया के प्रा0विद्यालय सरियापारा, ब्लॉक बिजुआ के जूनहाभरकूल दाउदपुर, ब्लॉक ईसानगर के जेठरा, ब्लॉक नकहा के उ0प्रा0वि0 पतरासी, कुंभी ब्लॉक के अमीर नगर के जहीर हसन अल्पसंख्यक इंटर कॉलेज, निघासन ब्लाक के मूड़ाबुजुर्ग में करबला स्थल पर में आयोजित सांसद स्पर्धा प्रतियोगिता में युवाओं ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपना जौहर दिखाया। जनप्रतिनिधियों ने ना सिर्फ प्रतियोगिता का फीता काटकर शुभारंभ किया बल्कि युवा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

# भुगतान न होने से मजदूर परेशान, डीएम से लगाई भुगतान दिलाने की गुहार

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज़।**

2 वर्षों से अधिक समय व्यतीत हो जाने के बाद भी नहीं हुआ मजदूरों का भुगतान आखिरकार परेशान होकर सभी लोगों ने लगाई जिलाधिकारी से न्याय की गुहार।

पूरा मामला है जिला लखीमपुर खीरी ब्लॉक नकहा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सिरैचा का ग्राम निधि द्वारा मजदूरों ने नाली निर्माण कार्य खड़ंजा मरम्मत कार्य विद्यालय मे टायलीकरण जैसे आदि कार्य किए गए थे मगर संबंधित अधिकारियों की लापरवाही के कारण 2 वर्षों से अधिक समय व्यतीत हो जाने पर भी नहीं हुआ भुगतान।कोविड-19 के समय में मजदूरों ने ग्राम पंचायत के विभिन्न मजरो में काम किया था तब से लेकर आज तक अधिकारी अपने दफ्तरों के चक्कर लगवा रहे हैं मगर भुगतान करने का नहीं ले रहे नाम। मजदूरों के द्वारा आईजीआरएस पर शिकायत की गयी जिसमे फर्जी और मनगढ़ंत तरीके से आख्या प्रेषित की गई जिसमें प्रार्थी को बताया गया कि आपने क्या काम किया है और कितने दिन आपने काम किया है नाम और दिन स्पष्ट किए जाने के बाद में ही आप का भुगतान किया जाएगा।प्रार्थी के द्वारा लगातार फीडबैक दर्ज कराया गया तीसरी बार फीडबैक में मजदूरों के द्वारा किए गए एक कार्य का कर दिया गया भुगतान नाम काम और दिन स्पष्ट किए जाने की बात कहने वाले संबंधित अधिकारी के पास अगर विवरण नहीं मौजूद था तो आखिरकार सिर्फ एक काम के कुछ मजदूरों का कैसे हो गया भुगतान। संबंधित अधिकारियों के द्वारा लगाई गई आख्या से यह स्पष्ट जाहिर हो रहा है मजदूरों को लगातार भ्रमित कर परेशान किया गया है और भुगतान करने के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### लावारिस मिली बालिका को पिता से मिलाया

**बिसवां, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्रान्तर्गत लहरपुर तिराहे पर एक 03 वर्षीय बालिका लावारिस अवस्था में मिली। बालिका से नाम पता पूछे जाने पर स्पष्ट रूप से बता पाने में असमर्थ थी। बालिका को सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस अपने साथ थाने ले गई प्रभारी निरीक्षक बिसवां के निर्देशन में पुलिस टीम द्वारा उसके परिजनों का विभिन्न माध्यमो से पता लगाते हुए सम्पर्क कर अवगत कराया गया की बालिका का नाम रुश्दा बानो पुत्री कमरुद्दीन नि0 पिपरापुर अर्दुनसिंह थाना सकरन सीतापुर ज्ञात हुआ जिसका परिवार सामान खरीदने हेतु बिसवां में आया था जहां बालिका उनसे बिछड़ गयी थी। बालिका के पिता/परिजन थाने आए और बच्ची को सकुशल उनके सुपुर्द किया गया वहीं क्षेत्र में प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह व उनकी पूरी टीम की भूरी भूरी प्रशंसा की जा रही है।

### तलवार सहित युवक पुलिस के हत्थे चढ़ा

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** तलवार लेकर किसी घटना को अंजाम देने जा रहे व्यक्ति को चौकी पुलिस ने तलवार के साथ पकड़ा। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की गई। चौकी प्रभारी अतुल राजपूत को सूचना मिली कि एक व्यक्ति चुंगी नंबर चार के पास तलवार लेकर किसी वारदात को अंजाम देने जा रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी शिवलखन निवासी रावतान को तलवार समेत पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी को कोतवाली लाकर उसके खिलाफरिपोर्ट दर्ज की।

### बगैर पंजीकरण चल रहे क्लीनिक को किया सील

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** नगर में बिना पंजीकरण के चल रहे प्राइवेट क्लीनिक पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापामारी की। निरीक्षण के दौरान बगैर पंजीकरण के चल रहे क्लीनिक की सील कर दिया। इसके अलावा मेडीकल स्टोर के नाम पर प्रेक्टिस करने वाले व्यक्ति को चेतावनी देकर छोड़ा गया। बुधवार को एसीएमओ डॉ. अरविंद भूषण, नायब तहसीलदार गौरव कुमार, सीएचसी प्रभारी डॉ. केडी गुप्ता की टीम ने पुलिस बल के साथ नगर के छत्रसाल मार्ग पर संचालित उस्मान क्लीनिक पर छापा मारा। चेकिंग के दौरान टीम ने क्लीनिक के संचालक से पंजीकरण प्रमाणपत्र मांगा। लेकिन वह मौके पर क्लीनक चलाने के लिए कोई भी वैध कागजात नहीं दिखा पाए। इस पर टीम ने क्लीनिक को सील कर दिया और निर्देश दिए कि वह 4 दिन में आवश्यक कागजात लेकर सीएमओ के पास प्रस्तुत हों। अन्यथा की दशा में उनके खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्लीनिक की सील करने के बाद मोहल्ला सहावनाका में संचालित खान मेडीकल स्टोर का निरीक्षण किया। यहां पर मेडिकल स्टोर के नाम पर मेडिकल संचालक प्रेक्टिस करते हुए दिखा। इस पर उन्हें चेतावनी देकर छोड़ा गया कि वह प्रेक्टिस बंद कर दें। अन्यथा उनका मेडीकल स्टोर का लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा और उनके खिलाफकानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस संदर्भ में एसीएमओ अरविंद भूषण ने बताया कि उन्होंने नगर में संचालित प्राइवेट क्लीनिक एवं मेडीकल स्टोर का निरीक्षण किया। वह अपनी जांच रिपोर्ट सीएमओ को प्रस्तुत करेंगे। जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गेहूं के खेत में गिरा

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** खनुवां में हाईटेंशन लाइट का तार टूटकर गेंहू के खेत में गिरा। फसल हरी होने के चलते आग बढ़ी तो नहीं लेकिन सुलग रही है। किसान ने बताया कि तार में करंट दौड़ रहा है। बिजली विभाग में फोन करने पर फोन रिसीव नहीं हो रहा है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खुनआं निवासी अरविंद पुत्र सुखदेव का खनुआं मौजे में स्थित है। उनके खेत के ऊपर से हाईटेंशल लाइन निकली है। खेत में इस समय गेंहू की फसल खड़ी है। बुधवार दोपहर करीब 1 बजे खेत के ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर खेत में गिर गया। तार टूटने से निकली चिंगारी से खेत में आग लग गई। हालांकि फसल हरी होने के चलते आग तेज तो नहीं हुई। लेकिन करंट की चपेट में आकर फसल सुलग रही है। पीड़ित किसान अरविंद ने बताया कि तारों में आ रहे करंट के चलते फसल सुलग रही है और धुआं उठ रहा है। बिजली विभाग को कई बार फोन किया है लेकिन विभाग का फोन नहीं उठा। जिससे पूरी फसल के नष्ट होने की आशंका हो रही है। यदि समय से बिजली नहीं काटी गई तो बड़ा हादसा होने की भी आशंका है।

# कैरम-शतरंज प्रतियोगिता संपन्न

**लखीमपुर, खीरी समृद्धि न्यूज।**

स्वर्गीय एस पी सिंह एड0 स्मारक कैरम एवं शतरंज प्रतियोगिता 2022 के शतरंज प्रतियोगिता का फाइनल मैच आज संपन्न हुआ। शतरंज प्रतियोगिता का फाइनल मैच अभिनव श्रीवास्तव एडवोकेट एवं राकेश साहू एडवोकेट के मध्य हुआ जिसमें अभिनव श्रीवास्तव विजई घोषित किए गए तथा राकेश साहू उपविजेता घोषित हुए। विजयी प्रतिभागी को जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह तथा महामंत्री मनोज कुमार जायसवाल तथा कार्यकारिणी के पदाधिकारीगण ने बहुत-बहुत हार्दिक बधाइयां एवं उनके मंगल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता के फाइनल मैच में कार्यकारिणी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरोज कुमार श्रीवास्तव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तम कुमार राज, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल, संयुक्त मंत्री सुखबीर सिंह चौहान, अजय कुमार शुक्ला, गौरव बाजपेई, गवर्निंग काउंसिल वरिष्ठ अनूप कुमार श्रीवास्तव, छैल बिहारी बंसवार, शरद अवस्थी, गवर्निंग काउंसिल कनिष्ठ प्रदीप कुमार यादव, योगेंद्र शुक्ला, विकास कुमार निषाद एवं कार्यक्रम के संयोजक योगेश कुमार सक्सेना व प्रतियोगिता के संचालक हर्षवर्धन सिंह शतरंज प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल सुशील कुमार बाथम, परिक्रमा लाल गुप्ता तथा संघ के सम्मानित सदस्य राजकुमार बाजपेई, संदीप वर्मा, सोमिल बाजपेई, रितेश सिंह भदोरिया, छैल बिहारी अवस्थी, जगदीश गिरी, दामोदर लाल मिश्रा, अखिलेश दीक्षित, जितेंद्र त्रिपाठी, अजय कुमार शुक्ला, सुरेश सिंह मुन्ना, रजनीश अवस्थी, करुणेश अवस्थी सहित संघ के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता गण उपस्थित रहे।

# गोला व पलिया एवं खंभार खेड़ा चीनी मिल ने पिछले सत्र का किया गन्ने का भुगतान

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

किसानों का पिछले सत्र के गन्ने का भुगतान बजाज ग्रुप पर बकाया था। इस सत्र का भी बकाया है काफी फजीहत के बाद बजाज ग्रुप ने किसानों के गन्ने का



भुगतान किया। बजाज चीनी मिल यूनिट गोला गोकर्णनाथ पलिया एवं खंभारखेड़ा ने जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह से हुई वार्ता एवं उनके द्वारा किए गए प्रयासों से आज 15 मार्च को गत वर्ष का समस्त गन्ना मूल्य भुगतान किसानों के खातों में भेजा। साथ ही आज से इस वर्ष के भुगतान किए जाने की भी कार्यवाही शुरू कर दी है।

# बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**मोहम्मदी खीरी समृद्धि न्यूज।**

मोहम्मदी बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण हुआ संपन्न,बार अध्यक्ष आलोक कुमार सिह, महामंत्री लालता प्रसाद, उपाध्यक्ष दिनेश कुमार तिवारी, नाजिम जैदी, मो.आरिफ, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार सहित पूरी कार्यकारिणी को चुनाव अधिकारी ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई, अधिवक्ताओ ने मुख्य अतिथि सहित सभी को माला पहनाकर स्वागत किया तथा अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया, मुख्य अतिथि के रूप में विधायक दर्जा राज्यमंत्री लोकेंद्र प्रताप सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं आपके बीच में 25 सालों से रहकर अधिवक्ता के रूप में कार्य कर रहा हूं। आप लोगों की वजह से विधायक से दर्जा राज्यमंत्री बना अधिवक्ताओं के मान




सम्मान के लिए जो करना पड़ेगा करूंगा। उन्होंने नवनिर्वाचित अध्यक्ष महामंत्री सहित पूरी कार्यकारिणी को बधाई देने के साथ-साथ अधिवक्ताओं के हित की बात की और कहा आप सभी के लिए हमेशा मेरे दरवाजे खुले हैं, मौजूद शपथ ग्रहण समारोह में उप जिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव, प्रभारी निरीक्षक अबर सिंह, पूर्व बार अध्यक्ष ,भाजपा जिला महामंत्री , चुनाव अधिकारी पूर्व महामंत्री शाहिद खान ,मोहम्मद हसन नकवी ,कुलदीप सिंह, नीरज रस्तोगी, मोहम्मद हाशिम सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# तेरह सूत्रीय मांगों के समर्थन में बिजली कर्मचारियों ने दी चेतावनी

## प्रदेश सरकार ने मांगे पूरी न की तो करेंगे आंदोलन

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

विद्युत कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में बुधवार को विद्युत कर्मचारियों ने 13 सूत्रीय मांगों के समर्थन में धरना सभा का आयोजन कर प्रदेश सरकार को चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों को पूरा न किया गया तो वह मजबूर होकर आंदोलन का रास्ता अख्तयार करेंगे।

धरना सभा को संबोधित करते हुये वक्ताओं का कहना था कि जब विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा एवं सलाहकार मुख्यमंत्री अवनीश अवस्थी की अध्यक्षता में 3 दिसंबर 2022 को वार्ता बैठक में सभी मांगों के समाधान का आश्वासन दिया गया था इसके बाद भी एक भी मांग पूरी नहीं की गयी है। वार्ता के



दौरान संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि वह उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि. की हानियों को घटाने एवं वित्तीय स्थिति को बेहतर करने हेतु प्रबंधन का पूर्ण सहयोग करेंगे। बैठक में आंदोलन के दौरान किसी भी कर्मचारी, अवर अभियंता, अभियंता एवं संविदा कर्मी के विरुद्ध की गयी विभागीय कार्यवाही तथा कारण बताओ नोटिस निलंबन, निष्कासन, उपार्जित, चिकित्सा अवकाश का निरस्तीकरण एवं पुलिस की कार्यवाही आदि अनुशासनिक कार्यवाही की गयी हो तो उक्त कार्यवाही तत्काल वापस लिया जायेगा एवं किसी का भी इस अवधि के वेतन में कोई कटौती नहीं की जायेगी। इसके अलावा 13 सूत्रीय मांगों को पूरा करने पर सहमति बनी थी। लेकिन आज तक ईपीएफ भुगतान में की गयी कटौती के घोटाले की जांच तक शुरू नहीं करायी गयी है। कर्मचारियों का कहना था कि यदि उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो वह पुनः आंदोलन करने को विवश होंगे। धरना सभा में इं. शैलेंद्र दुवे, राजीव सिंह, जितेंद्र सिंह गुर्जर, प्रभात सिंह, जीवी पटेल, जयप्रकाश, सदरुद्दीन राना, जवाहरलाल विश्वकर्मा, बीसी उपाध्याय, सुहैल आबिद, पीके दीक्षित, इंद्रभूषण उपाध्याय, डीके मिश्रा, मो. इलियास, सुनील प्रकाश पाल, रामसहारे वर्मा, पवन कुमार श्रीवास्तव, पीएस वाजपेयी, श्रीचंद्र, पीएन तिवारी, केएस रावत, पीएन राय सहित अनेकों कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे में किसान की दर्दनाक मौत

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र में बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर भाग रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आने से किसान की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम जमलापुर निवासी किसान शिवनारायण 60 वर्ष रोज की तरह मंगलवार की देर शाम अपने खेत की रखवाली के लिए जा रहा था। बताया गया है कि जैसे ही वह गांव के पास से निकले बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर पहुंचा तभी किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद वहा हड़कंप मच गया, और स्थानीय लोगों के अलावा राहगीरों की भीड मौके पर इकट्ठा हो गई। मौजूद लोगों ने उसकी पहचान कर घटना की सूचना उसके परिजनों को दी। मामले की खबर मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजन उसे आनन-फानन में लहूलुहान हालत में उठाकर उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए। जहां पर बुधवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि गांव के पास ओवरविज नहीं बना है। जिससे लोग एक्सप्रेस-वे के रास्ते खेतों की ओर जाते हैं, जिससे हमेशा एक नए घाट से जन्म ले लेता है। फ्लिहाल घटना के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वही थानाध्यक्ष का कहना है कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

# एसपी ने अधिकारी व कर्मचारियों की सुनी समस्याएं

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

पुलिस लाइन सभागार में एसपी की अध्यक्षता में सैनिक सम्मेलन, अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के समस्त थानों व विभिन्न प्रकोष्ठों से शामिल हुए पुलिस कर्मियों से उनका परिचय प्राप्त कर उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया। पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक ईरज राजा की अध्यक्षता में सैनिक सम्मेलन, अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के समस्त थानों व विभिन्न प्रकोष्ठों से शामिल हुए पुलिस कर्मियों से उनका परिचय प्राप्त कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली गई। इतना ही नहीं बल्कि उनके निराकरण के लिए संबंधित को निर्देशित भी किया गया। सैनिक सम्मेलन में अपराध की रोकथाम पर मंथन भी किया गया। इस दौरान एसपी ने अवैध कच्ची शराब, चोरी, लूट व वाहन चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए कस्बा व ग्रामीण इलाकों में रात्रि गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि बैंक व लेनदेन वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरते और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करे। बल्कि प्रतिदिन बैंक ड्यूटी में जाने वाले कर्मचारियों को ड्यूटी के संबंध में ब्रीफ करने व सभी पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान दृश्यता, गतिशीलता, सजगता व सतर्कता बनाये रखने के लिए एसपी ने निर्देश दिए। लंबित विवेचनाओं विशेषकर अनावरित अभियोगों के निस्तारण, वांछित अभियुक्तों, इनामिया, जिलाबदर, एनबीडब्ल्यू के विरूद्ध अभियान चलाकर गिरफ्तारी करने केरियर निर्देशित किया तो वही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने को लेकर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए प्रभावी कार्यवाही करने का निर्देश दिया। वही महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई करने, मिशन शक्ति अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिये थानो पर गठित एंटी रोमियों टीमों की क्रियाशीलता निरंतर जारी रखने का निर्देश दिया। वही आगामी नगर पालिका चुनाव के दृष्टिगत विवादित प्रकरणों को चिन्हित कर प्रभावी कार्रवाई करने के कड़े निर्देश दिए। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी, क्षेत्राधिकारी गिरजा शंकर त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी कालपी देवेंद्र पचोरी, क्षेत्राधिकारी जालौन उमेश पांडे, क्षेत्राधिकारी कोच शैलेंद्र वाजपेयी, लाइन सीओ राम सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्र के विकास में सर्वाधिक योगदान वैश्य समाज का : डॉ. सुमंत

> राजनैतिक क्षेत्र में सर्वाधिक उपेक्षित होने के चलते इसी वर्ग का आर्थिक शोषण होता है

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्र के विकास में राजस्व के माध्यम से सर्वाधिक योगदान वैश्य समाज देता है। रोजगार के साधन भी प्राथमिकता के आधार पर मुहैया कराता है। फिर भी राजनैतिक क्षेत्र में सर्वाधिक उपेक्षित होने के चलते इसी वर्ग का आर्थिक शोषण व उत्पीड़न किया जाता है, इसे बदलना होगा। यह बात अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुमंत गुप्ता ने नगर आगमन पर व्यापारियों साथ बैठक के दौरान कही।

अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नगर में नटराज टॉकीज परिसर में व्यापारियों के साथ बैठक के दौरान कहा कि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में घरेलू व्यापार का योगदान 70 फीसदी है। खुदरा व्यापार भारत का सबसे बड़ा निजी उद्योग है। लेकिन विदेशी कंपनियां आकर स्थानीय खुदरा व्यापारियों को चोट पहुंचा रही हैं। इसे सहन नहीं किया जाएगा। इसके अलावा वैश्य में समाज में जो उपवर्ग हैं उन्हें पिछले वर्ग में सम्मिलित कराने के लिए पत्रावालियां प्रदेश सरकार के पास लंबित पड़ी हैं। वैश्य समाज के हित में उनकी संस्तुति की मांग की जा रही है। इसको लेकर 18 व 19 मार्च को बांदा में राष्ट्रीय एवं प्रांतीय कार्यकर्ता सम्मेलन किया जा रहा है। जिसमें इसके अलावा उन्होंने व्यापारियों के हितार्थ जीएसटी प्रणाली में पेनाल्टी के साथ सजा का विरोध करते हुए कहा कि जब पेनाल्टी लगाई जा रही है तो सजा के प्रावधान को समाप्त किया जाए। 65 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके व्यापारियों को वृद्धावस्था पेंशन शुरू कराने, फूड एंड सेफ्टी स्टैंडर्ड एक्ट के तहत उत्पाद बेचने वाले व निर्माता दोनों को पार्टी बनाया जाता है, ऐसे में मात्र निर्माता को ही जिम्मेदार मानकर उस पर केस चलाने, विद्युत विभाग की लापरवाही से व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर आगजनी से होने वाले नुकसान की क्षतिपूर्ति विभाग से संबंधित व्यापारी को दिलाने एवं जनपद की सीमा के अंतर्गत आने वाले पौराणिक व ऐतिहासिक महत्व के मंदिरों को निकाय टैक्स व विद्युत शुल्क से मुक्त किए जाने की भी परिषद कर रही है। व्यापारियों का हित सर्वोपरि रहेगा, इसमें सभी व्यापारियों को भी साथ देना होगा। इस मौके पर राष्ट्रीय माहसचिव युद्धवीर कंथरिया, जिलाध्यक्ष प्रमोद शिवहरे, प्रदेश प्रभारी संजय गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष रघुवीर शिवहरे, बुंदेलखंड वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन अग्रवाल, प्रदेश महिला उपाध्यक्ष ऊषा गुप्ता, शशिशेखर रेजा, गौरव गुप्ता, प्रेमदास गुप्ता, अनीता माहेश्वरी, राजेश गुप्ता, अनुराग अग्रवाल, शैल शिवहरे, अरूण पुरवार, डॉ. आनंद स्वरूप आदि मौजूद रहे।

# अज्ञात कारणों से महिला की मौत, पुत्र पर पीट-पीट कर मर डालने का आरोप

**पहला सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** थाना रामपुर कलां में एक कलियुगी पुत्र पर मां को पीट पीट कर मर डालने का आरोप लगा हे।वही पुलिस शव को पी एम हेतु जिला मुख्यालय भेजकर पी एम रिपोर्ट का इंतजार कर रही हैं।प्राप्त जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र के अंतर्गत लक्ष्मीपुर निवासी सुशीला देवी 45वर्ष पत्नी स्वर्गीय श्रीकांत मिश्र का आज सुबह जीने के नीचे शव पड़ा मिला मगर मौत का कारण स्पष्ट नही हो सका महिला के सिर में चोट का निसान था ।और परिजनों द्वारा उनके ही बेटे शेष कुमार 30वर्ष पर पीट पीट कर मारने का आरोप लगाया तथा पुलिस को सूचना दी गई।तथा पुत्र द्वारा शव का अंतिम संस्कार के लिए ले जाते समय सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया तथा आरोपी को हिरासत में ले लिया ।इस संबंध मे थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि अभी तहरीर नही मिली है शव को सील कर अंत्य परीक्षण हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया गया है रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की जायेगी।वही सूत्रों द्वारा मामला जमीन से जुड़ा बताया जा रहा है ।

# समाज की बुराइयों से बचना है तो नबी की सुन्नत अपनाओ : सगीर रजा

**बिसवां सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम शहरी सराय मजरा महमूदपुर स्थित मदरसा हनफिया रिजविया में जश्ने दस्तार बंदी व मुख्तारे कायनात कांफ्रेस का आयोजन किया गया। जलसे की सदारत मुफ्ती एजाज हुसैन रिजवी सीतापुर व मौलाना इफ्तिखार हुसैन रिजवी देहलवी ने की। जलसे से खिताब करते हुए मौलाना मोहम्मद सगीर रजा बनारसी ने कहा कि मदरसों से हमें इंसानियत सिखाई जाती है। मदरसे में पढने वाले बच्चे तालीम के साथ तरबियत भी हासिल करते हैं और यही बच्चे आगे चलकर दुनिया और समाज में इंसानियत और भलाई का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि आज समाज में तरह तरह की बुराइयां फैली हुयी हैं अगर बुराइयों से



बचना है तो नबी पाक की सुन्नतों पर अमल करना होगा। मां बाप की अजमत बयान करते हुए उन्होंने कहा कि मां के क़दमों के नीचे जन्नत है तो बाप जन्नत का दरवाजा है। वालिदैन ऐसी नेमत हैं जो जिंदगी में सिर्फ एक बार ही मिलती है इसलिए हम सभी को अपने वालिदैन की कद्र करनी चाहिए। मौलाना इफ्तिखार रिजवी ने अपने ख़िताब में कहा कि अपना दिल नबी पाक की मोहब्बत में डुबो लो, सभी बुराइयों और परेशानियों से आजाद हो जाओगे। मुफ़्ती एजाज रिजवी ने हाफिज मो0 इरफानुल हक़, हाफिज सुहैल रजा, हाफिज मो0 अनस, हाफिज मो0 आमिर रजा, हाफिज गुलाम नबी, हाफिज मो0 इश्तियाक, हाफिज मो0 शारिक के सरों पर दस्तार बांधकर हिफ्ज की उपाधि दी और मुल्क में अमन व चैन व तरक्की की दुआएं की। अंत में मदरसे के प्रबन्धक हाफिज मो0 जमीर हसन खान ने आये हुए मेहमानों का शुक्रिया अदा किया। नाते पाक शाहनवाज रजा इस्माइली, सज्जाद रजा, सिबतैन रजा, हसनैन रजा ने पढ़ी व निजामत मौलाना जियाउद्दीन इस्माइली ने की। इस मौके पर मौलाना इलियास कादरी, मौलाना नूर मोहम्मद नूरी, मुफ़्ती अब्दुल मोबीन, मौलाना शफाक हुसैन, मौलाना मशहूर आलम, मौलाना जान मोहम्मद, अय्यूब कुरैशी, कय्यूम कुरैशी, हाफिज अय्यूब, अफसर कादरी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पारिवारिक मामले के विवाद में तीन नामजद

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** अलग अलग पारिवारिक मामलों को लेकर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शहजादपुरा निवासी रामकुमार ने पुलिस को बताया कि घर के बंटवारे को लेकर विनोद उसके साथ झगड़ा कर रहे थे। झगड़ा करते हुए उन्होंने गाली, गलौज शुरू कर दी। मना करने पर उन्होंने मारपीट कर दी। जिसमें उसे चोटें आई हैं। उधर, सूरजपुरा निवासी अमर सिंह व उनके पुत्र सोनू में घरेलू कारणों को लेकर विवाद हो रहा था। इसी बीच दोनों में हाथापाई होने लगी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को कोतवाली ले आई। कोतवाली में उक्त तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। दोनों मामलों में पुलिस जांच कर रही है।

# दूसरे दिन हुआ वेदी पूजन एवं अग्नि शाला में अग्नि का प्रज्वलन

> धर्मप्रेमियों ने यज्ञ मण्डप की परिक्रमा कर अपने को धन्य किया

**बिसवां (सीतापुर), समृद्धि न्यूज।**

जहांगीराबाद के निकटवर्ती मवासेपुर गांव में मंगलवार से प्रारम्भ हो रही श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत् कथा के अवसर पर दूसरे दिन बुधवार को द्वारिका त्रिमुलय आंध्र प्रदेश गुरुकुल से पधारे यज्ञाचार्य विकास कुमार मिश्र एवं तपोवन आश्रम मुजेहना से आये पंडित शिव कुमार मिश्र ने वैदिक विधान से यज्ञ मण्डप में वेदियों की स्थापना एवं पूजन कराया। इसके उपरांत यज्ञाचार्य ने मंत्रोच्चार के बीच अग्निशाला में अग्नि प्रज्वलित कर हवन की शुरुआत की। इस मौके पर मौजूद सैकड़ों धर्मप्रेमियों ने यज्ञ मण्डप की परिक्रमा कर अपने को धन्य किया। उन्होंने कहा कि यज्ञ की आहुतियों से अग्निशाला से उठने वाले धुयें से तमाम प्रकार की व्याधियां स्वतः नष्ट हो जाती हैं तथा वातावरण शुद्ध होता है।इस अवसर पर सैकड़ों धर्मप्रेमी श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे। मुख्य यजमान मास्टर हरगोविंद वर्मा, ताराचन्द्र व प्रहलाद ने बताया कि गुरुवार से आगामी 19 मार्च तक प्रतिदिन मध्याह्न काल व सायंकाल से अर्धरात्रि तक श्रीमद्भागवत् कथा सुनाई जायेगी।

## सूचना

मेरे आधार कार्ड पर मेरा नाम रेनू देवी अंकित हैं जबकि मेरा सही नाम सरोज कुमारी है। आधार कार्ड में मेरा नाम सरोज कुमारी अंकित किया जाए। भविष्य में मुझे रेनू देवी के बजाएं सरोज कुमारी के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सरोज कुमारी उर्फ रेनू देवी, पुत्री सुखलाल, पत्नी माधवराम, निवासी गजोवरी, तहसील जमुनहा, जनपद श्रावस्ती।**

# देश का सबसे ऊर्जावान नेतृत्व दे रहे हैं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव : गोप

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

मार्च देश का सबसे ऊर्जावान नेतृत्व अखिलेश यादव के रूप में हम सब के पास पास है जिनके नेतृत्व में हम सब समाजवादी सिपाही जनता के हक अधिकारों की रक्षा लिए काम करते हैं।

उक्त विचार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने सभासद अय्यूब कुरैशी द्वारा विधानसभा हैदरगढ़ टाउन में वरिष्ठ सपा नेता लोकतंत्र सेनानी हरिराम यादव की अध्यक्षता एवं चुनाव विश्लेषक ओम पी यादव के संचालन में आयोजित होली मिलन एवं स्वागत सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हैदरगढ़ की सम्मानित जनता एवं पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।



2024 के चुनाव की तैयारी में लग जाएं हैदरगढ़ की ये ऐतिहासिक धरती रामसेवक यादव बेनी प्रसाद वर्मा और राम सागर रावत ने अपनी मेहनत और परिश्रम से सींच कर उपजाऊ बनाया है बाराबंकी समाजवादियों की मजबूत जमीन है यहां का एक-एक कार्यकर्ता बहुत ही परिश्रमी और हिम्मती है यह हमेशा विपरीत परिस्थितियों में भी अनुकूल परिणाम लाने में सक्षम है।

कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने से पूर्व अवसानेस्वर महादेव मंदिर से सैकड़ों गाड़ियों के काफिले ने राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह गोप की अगवानी करते हुए कार्यक्रम स्थल तक ले गई इसके उपरांत स्वागत सम्मान समारोह होली मिलन कार्यक्रम के संयोजक अय्यूब कुरैशी ने अपने तमाम साथियों के साथ एक बहुत बड़ी माला पहनाकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया उसके पश्चात गोप जी के तमाम चाहने वालों ने गुलदस्ता तस्वीर प्रतीक चिन्ह आज देख कर उनका स्वागत किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से निवर्तमान जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद, पूर्व विधायक राम गोपाल रावत, पूर्व विधायक राम मगन रावत, जिला उपाध्यक्ष अजय वर्मा बबलू, नसीम कीर्ति, कामता प्रसाद यादव, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा पूर्व प्रमुख हसमत अली गुड्डू ,नेहा सिंह आनन्द, हरिराम यादव,सिपाही लाल यादव,वेद बाजपेई . गिरजा रावत, पंकज यादव, सुलतान चौबीसी, पिंटू सिंह ,पुचकारी रावत, अलगू सिंह प्रधान, विधान सभा अध्यक्ष परशुराम यादव, कार्यक्रम आयोजक अय्यूब कुरैशी,राजेश वर्मा,मो फारूक कुरैशी, राजू सिंह विजय राज सिंह एडोकेट, संजय सिंह एडोकेट,राम प्रताप सिंह एडोकेट , सुनील सिंह,छोटकऊ प्रधान, रामचंद्र रावत,मो फारूक , राजेश सिंह जोंधी,मेराज अहमद,डब्बू जायसवाल,विजय राज सिंह एडवोकेट, सुनील सिंह,परमानंद वर्मा, रानू हाशमी,अरमान कुरेशी सूरज सुकल, विश्राम राज पासी,भीम सिंह,रामरूप रावत,हाफिज जाहिद डाक्टर विजय रावत, राजाराम वर्मा,रघुराज यादव,गुड्डू वर्मा,अमर सिंह वर्मा,आदि तमाम लोगों ने माला पहनाकर नवनियुक्त राष्ट्रीय ऊसचिव का स्वागत किया।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिया गया प्रशिक्षण

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** शिक्षा विभाग द्वारा हाजी वारिस अली शाह मेमोरियल डिग्री कालेज पारिजात धाम बरोलिया में आंगन बाडी कार्यकत्रियों के दूसरे दिन प्रशिक्षण मे परिषदीय विद्यालयों की भांति आंगन बाडी कार्यकत्रियों को शिक्षा मे गुणवत्ता मे निखार लाने को लेकर प्रशिक्षक अंकित जायसवाल पंकज वर्मा रामगोपाल ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के गुर बताए,इस मौके पर अभिषेक सिंह विशेष सिंह प्रेमनाथ आशुतोष वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## ब्लॉक समाधान दिवस में सुनी गई समस्याएं

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** ब्लाक समाधान दिवस खंण्ड विकास अधिकारी चन्द्रभूषण तिवारी की अध्यक्षता एंव सहायक विकास अधिकारी पंचायत संजय कुमार के संयोजन में हुआ जिसमें कुल चार प्रार्थना पत्र परिवार रजिस्टर नकल से सम्बंधित आया दो हैण्ड पम्प एक मृत्यु प्रमाण पत्र सम्बधित शिकायतें आयी। समाधान दिवस मे वीरेन्द्र तिवारी सुरेश चन्द्र यादव सतीश वर्मा विवेक कुमार राजेश कुमार कुलदीप श्रीवास्तव मनीष शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## नमः शिवाय का जाप किया गया

**हैदरगढ़ (बाराबंकी)।** गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी क्षेत्र के भिखरा गाँव में प्रसिद्ध श्री भीमा शंकर जंगलेश्वर महादेव मन्दिर पर ग्राम प्रधान नीरज सिंह द्वारा दो दिवसीय ऊँ नमः शिवाय् मंत्रोच्चारण जप का आयोजन किया गया है। जिसमें पंडित व ग्रामीणों द्वारा जलाभिषेक व जप किया जा रहा है। आज बुधवार को सुबह शुरू हुआ ऊँ नमः शिवाय का जप 24 घंटो तक चलेगा। कल जप के समापन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन ग्राम प्रधान नीरज सिंह द्वारा किया गया है।

## शिक्षित होकर आत्मनिर्भर बने महिलाएं : संजीव कुमार

**मसौली बाराबंकी।** देश के विकास के लिए यह आवश्यक है कि महिलाएं शिक्षित होकर आत्मनिर्भर बनें। महिलाएं शिक्षित होकर अपने अधिकारों के प्रति जब जागरूक होगी तभी आर्थिक एव सामाजिक दृष्टि से आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होगी। उक्त बातें बुधवार को शिव गंगा उपवन मैरिज लॉन में प्रसार संस्था एव यूरोपियन यूनियन, वॉनफोड़ेन चाइल्ड फंड इंडिया के सहयोग से अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए जिला कृषि अधिकारी संजीव कुमार ने कही उन्होंने कहा कि बालिकाएं शिक्षित होकर अपने परिवार समाज के उन्नति में विशेष योगदान दे सकती इसलिए बालिकाओं को शिक्षा अवश्य दिलाये।

## जन-जागरण रैली एंव मशाल जुलूस निकाला गया

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**

जिला मजिस्ट्रेट सोनभद्र चन्द्र विजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुपालन में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उ0प्र0 द्वारा बिजली कर्मचारियों एवं अभियन्ता संगठनों की कतिपय मांगों को लेकर समस्त परियोजनाओं, मुख्यालयों एवं डिस्काम मुख्यालयों पर 20 फरवरी 2023 से चरणबद्ध जन-जागरण रैली एंव मशाल जुलुस तथा इसी प्रकार 16 मार्च 2023 की रात्रि 10:00 बजे से 72 घण्टे की सांकेतिक हड़ताल के दृष्टिगत जनपद मुख्यालय पर सामानान्तर कन्ट्रोल रूम स्थापित किया जाता है जिसका दूरभाष नम्बर 05444222384 एवं मोबाइल नम्बर 8840127444 है। कन्ट्रोल रूम में कार्यरत अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा प्राप्त सूचनाओं की समीक्षा कर आवश्यक सूचनाओं से उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी यह कन्ट्रोल रूम 24 घण्टे संचालित रहेगा। कलेक्ट्रेट, सोनभद्र में स्थापित विद्युत कर्मचारी प्रान्त व्यापी आन्दोलन नियंत्रण कन्ट्रोल रूम हेतु नोडल अधिकारियों/कर्मचारियों नामित किया जाता है नोडल अधिकारी श्री निखिल कुमार यादव, डिप्टी कलेक्ट्रेट मुख्यालय, सोनभद्र मो0न0-6387504022, नामित कर्मचारी श्री प्रेमचन्द्र वरिष्ठ सहायक कलेक्ट्रेट मो0 नं0 9919856357, श्री रामजी, जन सूचना लिपिक, कलेक्ट्रेट मो0 नं0 7007324744 प्रातः 06:00 बजे अपरान्ह 02:00 बजे तक कार्यरत रहेंगे। अपरान्ह 02:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक श्री राम लाल, प्रशासनिक अधिकारी कलेक्ट्रेट नोडल मो0 नं0 945016102, नामित कर्मचारी श्री जमुना प्रसाद वरिष्ठ सहायक कलेक्ट्रेट मो0 नं0 9919717351, श्री विमल श्रीवास्तव, कनिष्ठ सहायक मो0 नं0 8707250525 रहेंगें। नोडल अधिकारी श्री सुशील कुमार सिंह, अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एंव औषधि प्रशासन मो0 नं0 9450125408, नामित कर्मचारी श्री हरि गोविन्द वरि0 सहायक कलेक्ट्रेट मो0 नं0-9451581825, शक्ति सिंह लेखपाल/स्टेनो बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी मो0 नं0-9454077088 रात्रि 10.00 बजे से प्रातः 06.00 बजे तक लगायी गयी है।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण में बताया गया बाल विकास के टिप्स

**बनीकोडर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

ब्लॉक संसाधन केंद्र कोटवा सड़क मे खंड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर यादव तथा सीडीपीओ कमलेश यादव के कुशल निर्देशन मे प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण मे मुख्य संदर्भ दाता के रूप मे एआरपी अतुल गुप्ता,मनोज कुमार,नोडल संकुल अनिल कुमार,संकुल शिक्षक आरती साहू तथा रिचा ने उपस्थित सभी 97 आंगनवाडी कार्यकत्रियो की प्रशिक्षण कार्यशाला कुल 20 सत्रों मे संपन्न कराई।इस प्रशिक्षण मे बच्चो के लिए स्कूल की तैयारी,बच्चों की देखभाल मे पूर्व प्राथमिक शिक्षा का महत्व,बच्चो के विकास के क्षेत्र,



आंगनवाड़ी केंद्र की दैनिक दिनचर्या और वार्षिक गतिविधि कैलेंडर,सभी आंगनवाड़ी केंद्रो को मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र के रूप मे विकसित करने, आयु वर्ग के अनुसार अवधारणाओ पर गतिविधियो व बच्चो के भाषा तथा संख्यात्मक ज्ञान के साथ-साथ विकास के पांच क्षेत्रो पर समझ को विकसित करने का प्रयास किया गया।

## बिजली की निर्बाध आपूर्ति के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी अविनाश कुमार द्वारा बताया गया कि जनपद में विद्युत आपूर्ति निर्बाध रूप से बनाये रखने हेतु कलेक्ट्रेट बाराबंकी में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका हेल्पलाइन नम्बर 05248-226017, 05248-229926 व 05248-224849 है, जो कि 24 7 सुचारू रूप से संचालन हेतु अधिकारी/कर्मचारियों की 16 मार्च, 2023 की पूर्वान्ह से तैनाती की गयी है। विद्युत आपूर्ति निर्बाध रूप से बनाये रखने हेतु अपर जिलाधिकारी(न्यायिक) मो0नं0 9720562259 को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इस हेतु उपजिलाधिकारी (न्यायिक) नवाबगंज मो0नं0 7905519466 प्रातः 6 बजे से अपरान्ह 02 बजे तक, उपजिलाधिकारी (न्यायिक) फतेहपुर मो0नं0 9807789595 अपरान्ह 02 बजे से सायं 06 बजे तक, उपजिलाधिकारी (न्यायिक) रामसनेहीघाट मो0नं0 8287068017 सायं 06 बजे से रात्रि 10 बजे तक तथा उपजिलाधिकारी(न्यायिक) हैदरगढ़ मो0नं0 7054957098 रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक सहायक नोडल अधिकारी के रूप में अग्रिम आदेशों तक तैनात किया गया है।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शीतला आठों का त्योहार

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

रंग गुलाल के पर्व होली के आठवें दिन शीतला अष्ठमी (आठे) का जुलूस बुधवार को शीतला माता के पूजा के बाद बहुत ही हर्षोल्लास के साथ निकाला गया। जिसमे तरह तरह के पाट लगाकर लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया गया।ज्ञात हो कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी होली के आठवें दिन आठों का जुलूस बगहा,अहिरान, लोधपूरा,उसरी आदि मोहल्ले से ऊंट, घोड़े, बैंडबाजे के साथ निकालकर तयशुदा मार्गो से गुजरा। जिसमे लैला मंजनू, डाक्टर, डाकू,



चोर, पुलिस, बदमाश, धोबी, सपेरा, परीवार नियोजन सहित तमाम तरह के पाठ लगाकर हसीं मजाक करते हुए लोगो का मन मोह लिया।जुलूस के साथ थाना प्रभारी धीरेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व मे पुलिस प्रशासन व सम्मानित लोगो की भागीदारी देखने को मिली। कस्बे सहित ग्रामीण इलाको के लोगो के आगमन से जुलूस की शोभा मे निखार कायम रही। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि रियाज अहमद, देवेश कुमार डब्बू जायसवाल, सभासद बनवारी लाल लोधी,राम सिंह, किशोरिन, मिलन, राजन बकसोर, राजू यादव सहित सहयोगी देखरेख करते रहे।

## भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**

जाम के झाम मे फ से एक बच्चे की मौत पर खनन विभाग और यातायात विभाग की लापरवाही सामने आने के बाद कॉग्रेस प्रवक्ता शत्रु जय मिश्रा ने कड़ा विरोध करते हुए कहा कि खनन विभाग लगातार सुर्खियों मे बना हुआ है ,कभी एक्सीडेंट के मामले मे तो कभी वसूली के मामले मे लेकिन जिला प्रशासन मूकदर्शक बनी हुई है। आखिरकार अगर जाम से निजात मिल गई होती तो बच्चा को अपनी जान न गंवानी पड़ता। श्री मिश्रा ने कहा कि बीजेपी सरकार मे भ्रष्टाचार



चरम पर है, जांच के नाम पर अधिकारी लूट रहे है, बिना परमिट के और बिना नंबर प्लेट के गाड़िया रोड पर खनन अधिकारी के कृपा पर चल रही है, कार्यवाही के नाम पर केवल धन उगाही हो रहा है। खनन विभाग और यातायात विभाग की लापरवाही से जाम मे फसकर एक मासूम ने अपने जान गंवानी पडी, ऐसे मे खनन विभाग और यातायात विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए। अगर कोई आम आदमी या नेता जाम कराते है और उस दौरान किसी मरीज़ की मौत होती है तो उस नेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज होता है तो खनन और यातायात की लापरवाही से एक मासूम की मौत पर हत्या का मुकदमा दर्ज क्यूँ नहीं? बीजेपी सरकार मे भ्रष्टाचार का चरम पर है, अगर खान विभाग के अधिकारियों और यातायात विभाग के अधिकारियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज नहीं हुआ तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

## गल्ला व्यापारियों की हुई बैठक

**बाराबंकी।** लखपेड़ाबाग मैरिज लॉन में गल्ला व्यापारियों की एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में गल्ला व्यापारियों के साथ व्यवसाय में हो रहे भेद-भाव को देखते हुए बाराबंकी जिले में गल्ला व्यापारियों का एक संगठन बनाया गया। जिसमें वीरेन्द्र वर्मा ''नेवली'' को जिलाध्यक्ष व आजाद जायसवाल ''गुड्डू मऊ'', मनोज वर्मा, अजय मिश्रा, को उपाध्यक्ष नामित किया गया तथा केसरी किशोर शुक्ला को कोषाध्यक्ष व साकेत वर्मा, ललित मिश्रा को सचिव नामित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से विनोद मिश्रा, पुनवासी वर्मा, आजाद दरियाबाद, राम सहारे, उत्तम वर्मा, विष्णु गुप्ता, विजनेश गुप्ता, नगेन्द्र वर्मा, राजू जायसवाल, शिवराम, फिरोज अहमद, प्रमोद कुमार आदि ने विचार व्यक्त किया।

## समाजवादी चिंतक वैदिक के निधन पर शोक सभा

**बाराबंकी।** मशहूर पत्रकार, समाजवादी चिन्तक, अन्तराष्ट्रीय मामलों के गम्भीर अध्येता डॉ वेद प्रताप वैदिक के निधन पर गांधी भवन में शोक सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता कर रहे गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट के अध्यक्ष राजनाथ शर्मा ने कहा कि डॉ वेद प्रताप वैदिक के निधन से हिन्दी आन्दोलन को क्षति पहुंची है। जिसकी पूर्ति असंभव है। मेरे लिए यह निजी हानि है। डॉ वैदिक हिन्दी के सशक्त पैरोकार थे। उनकी भाषा और अभिव्यक्ति की शैली अनूठी थी। कम शब्दों में प्रभावी तरीके से बात करने की उनकी कला थी।

## सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2012 अनुक्रमांक 1692504 है, व इंटरमीडिएट वर्ष 2014 अनुक्रमांक 1230103 का प्रमाण पत्र कहीं खो गया है।

**मनमोहन सिंह पुत्र गंगावक्स सिंह निवासी ग्राम बरुआ पो0 अलीगढ़, थाना राजेपुर, जनपद फर्रुखाबाद।**

## सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2012 अनुक्रमांक 1713844 है व इंटरमीडिएट वर्ष 2014 अनुक्रमांक 1234116 का प्रमाण पत्र कहीं खो गया है।

**शकील अहमद पुत्र शौकत अली निवासी ग्राम बरुआ पो0 अलीगढ़, थाना राजेपुर, जनपद फर्रुखाबाद।**

## भव्य कलश यात्र के साथ शुरू हुआ सप्तदिवसीय भागवत कथा का आयोजन

**गोला-गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़**

ऋषि सेवा आश्रम के तत्वाधान में सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिन उपनगर स्थित सुंदरम लॉन से भव्य कलश यात्र निकल कर मुख्य बाजार से होते हुए सरयू तट पक्के घाट पर पंहुची जहां पितेवस्त्र धारण किए महिलाओं ने मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भरा। पुनः लौट कथा स्थान पर कलश की स्थापना कर दी गयी।



कथा के प्रथम दिन श्री राघव ऋषि ने कहा कि प्रलय के समय काशी को भगवान शिव त्रिशूल पर धारण करते है। इसलिए काशी भूमि का कभी नाश नहीं होता है। कथा के माध्यम से सच्चिदानन्द प्रभु की प्राप्ति होती है। भागवत शास्त्र हमें गृहस्थ जीवन में रहते हुए भगवान के प्राप्ति के मार्ग को बताता है। जिस प्रकार गोपियों ने घर बिना छोड़े ही प्रभु की प्राप्ति कर ली। भागवत कथा सुनने से जन्म-जन्मान्तर के पापों का क्षय होता है। भागवत कथा की रचना व्यास जी ने किया था परंतु इसे गणेश जी ने लिखा था। कथा का रसपान करने के लिए देवता भी आते हैं। कथा मनुष्य के भीतर के सुप्त वैराग्य व ज्ञान को जागृत करता है। उन्होंने कहा कि अनाचारी व्यक्ति रूप, रस, गंध, शब्द व स्पर्श रूपी पांच वेश्याओं से फंस जाता है और वह प्रेत योनी को प्राप्त होता है। कथा के अंत में उपस्थित लोगों के द्वारा प्रभु की भव्य आरती की गयी। इस दौरान जिलाकोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन, मनोज उमर, कस्तूरी जयसवाल, अजय मोदनवाल, ऋषि साहनी, उदय शंकर गुप्ता, सुरेश चंद, सुरेंद्र मिश्र, डॉ देवानंद, रिंकू चौधरी, संजय मद्देशिया सहित सैकड़ो भक्त उपस्थित रहें।

## वंचित शोषितों के हक की आवाज थे मान्यवर कांशी राम

**गोला-गोरखपुर।** उपनगर गोला के बेवरी टोला में बुधवार को समाजवादी पार्टी के कार्य कर्ताओं ने कांशीराम की जयंती पर एक सभा का आयोजन कर उनके छाया चित्र पर पुष्पार्चन के साथ उन्हे नमन करते हुए शोषित वंचित समाज के उत्थान के लिए, उनके द्वारा किये गये कार्यों को याद करते हुए, उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ समाज वादी नेता कन्हैयालाल ने उनके जीवनी व उनके द्वारा पिछड़े समाज के उत्थान के लिए किये गये संघर्ष एवं कार्यों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा की मान्यवर कांशीराम राम हर वर्ग के पिछड़े व शोषित वंचित लोगो के हक की आवाज थे। वहीं कार्यक्रम को समाजवादी नेता रमाशंकर यादव व श्री कांत यादव ने भी सम्बोधित कर उन्हे श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर प्रमुख रूप से शुरेश मिस्त्री जितेंद्र कुमार गुड्डू ,पप्पू कुमार आदि सहित दर्जनो लोग उपस्थित रहे।

बेहतर कानून व्यवस्था, महिला अपराधों पर अंकुश और पीड़ितों की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई होगी

## पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार ने संभाला पदभार

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़**

बुधवार को अपना पदभार संभालने के तुरंत बाद रामनगरी में व्यवस्थाओं की नब्ज टटोलने वाले अयोध्या परिक्षेत्र के नवागत पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार ने वैसे तो शासन के मुख्य निर्देशों को ही अपनी प्राथमिकताओं में शामिल बताया लेकिन उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में बेहतर कानून व्यवस्था,महिला संबंधी अपराधों पर अंकुश और पीड़ितों की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई और उन शिकायतों का सत्यापन प्रमुख रूप से शामिल रहीं। पदभार ग्रहण करने के बाद परिक्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए नवागत पुलिस महानिरीक्षक श्री कुमार ने कहा कि''अयोध्या परिक्षेत्र में सेवा का अवसर मिलना मेरे लिए गर्व का विषय है। परिक्षेत्र से संबंधित सभी जिलों में आयोजित होने वाले थाना समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले जनशिकायती प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध व सही तरीके से निस्तारण,अपराधियों की



सूची बनाकर उनकी सतत निगरानी रखना और उनके विरूद्ध कार्यवाही कराना,पॉक्सो एक्ट में चिन्हित मामलों का निस्तारण कराना,जीरो टॉलरेंस की नीति का पालन कराना,सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले तत्वों की निगरानी करते हुए उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही कराना तथा अच्छा कार्य करने वाले बीट आरक्षियों और पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत किये जाने की नीति अमल में लायी जायेगी। उन्होंने कहा कि अयोध्या परिक्षेत्र के जनपद अयोध्या, बाराबंकी, सुलतानपुर, अम्बेडकर नगर तथा अमेठी में शासन की मंशा के अनुरूप जनसमस्याओं का निस्तारण, महिला सुरक्षा, अपराध नियंत्रण व दोषियों को सजा दिलाना, सुचारू और सुगम यातायात व्यवस्था, माफिया तथा गैंगेस्टर अपराधियों के विरूद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही के साथ उनकी सम्पत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही भी करते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था कायम रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। पदभार ग्रहण करने के बाद नवागत पुलिस महानिरीक्षक श्री कुमार ने श्री राम जन्मभूमि परिसर सहित शहर का निरीक्षण किया और इसके बाद पर परि क्षेत्रीय कार्यालय में नियुक्त सभी शाखा प्रभारियों और कर्मचारियों के साथ गोष्ठी कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।


## कार्यालय ग्राम पंचायत शेराखार गौटिया वि0ख0 राजेपुर, फर्रु0

पत्रांकः-मीमो/ग्र0पं0/मनरेगा टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2022-23 दिनांक 14/03/2023

### अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में ग्राम पंचायत शेराखार गौटिया की स्वीकृत कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 15/03/2023 से दिनांक 22/03/2023 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 22/03/2023 सायं 4 बजे निर्माण समिति द्वारा निविदा खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण (लाख में) | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा मूल्य | धरोहर धनराशि | कार्य पूर्ण की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वीरपाल के घर से रघुवर के घर तक साइड वाल व इंटरलाकिंग कार्य | बिल आफ क्वांटिटी | 318604 | 500 | 2 प्रतिशत | 15 दिन |
| 2 | मदनपाल के घर से चन्दू के घर तक साइड वाल व इंटरलाकिंग कार्य | बिल आफ क्वांटिटी | 320140 | 500 | 2 प्रतिशत | 15 दिन |
| 3 | प्राथमिक विद्यालय गौटिया में शौचालय निर्माण कार्य | बिल आफ क्वांटिटी | 268756 | 500 | 2 प्रतिशत | 15 दिन |

**नियम व शर्तेः-** निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

**(उमेश यादव)** ग्राम प्रधान- शेराखार गौटिया, राजेपुर

**( विवेक कुमार)** सचिव-शेराखार गौटिया, राजेपुर

## कार्यालय ग्राम पंचायत नगला हूषा वि0ख0 राजेपुर, फर्रु0

पत्रांकः-मीमो/ग्र0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2022-23 दिनांक 15/03/2023

### अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में ग्राम पंचायत नगला हूषा की स्वीकृत कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 16/03/2023 से दिनांक 23/03/2023 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 23/03/2023 सायं 4 बजे निर्माण समिति द्वारा निविदा खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण (लाख में) | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा मूल्य | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हवलदार के घर से मुनेश्वर के खेत तक नाली व सोक पिट निर्माण कार्य | बिल आफ क्वांटिटी | 239675 | 500 | 2 प्रतिशत |

**नियम व शर्तेः-** निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

**(रामवरन)** ग्राम प्रधान- नगला हूषा, राजेपुर

**( आशुतोष दुबे)** सचिव-नगला हूषा, राजेपुर

## कार्यालय ग्राम पंचायत चौसेपुर वि0ख0 कमालगंज, फर्रु0

पत्रांकः मीमो / राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/2022-23 दिनांक 14/03/2023

### निर्माण सामिग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम चौसेपुर विकास खण्ड कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना में निर्माण सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 15/03/2023 से 22/03/2023 तक की अपरान्ह 3-00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 22/03/2023 को सायं 4:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, अवर अभियंता व सचिव, तकनीकी एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 15/03/2023 से 22/03/2023 तक अपरान्ह 2-00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रु0 500.00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | रामप्रकाश के घर से पंचायत घर तक मिट्टी व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 4,05,084=00 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | मैन रोड से रामसरन के घर तक मिट्टी व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 4,04,596=00 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (नीता)** **सचिव (आलोक दुबे)**

**ग्राम पंचायत चौसेपुर, विकास खण्ड कमालगंज, फर्रुखाबाद।**


# जीवन कौशल के प्रशिक्षण का हुआ समापन

**मसौली, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

उच्च प्राथमिक विद्यालय करपिया में चल रहे तीन दिवसीय सेल्फ स्टीम, जीवन कौशल शिक्षा प्रशिक्षण का समापन खण्ड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार शुक्ल द्वारा प्रमाण पत्र वितरित कर किया गया।

बेसिक शिक्षा महानिदेशक के निर्देशों के अनुपालन में उच्च प्राथमिक विद्यालय करपिया में चल रहे अध्यापक -अध्यापिकाओं के तीन दिवसीय सेल्फ स्टीम ,जीवन कौशल शिक्षा कार्यक्रम प्रशिक्षण में प्रशिक्षक गरिमा त्रिपाठी द्वारा बाड़ी टाक के विषय में सभी प्रशिक्षुओं को रोचक ढंग से प्रशिक्षित किया तथा प्रशिक्षुओं से उपरोक्त विषय पर अपने- अपने विचार भी साझा किये प्रशिक्षुओं द्वारा आधा फुल कॉमिक्स के सेट से गायब हाथी, बोलती चट्टान और खतरे में बदलीपुर कॉमिक्स का मंचन किया गया। सभी प्रशिक्षकों ने बारी-बारी से अपने सत्र पर परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे बालक -बालिकाओं के सशक्तिकरण व बच्चों के अंदर आत्म सम्मान और आत्म विश्वास उत्पन्न करने के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान लिंग भेद को लेकर समाज में फैली कुरीतियों और बुराइयों पर प्रशिक्षकों द्वारा बताया गया कि बदलते समाज में बालिकाएं अपनी मेहनत व लगन के बल पर प्रत्येक क्षेत्र में बालकों से आगे नजर आ रही हैं। इसके बाद भी समाज में बालक और बालिकाओं को लेकर दोहरी मानसिकता अपनाई जा रही है।

इस दूषित मानसिकता को बदलने की आवश्यकता है इसका विस्तृत रूप से परिचर्चा की गई।बालक - बालिकाओं के विकास में आने वाली बाधाओं कैसे दूर किया जाए ।किशोरावस्था से लेकर युवावस्था के बीच शरीर में अनेकों परिवर्तन होते है। जिसके सम्बन्ध में उचित जानकारी न होने पर कुछ बालक - बालिकाएं अपने मार्ग से भटक जाते हैं, जिनको उचित मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है।इस विषय पर भी चर्चा की गई।

कार्यक्रम के समापन के मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी से संजय शुक्ला ने सभी प्रतिभागियों से चर्चा की और कहा कि सेल्फ स्टीम प्रशिक्षण का विद्यालय में मनोयोग से पालन करें ।जिससे प्रत्येक विद्यार्थी को सेल्फ स्टीम प्रशिक्षण का लाभ मिल सके।अंत में बीईओ ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किया। इस मौके पर एसआरजी अवधेश पांडेय,गुणवत्ता समन्यवक रश्मिकांत अवस्थी, संजय श्रीवास्तव, पदमिनी वर्मा सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रही।

## सपा नेता ने आयोजित किया भव्य होली मिलन समारोह

**हैदरगढ बाराबकी, समृद्धि न्यूज़**

नगर पंचायत हैदरगढ से चेयरमैन पद हेतु प्रबल दावेदार सपा नेता पप्पू सिद्दिकी के सौजन्य से लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे रोड पर भटखेरा वार्ड स्थित महिन्द्रा एजेन्सी कार्यालय पर भव्य होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे नगर सहित दूरदराज क्षेत्र के विभिन्न गांव से सैकडो सपा कार्यकर्ताओ ने बढचढकर हिस्सा लिया ।कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि सपा के पूर्व कैबिनेट मन्त्री व राष्ट्रीय महासचिव अरविंद सिंह गोप रहे । कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे पहुचे सपा पूर्व कैबिनेट मन्त्री अरविंद सिंह का सपा नेता पप्पू सिद्दिकी व उनके सैकडो समर्थको द्वारा फूल माला पहना कर जोरदार स्वागत किया गया। सपा पूर्व कैबिनेट मन्त्री अरविंद सपा ने सर्वप्रथम सभी कार्यकर्ताओ को होली की शुभकामनाएं दी और कहा की होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित करने से लोगो मे आपसी प्रेम व भाईचारा बढता है उन्होंने आगे कहा की नगर निकाय चुनाव व आगामी 20 24 लोकसभा चुनाव निकट है इसलिये सभी कार्यकर्ता अभी से तैयारी मे जुट जाये। इस दौरान पूर्व विधायक राम मगन रावत ने कहा की प्रदेश का सर्वांगीण विकास सपा सरकार मे ही सम्भव है और भाजपा की तरह झूठे लुभावने वादे नही करती है इसलिये जनता सपा की ओर उम्मीद भरी निगाहो से देख रही है और आगामी चुनाव मे सपा की जीत निश्चित है इस मौके पर सपा नेता चौधरी अदनान ,सपा के पूर्व विधान सभा अध्यक्ष दुख हरन यादव , सब्बीर पहाडी, कुल्लुर सिंह , जिला पंचायत सदस्य नेहा सिंह आनन्द, गिरजा रावत, महेश यादव, जहीर , राकेश सिंह , प्रधान अलगू सिंह , मौजी राम यादव , सहित सैकडो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पुलिस ने ब्लैकमेल कर पैसे हड़पने वाले गिरोह के पांच सदस्य किये गिरफ्तार

इटावा। समृद्धि न्यूज



अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर के निर्देशन, पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र कानपुर के मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के पर्यवेक्षण में साइबर सेल व थाना सिविल लाइन पुलिस की संयुक्त टीम के कार्यवाही कर ब्लैकमेल कर पैसे हड़पने वाले गिरोह के पांच सदस्य को गिरफ्तार किया।

वादी द्वारा थाना सिविल लाइन पुलिस को अंश यादव द्वारा डेटिंग एप्प के माध्यम से बातचीत कर अश्लील से इटावा बुलाकर स्कूटी से आईटीआई चैराहे के पास स्थित पॉलिटेक्निक बिल्डिंग में ले जाकर अपने 4 अन्य साथियों के साथ मिलकर वादी का आपत्तिजनक विडियो बनाकर ब्लैकमेल करने व पेटीएम से 15000 रुपये ट्रांस्फर करा लेने की सूचना दी गयी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा स्वयं संज्ञान लेते हुए क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना सिविल लाइन व साइबर सेल इटावा से संयुक्त टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम उक्त घटना से संबधित आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निरंतर प्रयासरत थी इसी क्रम में कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए घटना से संबधित नामजद आरोपी विशालविशाल यादव उर्फ अंश यादव पुत्र राजवीर सिंह यादव निवासी सुल्तानपुर कलां थाना फ्रेण्डस कालोनी, हिमांशु पुत्र धर्मेन्द्र सिंह चौहान निवासी आईटीआई चौराहा रणवीर नगर थाना सिविल लाइन, राज भदौरिया पुत्र अवधेश सिंह भदौरिया निवासी शांति कालोनी थाना फ्रेंड्स कालोनी, आकाश पुत्र फूलचंद्र निवासी गन्सरा थाना भरथना हाल पता रणवीर नगर आईटीआई थाना सिविल लाइन को आईटीआई चैराहे के पास स्थित पॉलिटेक्निक बिल्डिंग से गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से एक रेडमी-11 मोबाइल, घटना में प्रयुक्त स्कूटी यूपी 75 एए 9322 व 15000 रुपये नगद बरामद किये।इस सफलता में विजय बहादुर सिंह प्रभारी थाना सिविल लाइन, उ.नि. रामप्रताप सिंह, हे.का. हरवीर सिंह, का. निशान्त का. विवेक दिवाकर, का. शुभम उपाध्याय एंव विनोद यादव प्रभारी साइबर सेल, उ.नि. प्रमोद कुमार, का. बृजेश गोला का. दीपक कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

# सभी विभाग बढ़ते तापमान को देखते हुए हीट वेव योजना बनाएं: अपर जिलाधिकारी

महोबा। समृद्धि न्यूज



**अपर जिलाधिकारी** रामप्रकाश ने बढ़ते हुए तापमान को देखते हुए बताया गया कि जनपद में लू प्रकोप से बचाव हेतु सभी विभागों को हीट वेव योजना बनाये जाने के निर्देश दिए चुके हैं। जनपद में समिति का गठन किया जा चुका है। आपदा विशेषज्ञ प्रीति सिंह ने बताया कि जनपद में लागातार हीट वेव के असर को कम करने के लिए और लू से होने वाली मौत को रोकथाम के लिए सावधानियां का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। कड़ी धूप में बाहर ना निकले खासकर दोपहर 12 बजे से 3 तक के बीच में जितनी बार हो सके पानी पिएं प्यास ना लगे तो भी पानी पिएं हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहने धूप से बचने के लिए गमछा टोपी छाता धूप का चश्मा जूते और चप्पल का इस्तेमाल करें सफर में अपने साथ पानी रखें चाय काफी जैसे पेय पदार्थों का इस्तेमाल ना करें अगर आपका काम बाहर का है तो टोपी कम छाया छाते का इस्तेमाल जरूर करें और गीले कपड़े को अपने चेहरे से और गर्दन पर रखें एअगर आपकी तबीयत ठीक ना लगे या चक्कर आए तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। घर में बना पेय पदार्थ जैसे की लस्सी नमक चीनी का घोल नींबू पानी आम का फल इत्यादि का सेवन करें?। जानवरों को छांव में रखें । रात में खिड़कियां खुली रखें ढीले कपड़े का उपयोग करें पानी से बार.बार नहाए। धूप में खड़े वाहनों में बच्चों एवं पालतू जानवरों को ना छोड़े खाना बनाते समय कमरे के दरवाजे की खिड़कियां दरवाजे खुले रखें इससे हवा का आना.जाना बना रहे नशीले पदार्थ शराब तथा अल्कोहल के सेवन से बचें उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करने से बचें बासी भोजन ना करें खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एल्युमिनियम पन्नी गत्ते इत्यादि से ढक कर रखें ताकि बाहर की गर्मी को अंदर आने से रोका जा सके खिड़की व दरवाजे बाहर के समय हम आते हैं काले पर्दे लगाकर रखना चाहिए । स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सतर्क रहें। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण । जानवरों वा पालतू जानवरों को कभी भी बंद वाहन में अकेला ना छोड़े जहां तक संभव हो घर में ही रहे तथा सूर्य के संपर्क से बचे सूर्य के ताप से बचने के लिए जहां तक संभव हो घर की निचली मंजिल पर रहे संतुलित हल्का व नियमित भोजन करें। घर से बाहर अपने शरीर को कपड़े और टोपी से ढक कर रखें लू तापघात जानलेवा हो सकता है। इसके लक्षण शरीर का तापमान बढ़ने या पसीना ना आना सिर दर्द होना सिर का भारीपन महसूस होना त्वचा का सुखा या लाल होना उल्टी होना बेहोश हो जाना मांसपेशियों में ऐंठन होने पर प्राथमिक उपचार लें।

## खबरें एक नजर में

### शहर की कानून व्यवस्था का जायजा लेने के लिए एसएसपी ने किया गश्त

**इटावा।** शहर की कानून व्यवस्था का जायजा लेने के लिए एसएसपी संजय कुमार वर्मा सड़को पर निकले और शहर के मध्य में पुलिस बल के साथ किया पैदल गश्त किया। इस दौरान पुलिस ने 50 से अधिक वाहनों का चालान किया। तेज आवाज, मोडिफाइड साइलेंसर वाले 2 वाहनों को सीज किया। ईव टीजिंग और लड़कियों के साथ छेड़छाड़ करने वालो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए।एसएसपी ने कहा कि शासन के निर्देश पर लगातार फुट पेट्रोलिंग की जा रही है। पैदल चलने से स्वास्थ भी ठीक रहता है और नगर की भूगोलिक स्थिति की जानकारी भी हो जाती है साथ ही साथ अराजक तत्वों को लगाम लगाने में मदद मिलती है। पैदल गश्त के दौरान एसपी क्राइम ज्ञानेंद्र नाथ, सीओ सिटी अमित कुमार सिंह, कोतवाल भूपेंद्र सिंह राठी, सिविल लाइन इंस्पेक्टर विजय बहादुर वर्मा, यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह, पीआरओ अनुभव चौधरी, उप निरीक्षक मिलन, दर्शन सिंह, यशोदा रानी समेत कई चौकी इंचार्ज और भारी पुलिस बल साथ रहा।

### श्रीमद् भागवत कथा कलश यात्रा के साथ शुरू

**इटावा।** क्षेत्रीय ग्राम बिरारी में श्रीमद भागवत सप्ताह भक्ति ज्ञान यज्ञ समारोह एवं संगीतमयी कथा मंगलवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हुई, जो 21 मार्च को पूर्णाहुति एवं भंडारे के साथ सम्पन्न होगी।कथा का समय पूर्वाहन 12 बजे से शाम 6 बजे तक है।कथा प्रवक्ता आचार्य पं.अर्पण कृष्ण द्विवेदी जी महाराज व आचार्य पं.शिवनंदन तिवारी द्वारा कथा का रसपान कराया जा रहा है। आयोजक अजय सिंह भदौरिया व केशव सिंह भदौरिया ने सभी धर्म प्रेमियों से कथा में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।कलश यात्रा में राम सिंह भदौरिया,दीपू पाठक, शिव वीर सिंह यादव,वीरेंद्र सिंह यादव,नीरज दीक्षित,अवधेश चतुर्वेदी,प्रतीक तिवारी, पशुपतिनाथ चौधरी,दीनबंधु चौधरी सुनील शुक्ला,पप्पन शर्मा,छोटे बाथम, सचिन भदौरिया ऋषभ भदौरिया देवराज भदौरिया सहित सैकड़ों धर्म प्रेमी शामिल रहे।

### सहकारिता चुनाव के नामांकन में प्रत्याशी समर्थकों में दिखा जोश

पनवाड़ी महोबा। सहकारिता चुनाव की हलचल तेज हो गयी है। जिले भर में नामांकन का दौर शुरू हो गया है। हर कोई अपने-अपने प्रत्याशी सहित नामांकन करने पहुँचे। पनवाड़ी निवासी भाजपा युवा नेता श्रीप्रकाश मिश्रा की पत्नी सरिता तिवारी ने जिला मुख्यालय पर शिक्षक वेतनभोगी सहकारिता सदस्य पद हेतु नामांकन किया। नामांकन के दौरान प्रत्याशी समर्थकों में भारी उत्साह देखा गया इस दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक गण,प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष श्री मित्र त्रिपाठी ,ब्लॉक प्रमुख अंजना श्रीप्रकाश अनुरागी, जिलाध्यक्ष प्रधान संगठन संजय द्विवेदी, निरज द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष भाजपा पनवाड़ी संतोष विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

### स्कूली बच्चों से भरी मैजिक खंती में पलटी

बांदा। स्कूली बच्चों को लेकर जा रहा मैजिक वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पानी भरी खंती में पलट गई। इसमें सवार आठ बच्चे घायल हो गए। घटना से इलाके में चीखपुकार मच गई। शोरशराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। किसी तरह बच्चों को मैजिक वाहन से बाहर निकाला। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां गंभीर रूप से घायल दो बच्चों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां उनका उपचार किया जा रहा है। बबेरू कस्बे में प्राइवेट विद्यालय संचालित है। बुधवार की सुबह बिसंडा थाना क्षेत्र के बड़ागांव निवासी मैजिक चालक शिवचंद्र मरका से स्कूली बच्चों को लेकर विद्यालय आ रहा था। तभी मैजिक वाहन भभुवा मोड़ के पास पहुंची ही थी कि अचानक चालक ने स्टेयरिंग को मोड़ दिया। अनियंत्रित वाहन सड़क किनारे पानी भरी खंती में पलट गया। इसमें सवार पूर्व प्रधान विनोद निषाद का पुत्र अमित (15), पूजा (13), ईजान (10) पुत्र इरफान, कृष्णा पाल (12) पुत्र बृजलाल, जोया (12), साद (10), सिराज (9), पुष्पेंद्र (13) पुत्र रामबली घायल हो गए। दुर्घटना को देख मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने मैजिक वाहन को सीधा कर गाड़ी के अंदर फंसे सभी बच्चों को बाहर निकाला। एंबुलेंस के माध्यम से उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को किया गया सम्मानित

इटावा। समृद्धि न्यूज



प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस एवं परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत वित्तीय वर्ष 2021-22 व 2022-23 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम हुआ। आईएमए हॉल में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ गीताराम ने चिकित्सक, एएनएम, आशा संगिनी, आशा और परिवार नियोजन काउंसलर स्टाफ नर्स जिले के अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित किया।

इस मौके पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों का उत्साहवर्धन करते हुए, मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि सभी स्वास्थ्यकर्मी अपने-अपने कार्य क्षेत्र में इसी तरह से भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन करें। इससे स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर तरीके से लोगों तक पहुंचाया जा सके। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी और परिवार कल्याण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ बी एल संजय ने कहा कि परिवार नियोजन कार्यक्रम में डॉक्टर,नर्स, एएनएम, परिवार नियोजन काउंसलर और आशा,एएनएम जिस तरह से अपने अपने स्तर पर कार्य कर रहे हैं वह सराहनीय है। डॉ भीमराव अंबेडकर महिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक व सर्जन डॉ राम बिहारी को पुरुष व महिला नसबंदी सेवा प्रदाता के रूप में प्रथम पुरस्कार व डॉ मौलश्री मेहता डॉ मंगल सिंह को द्वितीय स्थान मिला विशिष्ट सम्मान से डॉ अनिल को पुरस्कृत किया गया। सर्वाधिक महिला नसबंदी पुरुष नसबंदी एवं पीपीआईयूसीडी के लिए महेवा ब्लाक के गौरव त्रिपाठी को प्रथम बसरेहर ब्लॉक से डॉ विकास सचान द्वितीय जसवंतनगर ब्लॉक से डॉ सुशील को तृतीय स्थान मिला। पुरुष और महिला नसबंदी केस प्रेरित करने के लिए एएनएम- उपासना गौतम, रीता, नीतू, बबली और आशा- मंजू उर्मिला रूपारानी को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में डीटीओ डॉ शिवचरण हेंब्रम, डॉ श्रीनिवास, बीएलओ डॉ बलराज, आई एम ए अध्यक्ष डॉ अमिताभ, सचिव डॉ डी के सिंह, डी पी एम संदीप दीक्षित, डी सी पी एम प्रभात बाजपेई, डॉ रहीसुद्दीन क्वालिटी कंसल्टेंट, चंद्रपाल सिंह डी एम एच सी, अमित विश्वकर्मा डीएफपीएलएम एवं स्वास्थ्यकर्मियों व सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# एसडीएम व तहसीलदार ने पौधरोपण कर दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश

इटावा। समृद्धि न्यूज



छात्र पर्यावरण संसद के तहत बुधवार को एसडीएम सदर विक्रम सिंह राघव व तहसीलदार सदर राजकुमार ने वृक्षारोपण कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर पर्यावरण संसद के संयोजक व पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक कैलाश चंद यादव ने अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। उन्होंने बताया कि छात्र संसद 8 वर्षो से पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रही है, तथा सभी को प्रेरित करती है कि वे किसी भी खुशी के दिन पर वृक्षारोपण करके अपनी खुशी को मनायें। एसडीएम सदर ने छात्र संसद के प्रयासों की सराहना की एवं भविष्य में भी इसी प्रकार अनवरत कार्य करने की अपील की। तहसीलदार सदर में वृक्षारोपण करने के लिए सभी से अपील की एवं अपने पर्यावरण को हरा-भरा बनाए रखने का संदेश दिया।

# होली मिलन समारोह का आयोजन कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के प्रांगण में संपन्न हुआ

मैनपुरी। समृद्धि न्यूज




**उत्तर प्रदेशीय** प्राथमिक शिक्षक संघ के नवीन जिला संयोजक अरुण यादव के संयोजकत्व में होली मिलन समारोह का आयोजन कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के प्रांगण में संपन्न हुआ। समारोह में जनपद के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने आपस में अबीर गुलाल और फूलो की होली खेलकर एक दूसरे को बधाई दी। बुधवार को बीएसए कार्यालय के प्रांगण में आयोजित होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए जिला संयोजक अरुण यादव ने कहा कि प्रांतीय नेतृत्व एवं पूर्व जिला समिति के द्वारा मेरे लिए जो विश्वास जताया गया है, उस पर खरा उतरने का भरपूर प्रयास किया जाएगा। जनपद के सभी शिक्षक भाई-बहनों के हितों का ध्यान में रखते हुए कार्य किए जाएँगे। हमारे शिक्षकों का सम्मान ही मेरा सम्मान होगा। हम संगठित होंगे तभी मजबूत होंगे। उन्होंने शिक्षकों से कुरीतियों से दूर रहकर एकजुट होने की अपील की। साथ ही कहा कि हमे अतीत से प्रेरणा लेते हुए अपने भविष्य की बेहतरी के लिए संगठित रहकर प्रयास करने होंगे। संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रणवीर यादव ने कहा कि शिक्षक अगर एकजुट हो जाये तो कोई भी कार्य असंभव नहीं है। कार्यक्रम का शुभारम्भ तदर्थ समिति के सदस्य एवं प्रसिद्ध कवि धर्मेंद्र चौहान ने आओ आज मिले हम होली गीत गाकर किया। कार्यक्रम को संघ के पूर्व महामंत्री राजेश पांडेय, धर्मेंद्र चौहान, श्रीचंद्र यादव, राजेश यादव, अतुल यादव, प्रेम प्रकाश शाक्य आदि ने संबोधित किया। संचालन श्याम किशोर पाठक ने और अध्यक्षता प्रदीप कुमार गौड़ ने की। इस मौके पर माधवेन्द्र चौहान, सुखेन्द्र यादव, जयदीप चौहान, चन्द्रभान सिंह, पंकज शुक्ला, विवेक वर्मा, शिवेंद्र सिंह, सुधीर चौहान, संजीव मिश्र, सुमित कुमार कौशल, अर्चना सिंह, वंदना शाक्य, ममता चौहान, प्राणेश, विनोद सिंह, सुभाष कश्यप, वरुण खत्री, राघव चौहान, सचिन कुमार पाल, केसरीनंदन, कौशलेष सिंह, राजकमल, दीपक शाक्य आदि मौजूद थे।

# जिनको आती है गोबर से बदबू उनको दिए गए पशु शेड

महोबा। समृद्धि न्यूज







- मनरेगा योजना से पशु शेड निर्माण में हो रहा जमकर भ्रष्टचार
- मनरेगा योजना की मिशन फाइव सूची को नजरअंदाज कर अपने चहेतों को दिए पशु शेड
- मनरेगा योजना की गाइडलाइन को ताक पर रख 60 अनुपात 40 का नहीं किया गया पालन

**महोबा** जनपद में पशु शेड योजना में जमकर अनियमितताएं बरती जा रही हैं जिम्मेदार इस ओर ध्यान न देकर मौन रूप से भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं ताजा उदाहरण विकासखंड जैतपुर में वित्तीय वर्ष 22 - 23 में लगभग 400 पशु शेडो का निर्माण कराया गया। विकासखंड जैतपुर में मनरेगा योजना के तहत व्यक्तिगत पशु शेड योजना में भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा ही पार कर दी विकासखंड में 63 पंचायतें हैं जिनमें से कुछ पंचायतों में मनरेगा गाइडलाइन का पालन ही नहीं किया गया और बड़ी संख्या में पशु शेड आवंटित किए गए हैं और यह पशु शेड अधिकांश अपात्रों को ही दिए गए हैं कुछ ग्राम प्रधानों ने पशु शेड निर्माण को बनाया अपनी कमाई का जरिया बनाया है भ्रष्टाचार के चलते पात्र और अपात्रों में कोई अंतर नहीं देखा जा रहा है। लोगों का आरोप है कि मनरेगा सेल के आला अधिकारी द्वारा भी पशु शैडो की आईडी निकालने के नाम पर सुविधा शुल्क लिया जा रहा है सुविधा शुल्क जो ज्यादा देगा उसके गांव में किसी भी प्रकार की गाइडलाइन का नहीं किया जाता है कोई पालन उनके लिए तो शाम 6.00 बजे के बाद विशेष रूप से एनआईसी मनरेगा सेल का कार्यालय खोला जाता है

### इस भ्रष्टाचार से विकासखंड के आला अधिकारी भी बने हुए हैं अनभिज्ञ

जिन पशु शैडो का निर्माण कराया गया है वह एस्टीमेट के अनुसार नहीं बनाए गए इसके निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया है जो टीन चद्दर व पाइप लगाए गए हैं वह बेहद घटिया लगाए गए इसके साथ ही अंदर फिर्श आदि का निर्माण भी नहीं कराया गया। अधिकांश ऐसे लाभार्थियों का चयन किया गया जिनकी एक दीवाल पहले से ही बनी हुई थी या जिन्होंने अधिक सुविधा शुल्क दिया। पशु शेड लोगों के आशियाने बन गए हैं ।

पशु शैडो के गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य व भ्रष्टाचार की कई ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों के द्वारा लिखित रूप से शिकायत कर अवगत कराया गया है कि यह पशु शेड ग्राम प्रधानों ने अपने चहेतों को और अपने सगे संबंधियों को आवंटित किए हैं तथा अधिकांश अपात्रों को जिन्होंने सुविधा शुल्क दिया उनको आवंटित किए गए हैं महेवा पंचायत से तो ग्रामीणों ने शिकायत कर अवगत कराया है कि प्रधान ने अपने सगे संबंधियों को पशु सेड दिए हैं ।

इसके अलावा जैतपुर के कुछ लोगों ने प्रधान पर आरोप लगाए थे कि ग्राम प्रधान के द्वारा अपने सगे संबंधियों व अपने चहेतों को पशु शेड आवंटित किए हैं और मनरेगा की मिशन 5 सूची के लाभार्थियों को इसका लाभ नहीं दिया गया इसकी शिकायत विकासखंड से लेकर जिले के अधिकारियों सहित लखनऊ में मनरेगा के आयुक्त से की गई है लेकिन उनके एक हफ्ते में जांच के लिए दिए गए आदेश के बाद भी यही कहावत चरितार्थ होती है कि ढाक के तीन पात इस मामले पर उपायुक्त मनरेगा का कहना है कि अगर मनरेगा से कराऐ कार्यो एवं पशु शेड योजना में गड़बड़ी से संबंधित साक्ष्य मिलते हैं तो निश्चय ही कार्यवाही की जाएगी अगर किसी अपात्र व्यक्तियों को इसका लाभ दिया गया है तो उन पर भी कार्रवाई की जाएगी।

# पनवाड़ी पुलिस इंस्पेक्टर शशि कुमार पांडे ने अंतर्जनपदीय पशु वाहन चोर गिरोह का किया भंडाफोड़

पनवाड़ी, महोबा। समृद्धि न्यूज



**पुलिस अधीक्षक** महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत जनपद महोबा में पशु एवं वाहन चोरी की घटनाओं की रोकथाम हेतु उसमें लिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक पनवाड़ी शशि कुमार पांडे द्वारा थाना स्तर पर गठित की गई टीम को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई वरिष्ठ उप निरीक्षक नरेश चंद्र निगम उप निरीक्षक रवि कुमार सिंह उप निरीक्षक रामेंद्र कुमार गौतम कांस्टेबल अंकित सिंह कॉन्स्टेबल आर्यन सिंह कांस्टेबल सूरज कुमार गोंड कॉन्स्टेबल प्रवीण कुमार आदि ने मुखबिर की खास सूचना पर पशु चोरी करने वाले गिरोह के 8 अभियुक्त गण दानिश कुरेशी, शुभम विश्वकर्मा, कुलदीप गोस्वामी, सागर अहिरवार, मान सिंह अहिरवार निर्मल कुमार शर्मा, अनिल अहिरवार मनोज साहू को गिरफ्तार किया अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा वाहन चोरी के पूछताछ के आधार पर जानवर भैंस चोरी की कुल संख्या 6 घटनाओं का खुलासा हुआ चार अन्य बरामद मोटरसाइकिल की जानकारी की जा रही है अभियुक्तों के कब्जे में एक तमंचा 315 बोर 2 जिंदा कारतूस 315 बोर व 27500 रुपये नगद व मोटरसाइकिल व दो पहिया वाहन की बरामद की गई बरामदी वाहनों का विवरण वाहन संख्या क्र95 ll 8380 स्टार सिटी , बहन संख्या क्र91 क्र 1985 हीरो पेशनप्रो आदि बाहन उपर्युक्त एक संगठित गिरोह थी जो जनपद महोबा एवं आसपास के जिलों में घूम फिर कर भैंस चोरी व वाहन चोरी को अंजाम देता था गिरोह के सदस्यों में दानिश कुरेशी शिवम विश्वकर्मा कुलदीप गोस्वामी सागर अहिरवार मानसिंह भैंस चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे जिसमें मानसिंह एवं निर्मल सिंह भैंसों को खोलते थे और दूर खड़ी गाड़ी लोडर में लोड करते थे शिवम विश्वकर्मा, कुलदीप गोस्वामी, तथा दानिश कुरैशी द्वारा जानवरों को गाड़ी पर लोड किया जाता था दानिश कुरैशी की माध्यम से जनपद उन्नाव में ले जाकर बेच दिया जाता था एवं पैसों का आपस में बंटवारा कर लिया जाता था अभियुक्त गणों का स्वयं का लोडर नंबर यूपी क्र ज्ञ 8661 व लोडर लोडर नंबर क्र95 ज्ञ 8941 के द्वारा चोरी के माल को ठिकाने लगा देते थे घटना में प्रयुक्त होने वाला लोडर को बरामद कर लिया है अभियुक्त दानिश कुरेशी पुत्र इकबाल कुरैशी निवासी कसाई मंडी पनवाड़ी थाना जनपद महोबा उम्र 21 वर्ष अभियुक्त शिवम विश्वकर्मा पुत्र चंद्रभान विश्वकर्मा निवासी पठानपुरा पनवाड़ी थाना महोबा उम्र 22 वर्ष कुलदीप गोस्वामी पुत्र राजेश गोस्वामी निवासी था लोरा थाना महोबकंठ उम्र 22 वर्ष सागर अहिरवार पुत्र अशोक कुमार अहिरवार निवासी राहुनिया पूरा थाना पनवाड़ी उम्र 21 वर्ष मान सिंह पुत्र मुन्नीलाल निवासी थिलोरा थाना महोकंठ उम्र 21 वर्ष निर्मल कुमार शर्मा पुत्र अजय शर्मा निवासी तेतरिया थाना देव जिला औरंगाबाद बिहार उम्र 19 वर्ष अनिल अहिरवार राजाराम अहिरवार थाना मऊ कांड मनोज साहू पुत्र चेतराम साहू निवासी सिकंदरपुर थाना राठ जिला हमीरपुर उम्र 28 वर्ष उपर्युक्त सभी के ऊपर तमाम अपराधिक मुकदमा दर्ज है।

इस चोरी की घटना के उजागर होने से शशि कुमार पांडेय को एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है और कस्बे व क्षेत्र में अपराधियों में खौफ पैदा हो गया है शशि कुमार पांडेय इंस्पेक्टर पर आम जन का भरोसा बढ़ रहा है पनवाड़ी थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था सही से कायम है किसी भी तरह के अवैध कार्य पर सम्पूर्ण अंकुश लगा हुआ है इस अंतर्जनपदीय गिरोह का भंडाफोड़ करके उन्होंने लोगो का विश्वास जितने में सफलता पाई है।


## कार्यालयः उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र, इटावा

पत्रांकः- 2216-18/जिउउप्रोके (इ.)/वि.श्र.स.यो./सा.प्रा./2022-23 दिनांकः 14.3.2023

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना वर्ष 2022-23 के द्वितीय चरण अन्तर्गत विभिन्न ट्रेड्स में 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ किये जाने हेतु आवश्यक व्यवस्थायें जैसे कि कार्यक्रम का उद्घाटन / समापन, स्टेशनरी, कच्चा माल एवं स्टेशनरी उपकरण, प्रशिक्षार्थियों हेतु लॉजिंग/बोर्डिंग प्रशिक्षण स्थल उपलब्ध कराया जाना, बैनर, टेलीफोन, फोटोकॉपी तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम की फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी आदि कार्य कराये जाने हेतु आयकर एवं वाणिज्यकर/जीएसटी में रजिस्टर्ड आपूर्तिकर्ताओं/फर्मों से मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 16.03.2023 को प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 18.03.2023 को दोपहर 2.00 बजे तक रू0 500 (+18 प्रतिशत जी.एस.टी.) नगद भुगतान कर कार्यालय जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र एस.डी.फील्ड इटावा से प्राप्त किये जा सकते है तथा दिनांक 18-03-2023 की सायं 5.00 बजे तक जमा किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र के साथ अर्नेस्ट मनी (अग्रधन) के रूप में रू0 90000=00 का डिमाण्ड ड्राफ्ट/चैक जो डिप्टी कमिश्नर इण्डस्ट्रीज इटावा के नाम देय हो संलग्नन करना होगा। निर्धारित समय सीमा तक प्राप्त निविदाओं को दिनांक 20-03-2023 को प्रातः 11.00 बजे क्रय समिति के द्वारा खोला जायेगा।

(सुधीर कुमार)
उपायुक्त उद्योग,
जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र
इटावा

# होली मिलन समारोह में पत्रकारों ने हंसी ठहाकों के साथ जमकर उड़ाया गुलाल

▸ जिले भर के पत्रकार होली मिलन समारोह में हुए शामिल

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**





**बुधवार** को जिला मुख्यालय जीटी रोड तिर्वा क्रासिंग स्थित एक रेस्टोरेन्ट के समीप पत्रकार होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार डा. रघुवीर राजपूत ने की, वहीं संचालन पत्रकार सहायता समिति के निवर्तमान जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह धुंआधार व पत्रकार पंकज श्रीवास्तव ने संयुक्त रुप से किया। इस दौरान सभी पत्रकारों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर जमकर होली खेली और गले लगकर होली की बधाई दी। वहीं युवा पत्रकार अंशु दुबे ने होली के गीत सुनकार सभी को गीतों की धुनों की सरगम में सराबोर कर दिया। पत्रकार होली मिलन समारोह में पत्रकारों ने हंसी ठहाकों के साथ जमकर रंग-गुलाल उड़ाया तथा एक दूसरे को होली की शुभकामनायें दीं। होली मिलन समारोह में हास्य-परिहास के साथ रोचक संस्मरण एवं चुटकुले प्रस्तुत किये गए, जिससे हंसी ठहाकों से काफी समय तक समा बंधी रही। युवा पत्रकार अंशु दुबे ने होली गीत की पंक्तियां सुनाते हुए कहा कि कहीं. यूं न आंखें निकाल होली में आ लगा ले गुलाल होली में। इसके बाद पत्रकार सहायता समिति के निवर्तमान जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह धुंआधार ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कुछ संस्मरण सुनाकर सभी को ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया। पत्रकार सहायता समिति के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद दुबे ने पत्रकार एकता पर जोर देते हुए पत्रकारों के उत्पीड़न के खिलाफ संगठित होकर आवाज बुलंद करने की बात कही। उन्होने कहा कि ऐसे आयोजनों से पत्रकार एकता को बल मिलता है। पत्रकार पंकज श्रीवास्तव ने पत्रकारों से सामूहिक कार्यक्रमों में परस्पर सहभागिता करने की अपील की। पत्रकार सहायता समिति के प्रदेश सचिव अभिशेक दुबे ने कहा कि पत्रकारों के हितार्थ सरकार को पेंशन, स्वास्थ बीमा इत्यादि की सुविधा यथाशीघ्र प्रदान करनी चाहिए। युवा पत्रकार एवं पत्रकार सहायता समिति के जिला प्रभारी गोपाल तिवारी ने सभी पत्रकारों को होली की शुभकामनाओं देते हुए आयोजक संगठन को हार्दिक बधाई दी। पत्रकार शैलेन्द्र सिंह यादव ने कार्यक्रम पर हर्ष व्यक्त करते हुए पत्रकार एकता पर बल दिया। पत्रकार रीना वर्मा व पूनम शर्मा ने पत्रकारों पर दर्ज हो रहे फर्जी मुकदमों को लेकर चिंता जाहिर करते हुए संगठित होने की बात कही। पत्रकार रईस खान, मनोज गुप्ता, पुष्कर शर्मा, रंजीत सिंह, मुजीब, पंकज वर्मा, रोहित शुक्ला, बन्टू, रंजीत पाल, दीप सिंह, मुजाहिद मजीदी ने पत्रकारों की एकजुटता पर जोर दिया, कहा कि पत्रकारों को पेंशन और दुर्घटना बीमा की सुविधा अवश्य मिलनी चाहिए। समारोह के समापन अवसर पर डा. रघुवीर राजपूत ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जैसे आज सभी पत्रकार भाई होली पर एक साथ मिल रहे हैं उसी तरह हमेशा एक दूसरे के सुख-दुख में साथ रहें। समारोह में सम्मिलित समस्त पत्रकारों ने सफल आयोजन के लिए आयोजक टीम की भूरि भूरि प्रशंसा की। होली मिलन समारोह में जनपद भर से आएं पत्रकारों ने जमकर रंग संग गुलाल खेलकर भरपूर लुत्फ उठाया।

# एसपी ने रिसेप्शन सेंटर व कंट्रोल रूम का किया औचक निरीक्षण



कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण करते एसपी कुंवर अनुपम सिंह

▸ एसपी अचानक पहुंचे सदर कोतवाली, सबकुछ मिला ठीकठाक

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**बुधवार** को पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने सदर कोतवाली पहुंचकर रिसेप्शन सेंटर व कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान एसपी ने रिसेप्शन सेंटर व कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए आगुन्तक व शिकायतकर्ताओं से संबंधित रजिस्टरों का अवलोकन किया। रिसेप्शन पर महिला पुलिसकर्मी तैनात मिली। निरीक्षण के दौरान एसपी ने बताया कि रिसेप्शन पर 24 घन्टे महिला पुलिसकर्मी तैनात रहती है। थाने पर आने वाले पीड़ितों से रिसेप्शन द्वारा 24 घंटे के भीतर फीडबैक भी लिया जा रहा है तथा उनकी समस्याओ का निराकरण अति शीघ्र किया जा रहा है। उन्होने बताया कि कुछ आवेदकों से फोन पर वार्ता की गई व फीडबैक लिया गया तो आवेदक ने संतुष्टि जाहिर की व खुशी जाहिर की, तथा आमजन द्वारा इस कार्य की सराहना की गई। एसपी ने कंट्रोल रूम में लगे सीसीटीवी कैमरे का निरीक्षण किया और अधिक स्थानों को भी सीसीटीवी कैमरे लगाकर जोडा गया। कंट्रोल रूम से 24 घंटे संवेदनशील/भीड़भाड़ वाले स्थानों की निगरानी की जा रही है।

## खबरें चलते-चलते

### सेल्फस्टडी प्वाइंट से लाभान्वित होंगे छात्र-छात्राएं

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** प्रतियोगी परीक्षाओं की सफलता एवं छात्राओं के अध्ययनके लिए सेल्फ स्टडी प्वाइंट मददगार साबित होगा। लाइब्रेरी में उचित वातावरण छात्र छात्राओं के कैरियर को नई दिशा देने सहित छिपी प्रतिभा को निखारने का कार्य किया जाएगा। यह बात सेल्फ स्टडी प्वाइंट लाइब्रेरी के संचालक रोहित कुमार ने कही। बुधवार को नगर के मोहल्ला रामगंज स्थित लाइब्रेरी में उद्घाटन के उपरांत कहा कि लाइब्रेरी में ऑनलाइन टाटा के अलावा वाईफाई की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने वाले छात्र छात्राएं एकांत वातावरण में अपनी निजी टेबल पर परीक्षाओं की तैयारी कर सकते हैं। जो छात्र-छात्राएं बाहर जाकर अधिक पैसा खर्च कर रहे थे। उन्हें इस लाइब्रेरी से सीधा लाभ मिलेगां। बताया कि छात्र छात्राएं सुबह 07 बजे से लेकर रात 10 बजे तक सुविधा के अनुसार अध्ययन कर सकते हैं। इससे पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष तिवारी ने फीता काटकर और संचालक को लाइब्रेरी खोलने के लिए बधाई दी। इस अवसर पर ओमप्रकाश, बदरुल जमा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### महिला से मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते महिला के साथ मोहल्ले के ही एक युवक ने अभद्रता व मारपीट करना सिर्फ घायल कर दिया। बल्कि धमकी भी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला रामगंज निवासी मंजू देवी पत्नी अमर सिंह द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि मंगलवार की शाम वह घर की ओर जा रही थी। तभी मोहल्ले के ही पवन कुमार ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रंजिश के चलते भाइयों को पीटा

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते दो भाइयों के साथ गांव के ही 2 लोगों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम डिल्लियाभूड निवासी अंकित पुत्र हनुमंत लाल द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि मंगलवार की दोपहर वह अपने खेत पर कृषि कार्य कर रहा था। तभी गांव के ही धर्मेंद्र व मूलचंद आए और उसके साथ गाली गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। बचाव में आए उसके भाई रामकिशोर को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जमकर हुई मारपीट में तीन घायल

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते एक युवक व उसके दो परिजनों के साथ गांव के ही 4 लोगों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम पनगवां निवासी गुरदीप पुत्र लाखन कठेरिया द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि मंगलवार को वह अपने दरवाजे पर बैठा था। तभी गांव के ही समर पाल, रोहित, दीपक, ऋषभ आए और रंजिश के चलते उसके साथ गाली गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। बचाव में आए अभिषेक व मीरा देवी को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# दुकान पर जा रहा युवक अचानक हुआ लापता

▸ युवक की साइकिल सूनसान स्थान पर मिली, परिजनों ने जताई अपहरण की आशंका

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**सदर कोतवाली** क्षेत्रान्तर्गत चौराचांदपुर निवासी युवक बुधवार की सुबह अचानक लापता हो गया। बताया जाता है कि उक्त युवक मिष्ठान की दुकान पर कार्य करता था, वह अपने घर से काम पर जाने के लिए निकला था। जब काफी देर तक वह दुकान पर नहीं पहुंचा तो दुकानदार ने परिजनों से सम्पर्क कर दुकान पर न आने की बात की, जिसके बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरु कर दी, तभी रास्ते में उसकी साइकिल सुनसान जगह पर पड़ी मिली। उसके अपहरण की आशंका जताते हुए



लापता हुए युवक के गमजदा परिजन

परिजनों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामले की पड़ताल करते हुए युवक की खोजबीन शुरू कर दी। लापता युवक दीपक की मां सरिता देवी ने बताया उनके 5 बेटे हैं। दूसरे नम्बर का बेटा दीपक जिला मुख्यालय स्थित सरायमीरा सब्जी मंडी में लवकुश की मिठाई की दुकान पर काम करता है। वह रोज की तरह घर से दुकान पर काम के लिए साइकिल पर सवार होकर बुधवार की सुबह लगभग चार बजे घर से निकला था, जिसके बाद वह दुकान पर नही पहुंचा तो दुकान मालिक ने परिजनों से फोन पर जानकारी दी, जिसके बाद परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरु कर दी, तभी रास्ते में उसकी साइकिल सूनसान स्थान पर पड़ी मिली, जिससे परिजनों ने उसके अपहरण की आशंका जताई है। दीपक के भाई गोविंद ने जानकारी देते हुए बताया कि उसके भाई या परिवार के किसी भी सदस्य की किसी से कोई रंजिश नहीं है और न ही कभी किसी से झगड़ा हुआ। दीपक के अचानक लापता हो जाने से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों ने मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी है। पुलिस लापता युवक की खोजबीन में जुट गई है।

## किसान सेवा सहकारी समितियों में संचालकों का चुनाव 18 को

इटावा। किसान सेवा सहकारी समितियों में संचालकों का चुनाव 18 मार्च को होगा। क्षेत्र की 8 समितियों पर नामांकन पत्रों की बिक्री हुई और नामांकन दाखिल किए गए। क्षेत्र की सभी 8 सहकारी समितियों में प्रत्येक में 9 वार्ड बनाए गए हैं जिनमें किसान सेवा सहकारी समिति लिमिटेड जसवंतनगर से संचालक बनने हेतु 14 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई जिनमें 13 दाखिल भी किए गए। यहां 7 वार्डो से एक-एक नामांकन दाखिल हुआ है जबकि वार्ड संख्या 7 से दो एवं वार्ड संख्या 2 से 4 नामांकन दाखिल किए गए हैं। खेड़ा धौलपुर सहकारी समिति के 9 वार्डो में कुल 14 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई जिनमें सभी 14 दाखिल किए गए। 5 वार्डो से एक-एक नामांकन दाखिल हुआ है जबकि वार्ड संख्या 1 से 2 एवं वार्ड संख्या 4 से 2 वार्ड संख्या छ्ः से 2 वार्ड संख्या 8 से 2 नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। इसी प्रकार जगसौरा सहकारी समिति से सिर्फ एक वार्ड से एक नामांकन दाखिल हुआ है जबकि अन्य 8 वार्डो से दो या दो से अधिक नामांकन दाखिल किए गए हैं। कोकावली सहकारी समिति से 9 नामांकन पत्र बिक्री हुए और प्रत्येक वार्ड से एक-एक नामांकन दाखिल किया गया है यानी यहां पर सभी निदेशकों के निर्विरोध होने की संभावना है।

# पुलिस ने खोई हुई बच्ची परिजनों के सुपुर्द की



परिजनों के साथ मौजूद लापता बालिका    समृद्धि न्यूज

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज**

**बीती** शाम घर से लापता हुई 08 वर्षीय बालिका की सूचना पर सक्रिय हुई कोतवाली पुलिस द्वारा बालिका की खोजबीन कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। जिससे परिजनों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

मंगलवार की शाम नगर के मोहल्ला रामकृष्ण नगर निवासी राजेंद्र पुत्र इतवारी लाल की 8 वर्षीय नातिन काकुन पुत्री रिशु प्रजापति खेलते खेलते घर से दूर चली गई। काफी खोजबीन के पश्चात जब बालिका नहीं मिली। तब परिजनों ने कोतवाली पुलिस को बालिका के खो जाने की सूचना दीं। जिस पर सक्रिय हुई कोतवाली पुलिस द्वारा बालिका की खोजबीन के लिए कई टीमें रवाना की गई। कोतवाली उप निरीक्षक कमलेश कुमार, कांस्टेबल अर्जुन सिंह, ओपी चौधरी, महिला कांस्टेबल नेहा तोमर द्वारा नगर के तिर्वा रोड पर बालिका को सकुशल बरामद करते हुए परिजनों को सूचित उनके सुपुर्द किया गयां। इस दौरान परिजनों ने पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# संदिग्ध अवस्था में फांसी पर लटके मिले युवक-युवती के शव

▸ पुलिस ने शिनाख्त ना होने पर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज**





**क्षेत्र** के ग्राम सौसरापुर के निकट बाग में पेड़ पर युवक व युवती के शव लटके होने की सूचना पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई और घटनास्थल पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस द्वारा सब के शिनाख्त करवाने का प्रयास किया। लेकिन शिनाख्त ना होने पर युवक-युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

बुधवार की सुबह कोतवाली की पुलिस चौकी नौरंगपुर के ग्राम सौसरापुर के बाहर बाग में पेड़ पर युवती व युवक का शव पेड़ पर लटकते देखे जाने की खबर पर हड़कंप मच गयां। सूचना पर पहुंची सदर क्षेत्राधिकारी डॉ. प्रियंका बाजपेई, प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह, नौरंगपुर चौकी प्रभारी धीरेंद्र सिंह ने दल बल के साथ घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। युवती का शव दुपट्टे के फंदे से पेड़ पर लटका था और युवती नीले रंग की सलवार कुर्ती पहने थी। तथा युवक का शव दूसरे पेड़ पर लाल अंगौछे से लटका था। उसके शरीर पर लाल शर्ट व नीली जींस थी। शवों की संदिग्ध स्थिति व आसपास निशान मिलने से हत्या कर शव लटकाए जाने के कयास लगाए जा रहे हैं। पुलिस द्वारा मौके पर मौजूद लोगों से शिनाख्त कराने के प्रयास किए गए। लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। शव के पास से मिले पत्र के आधार पर कोतवाली निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने युवक का नाम आजाद 20 वर्ष एवं युवती का नाम मुस्कान 18 वर्ष बताया है। उन्होंने आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि मामला प्रेम प्रसंग का होने के कारण हत्या करने के बाद शव लटकाए गए हैं। पुलिस जांच में जुटी है। जल्द ही मामले का पर्दाफाश किया जाएगा।

# शिक्षा ही सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाने में हैं मददगार

▸ मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत कर किया उत्साहवर्धन

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज**




छात्रा को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन करते भाजपा नेता जीतू तिवारी

**शिक्षा** ही सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाने में मददगार साधन है। शिक्षा के द्वारा ही हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर जीवन पथ पर आगे बढ़ सकते हैं। कहा कि अभिभावक भी अपने बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए जागरूक हो और शिक्षा से जोड़ने में सहयोग करें।

यह बात बुधवार को नगर के मोहल्ला किदवई नगर स्थित फुंदन ग्लोबल अकैडमी में आयोजित वार्षिकोत्सव में मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत करने के उपरांत भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी ने कही। कहा कि भाजपा सरकार द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाओं का क्रियान्वित किया जा रहा है। जिसका लाभ भी विद्यार्थियों को मिल रहा है। कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने में लापरवाही ना बरतें। वही विद्यालय के वार्षिकोत्सव में छात्रा साक्षी गुप्ता, राज पाठक, मोहम्मद तालिब सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम कर अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया इसके बाद विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा सोफिया बानो, द्वितीय स्थान मोहम्मद अर्सलान, तृतीय स्थान सोनाली गुप्ता को प्रशस्ति पत्र और शील्ड भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रबंधक सलमान खुर्शीद, प्रधानाचार्य मोहम्मद आलम, मोहम्मद नाजिम, मुशीर अहमद, कौशल पांडे, शिवानी सिंह, कामिनी पाठक, प्रियंका शर्मा, विकास शर्मा सहित तमाम शिक्षक व अभिभावक गण मौजूद रहे।

# जिन विद्यालयो की खराब स्थिति है वहाँ पर अधिक फोकस करें: डीएम

▸ कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की हुई बैठक

**कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



**जिलाधिकारी** शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की आयोजित बैठक के दौरान कहा कि विकास खण्डवार ऐसे 20-20 विद्यालय चिन्हित किये जायें, जहाँ पर हिंदी एवं गणित में बच्चे कमजोर है। उसके बाद एआरपी की ड्यूटी लगाकर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जो विद्यालय खराब स्थिति के चिन्हित किये गए थे उन विद्यालयों की स्थिति ठीक होती दिखनी चाहिए।

डीएम ने कहा कि जिन विद्यालयो की खराब स्थिति है वहाँ पर अधिक फोकस करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार से परिश्रम किया जाए कि सभी विद्यालयो के बच्चों की शिक्षा अच्छी हो और सभी विद्यार्थी ए प्लस की श्रेणी में हो। श्री शुक्ल ने कहा कि निपुण भारत मिशन एक मिशन के रुप में कार्य कर रहा है। इससे शिक्षा के गुणवत्ता में सुधार होगा और बच्चो का बेहतर भविष्य बनेगा। दिसम्बर 2023 तक हर विकास खण्ड के 10-10 विद्यालय निपुण की श्रेणी में आ जाने चाहिए, ऐसे प्रयास किये जायें। डायट को निर्देश दिए कि हिंदी एवं गणित विषय पर अध्यपको की एक 3 दिवसीय कार्यशाला आयोजित करवाएं । उन्होंने कहा कि आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत 19 पैरामीटर के तहत जिन विकासखण्ड के विद्यालयों में पानी की व्यवस्था, शौचालय, ब्लैक बोर्ड, किचन सेड, रैम्प, बिजली आदि की व्यवस्था नही है, वहां पर सभी व्यवस्थायें दुरस्थ करायी जायें। कहा कि 19 पैरामीटर के अन्तर्गत सभी विद्यालयो में कार्य पूर्ण हो जाना चाहिए। उन्होंने आधार कार्ड बनाये जाने की प्रक्रिया में गति लेन के निर्देश दिए है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षाअधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी एवं एबीएसए सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# ब्लाक प्रमुख के पुत्र की मार्ग दुर्घटना में मौत

▸ इंदौर में घटी घटना, एक कम्पनी में इंजीनियर के पद पर था कार्यरत



मृतक का फाइल फोटो

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** स्कूटी घर जाते समय इंदौर में कायमगंज ब्लाक प्रमुख पुत्र की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों व कई संगठनों के लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के दारापुर मजार रसीदाबाद तिवारियान निवासी ब्लाक प्रमुख अनुराधा दुबे के पुत्र हिमायल इन्दौर में एक प्राइवेट कम्पनी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत था। वह ड्यूटी कर स्कूटी से वापस अपने घर जा रहा था, तभी रास्ते में हिमालय की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई। इस घटना से जानकारी जैसे ही लोगों को लगी तो ब्लाक प्रमुख के घर पर भीड़ एकत्र हो गई। सभी ने मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया और मृतक के परिवारीजनों को ईश्वर से दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

वहीं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के उमेश गुप्ता नगर अध्यक्ष, सत्यनारायण वर्मा जिला महामंत्री, शिवबालक शर्मा, अंकित अग्रवाल, राधे, मयंक दुबे, मुकेश गंगवार, नीरज अग्रवाल, शशांक गुप्ता, प्रवीण वर्मा सहित आदि पदाधिकारियों ने शोक संवेदना व्यक्त की।

## मेजर एस0डी0 सिंह राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का उद्घाटन आज




**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मेजर एस0डी0 सिंह राज्य स्तरीय हाकी प्रतियोगिता का उद्घाटन गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक डा0 संजय कुमार सिंह पूर्वाह्न 11 बजे ब्रह्मदत्त स्टेडियम में करेंगे। प्रतियोगिता के सचिव शिव कुमार सिंह उर्फ सेट यादव ने बताया कि उद्घाटन मैच शाहजहांपुर एवं मुरादाबाद टीमों के बीच खेला जायेगा। प्रतियोगिता में प्रदेश के 12 जनपदों की टीम भागीदारी करेंगी। उन्होंने बताया कि समापन 19 मार्च को होगा व पुरस्कार वितरण मेजर एस0डी0 सिंह आयुर्वेदिक पी0जी0 मेडिकल कालजे एण्ड हॉस्पिटल के चेयरमैन डा0 जितेन्द्र यादव द्वारा किया जायेगा।

# सेवायोजन शिविर में कराया गया योगाभ्यास




शिविर में मौजूद छात्र-छात्राएं व अध्यापकगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिवस में ग्राम प्रधान निनौआ अजय कटियार के सहयोग से स्वयं सेवकों ने सड़क सुरक्षा अभियान के तहत प्रभात फेरी निकाली। इसके बाद कार्यक्रम अधिकारी डा0 सुन्दर लाल के निर्देशन में सभी स्वयंसेवकों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत से दैनिक सत्रों का प्रारम्भ किया गया। योगाभ्यास के माध्यम से शिविर परिसर को अध्यात्मिक वातावरण में परवर्तित किया गया। जिसमें एकाग्रता के साथ कैसे अध्ययन किया जाय। अध्ययन दिनचर्या को कैसे व्यवस्थित किया जाय तथा लक्ष्य की प्राप्ति हेतु आध्यात्म की आवश्यकता आदि पर विस्तार से व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। विशेष शिविर के कार्यक्रम अधिकारी ने अपने राष्ट्रवादी विचारों से सभी स्वयंसेवकों को लाभांवित किया। शिक्षण सत्र में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 शालिनी ने वंचितव नारी शिक्षा पर बल दिया। उन्होंने बताया कि महिलाएं समाज का अभिन्न अंग हैं। इसलिए सामाजिक कार्यों में उन्हें बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग करना चाहिए। शिविर के बौद्धिक सत्र में डॉ0 अमित कुमार ने सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए यातायात नियमों से सभी स्वयंसेवकों को अवगत कराया। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम भजन संध्या, देशभक्ति गीत एवं लोक गीत आदि के साथ सम्पन्न हुआ। अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत से अन्तिम सत्र का समापन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ शिल्पी सिंह, डा सुनील कुमार, डॉ0 अनामिका सक्सेना, डॉ महेश कुमार, डा प्रियांशु गुप्ता आदि के अतिरिक्त छात्र सूर्यकान्त, सुमित, अरुण सूर्यवंशी, अंबुज दीक्षित, रोशनी, प्रियांशु कटियार, अमित, प्रियांशु, अंकित, अंजली, पूजा, स्नेहलता, शिवानी, शिखा, अमृता, अनुरुद्ध, कौस्तुभ, गौरव, लालू, सत्यम, विनय, कृष्णकांत, अंशी, शिखा, सत्यम, शिवि, लालजीत, अमित, पूजा, वैभव, राज, हिमांशु, अंकित, लालू आदि उपस्थित रहे।

## युवक ने पिया जहर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** शमसाबाद क्षेत्र के गांव नगला दमू निवासी सोनू (27) ने संदिग्ध हालत में जहरीला कीटनाशक पदार्थ पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल लाये। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

# शीतला अष्टमी पर बढ़पुर देवी मंदिर पर लगा विशाल मेला, भक्तों ने की पूजा अर्चना



मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्तगण

▸ आधी सदी के लगभग से शीतला अष्टमी पर सजता चला आ रहा है मां का दरबार, लोगों ने बच्चों का मुंडन व अन्नप्राशन कराया

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** होली के उपरांत होने वाली शीतला अष्टमी को बढ़पुर स्थित ऐतिहासिक शीतला देवी मंदिर पर मेला लगा। जिसमें शहर एवं ग्रामीण अंचलों से आये भक्तों ने पहुंचकर मां के दरबार में माथा टेंका और सभी के लिए मंगल कामना की।

होली के त्योहार के बाद लगभग सप्ताह भर तक मिलने जुलने का क्रम चलता रहता है। अष्टमी को लम्बे अर्से से मंदिर पर मेले का आयोजन होता आया है। इस मेले में ग्रामीण अंचलों के भक्तगण अधिक संख्या में आते हैं और मां के दरबार में अरदास लगाते हैं। भक्तों का कहना है कि माता सच्चे मन से आने वालों की मनोकामनाएं पूरी करती हैं। सुबह से लेकर शाम तक आने जाने वालों का तांता लगा रहा। भक्तों ने गुझिया, अठौरी, मिष्ठान, प्रसाद आदि से पूजा अर्चना की। शाक्य समाज की ओर से परंपरागत शर्बत की सबील लगायी गयी। जिस पर सैकड़ों की तादाद में भक्तों ने शरबत ग्रहण किया। मेले में भीड़ के चलते कई बार मार्ग में जाम लग भी लगा। सुबह विधिविधान पूर्वक हवन यज्ञ हुआ। मेले में आये श्रद्धालुओं ने अपने छोटे बच्चों का मुंडन संस्कार उपनयन संस्कार कराया व हवन यज्ञ की भभूति को माथे पर लगाकर बच्चों के अच्छे भविष्य की कामना की। इसके साथ ही नौनिहालों को माता के दरबार में माथा टिकवाकर उनके लिए मां से आशीर्वाद की कामना की। इस मौके पर शाक्य समाज द्वारा लगायी गयी शरबत की सबील गमा देवी मंदिर के चबूतरे पर रही। सुबह से ही शरबत वितरण का कार्यक्रम शुरु हो गया और जब तक मेला चला तब तक शरबत वितरित किया जाता रहा। यह शरबत वितरण कार्यक्रम पिछले 50 वर्षों से चल रहा है। पीढ़ियां बदल गयीं, फिर भी कार्यक्रम जारी है। इस मौके पर सर्वेश शाक्य, अंशुल शाक्य, प्रमोद शाक्य आदि ने व्यवस्था देखी।

# बीडीओ को मदारपुर प्रा0वि0 में चाक चौबंद मिलीं व्यवस्थायें



विद्यालय में वृक्ष लगाते खंड शिक्षाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्राथमिक विद्यालय मदारपुर का बुधवार को खण्ड शिक्षाधिकारी ने निरीक्षण किया। इस दौरान स्कूल का रोज गार्डन देख उन्होंने काफी तारीफ की। जानकारी के अनुसार शासन के निर्देश पर परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण 13 मार्च से 31 मार्च तक चलेगा। जिसके क्रम में खंड शिक्षा अधिकारी राजीव श्रीवास्तव ने प्राथमिक विद्यालय मदारपुर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। स्कूल में संचालित 1 से 5 तक की सभी कक्षाओं में दो-दो बच्चों का परीक्षण कर निपुण लक्ष्य हासिल करने पर बधाई दी और सत्र के अंत तक विद्यालय को निपुण स्कूल घोषित करा लेने का सुझाव दिया। उन्होंने रसोइयों द्वारा तैयार तहरी और मेवायुक्त खीर खाकर भोजन की गुणवत्ता चेक कर रसोइयों की प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यालय में तैयार रोज गार्डन देखकर उन्होंने खुशी जतायी। विद्यालय की बेहतर व्यवस्था देखकर प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल की प्रशंसा कर उन्हें बधाई दी। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने इस पल को यादगार बनाने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी के कर-कमलों से विद्यालय परिसर में अशोक और कनेर के पौधों का वृक्षारोपण कराया। विद्यालय में आकाश पाल, कमलेश राजपूत, कामिनी, विद्या, आशा, उमा, पेशकार, जयवीर उपस्थित मिले।

# रस्तोगी कॉलेज में लगभग 400 शिक्षक इस वर्ष करेंगे कॉपियों का मूल्यांकन



जानकारी देते प्रभारी प्रधानाचार्य राकेश प्रसाद व संजीव चौहान

▸ 18 मार्च से जनपद में तीन केंद्रों पर होगा मूल्यांकन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा 18 मार्च से जनपद में हाईस्कूल व इंटर की कॉपियों का मूल्यांकन शुरु हो रहा है। जिसके लिए जनपद में तीन सेंटर बनाये गये हैं। इंटर की कॉपियां रस्तोगी इंटर कालेज व हाईस्कूल की कॉपियां जीजीआईसी एवं जीआईसी फतेहगढ़ में मूल्यांकन कार्य किया जायेगा। जिसकी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। रस्तोगी इंटर कालेज के प्रभारी प्रधानाचार्य राकेश प्रसाद ने बताया विद्यालय में लगभग इंटर की 20 हजार कॉपियां मूल्यांकन के लिए आयी हैं। जिसका मूल्यांकन 18 मार्च से शुरु होगा। जो 15 दिन तक चलेगा। उन्होंने बताया कमरों में टोलियां बैठेंगी। पहले 20 कॉपी डीएचई जांचेंगे व अन्य अध्यापक 50-50 कॉपियां जांचेंगे। कॉपियों का मूल्यांकन दो पाली में होगा। पहली पाली 10 बजे से 1 बजे तक तथा दूसरी पाली 2 बजे से 5 बजे तक मूल्यांकन होगा। इस बार कैमरे की नजर में मूल्यांकन होगा। हर कमरे में दो-दो कैमरे लगे हुए हैं। परीक्षा कोठार विभाग के संजीव सिंह चौहान ने बताया मूल्यांकन के दौरान पीने के पानी की व्यवस्था, पंखे सुचारु रुप से रहेंगे। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस फोर्स रहेगा। जिसके लिए पुलिस विभाग को पत्र भी जारी किया जा चुका है। 18 तारीख से मूल्यांकन शुरु होने जा रह है। इसमें सरकारी व गैर सरकारी शिक्षक कॉपियों का मूल्यांकन करेंगे। इस बार लगभग 400 शिक्षक कॉपियों को जांचेंगे। कई जनपदों की कॉपियां फर्रुखाबाद में भेजी गयी हैं। जिसकी तैयारियों को लेकर कोठारी प्रभारी ने पूर्ण रुप से व्यवस्था तैयार की है। मूल्यांकन केंद्र प्रभारी प्रधानाचार्य संतोष कुमार त्रिपाठी की देखरेख में मूल्यांकन सम्पन्न होगा।

# भाविप का परिजन स्मृति दिवस कार्यक्रम सम्पन्न, बच्चों को बांटे गिफ्ट




कार्यक्रम के दौरान मौजूद बच्चे व संस्था के पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारत विकास परिषद पांचाल शाखा ने परिजन स्मृति दिवस के रूप में एक कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर बच्चों को गिफ्ट दिये गये।

जानकारी के अनुसार बुधवार को प्रातः 9.30 बजे कन्या प्राइमरी विद्यालय, प्राइमरी विद्यालय चांदपुर, न्यू वे पब्लिक स्कूल चांदपुर में संरक्षक श्रीनारायण अग्रवाल के बड़े भाई स्वर्गीय वीरेंद्र अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष बृजेश गुप्ता के बड़े भाई स्वर्गीय मनोज गुप्ता, सह सचिव अशोक सक्सेना की माताजी शीला देवी सक्सेना, देवेंद्र सारस्वत के पिताजी स्वर्गीय शत्रुघन सारस्वत, सुनील सक्सेना की धर्मपत्नी स्वर्गीय रंजना सक्सेना की स्मृति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें लगभग 300 बच्चों को पेंसिल बॉक्स, पेंसिल कटर, रबड़ एवं बिस्कुट के पैकेट बांटे गए। विद्यालय की प्रधानाचार्य सुमन राठौर, कंचन, पांचाल शाखा से रूमी कटियार, शोभा अग्रवाल, श्रीनारायण अग्रवाल, अनिल सक्सेना, बृजेश गुप्ता, अशोक सक्सेना, सुनील वर्मा, जितेंद्र कटियार, कन्हैया लाल जैन सभी ने अपने हाथों से बच्चों को गिफ्ट बांटे। गिफ्ट पाकर बच्चे फूले नहीं समाये। इस मौके पर अध्यक्ष शिवम गुप्ता, सचिव अनिल कुमार सक्सेना, कोषाध्यक्ष बृजेश गुप्ता, महिला संयोजिका रत्नेश पाल, कार्यक्रम संयोजक कन्हैया लाल जैन आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे। अध्यक्ष ने कहा कि संस्था आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी।

## बीडीओ ने सचिवों की बैठक लेकर दिये दिशा निर्देश

**नवाबगंज (सं.)।** विकास खंड अधिकारी ने सचिवों की बैठक लेकर मनरेगा तथा आगामी त्यौहार को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। नवाबगंज विकास खंड कार्यालय पर विकास खंड अधिकारी गगनदीप सिंह ने ग्राम सचिवों की बैठक लेकर मनरेगा योजना को लगातार शासनादेश के अनुसार चलाए जाने के भी निर्देश दिए। सभी ग्राम सचिवों तथा ग्राम पंचायत अधिकारियों को विकास खंड अधिकारी द्वारा निर्देशित करते हुए निर्देशित किया गया वह शासनादेश के अनुसार जो भी योजनाएं हैं उनको धरातल पर उतारने का कार्य करें। वहीं चैत्र नवरात्रि पर शासनादेश के अनुसार हर ग्राम पंचायत में विकासखंड द्वारा माता रानी के मंदिर पर जागरण तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए जाने के लिए सचिवों को निर्देशित किया। इस मौके पर एडीओ आईएसबी प्रवेश राजपूत, ग्राम सचिव मानवेंद्र सिंह ,प्रमोद शुक्ला, कुलदीप राजपूत, अरविंद कुमार, जुबेर अहमद, ब्रजनंदन लाल, आकांक्षा सक्सेना आदि लोग मौके पर मौजूद रहे।

## ओवर लोड ट्रक ने रेलवे फाटक के हाइटगेज को तोड़ा तीन घंटे बाधित रहा मार्ग

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।** फर्रुखाबाद से तंबाकू से भरा ट्रक नवाबगंज होते हुए कायमगंज जा रहा था, तभी शमशाबाद रेलवे फाटक से निकलते समय ट्रक ओवर लोड होने से फाटक से पहले बने हाइटगेज में उलझने से हाइटगेज टूट गया। हाइटगेज टूटने से ट्रक फाटक में फंस गया। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने चालक को हिरासत में लेकर फाटक में फसे ट्रक को निकलवाने के लिए जेसीबी व क्रेंन मंगाकर ट्रक को लगभग तीन घंटे बाद निकाला जा सका। जिससे लगभग तीन घंटे तक यातायात बाधित रहा। जीआरपी हिरासत में लिए गए ट्रक चालक से पूछताछ कर रही है।

# बाल्टी फेंकने को लेकर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, दो घायल

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।** बाल्टी फेंकने को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। इस दौरान दो लोग घायल हो गये। घायलों को लोहिया अस्पताल रेफर किया गया।

जानकारी के अनुसार शमसाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम सिकंदरपुर महमूद जहां दो पक्षों के बीच रंजिश को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज के साथ-साथ लाठी-डंडा तथा ईट पत्थर चल गए। मारपीट की घटना में हैंडपंप पर पानी भरने गया किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया गया है इसी गांव के निवासी आर्यन पुत्र तेजराम बुधवार को मोहल्ले में लगे हैंडपंप पर पानी भर रहा था। आरोप है किशोर से विवाद होने पर मुखराम ने बाल्टी फेंक दी। जिससे वाद विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई । इस मारपीट की घटना में यहीं के निवासी आयुष उर्फ मुकुल पुत्र मिंटू ने भी रंजिश निभाई। आरोप है आरोपी ने ईट उठाकर किशोर के सिर में मार दी। जिससे किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। चीख पुकार की आवाज सुनकर किशोर के परिजन घर से बाहर आ गए। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट होने लगी । गम्भीर रूप से घायल किशोर को सीएचसी शमसाबाद लाया गया। जहां इलाज में लापरवाही बरते जाने पर परिजनों ने हंगामा कर दिया। जिस पर अस्पताल के चिकित्सकों ने गंभीर किशोर को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया । थानाध्यक्ष ने बताया वाद विवाद की सूचना दी गई थी। पुलिस को भेजा गया था। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद में लाया गया। जहां से लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। उन्होंने यह भी बताया दोनों पक्षों में किसी पक्ष द्वारा तहरीर नहीं दी गई। तहरीरर मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।

## किसान महापंचायत में उठाई जायेंगी समस्यायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भाकियू भानू गुट की मासिक समीक्षा बैठक युवा जिलाध्यक्ष कौशल गुप्ता के अमेठी कोहना स्थित निवास पर हुई। जिसमें 20 मार्च को प्रदेश स्तर पर होने वाली किसान महा पंचायत के बारे में चर्चा की गई और तय किया गया कि महापंचायत के माध्यम से जनपद के किसानों की समस्याओं को सामने लाया जायेगा। इसके साथ ही भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ आंदोलन की बात भी बैठक में कही गई। बैठक में कभी शौचालय के नाम पर तो कभी भू-माफियओं द्वारा, कभी नायाजय रिश्वत खोरी करके की गई वसूली का विरोध करने की बात कही गई और कहा गया कि इन मामलों को प्रकाश में लाया जायेगा और झूठे मुकदमों को वापस लेने की मांग होगी।

# ग्रुप कमांडर ने एनसीसी बटालियन का किया निरीक्षण



निरीक्षण करते ग्रुप कमांडर सर्वजीत सिंह भोगाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बुधवार प्रातः 9.00 बजे 12 यूपी व 4 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के कमांडिंग ऑफीसर कर्नल रोमिल शर्मा एवम कर्नल सत्येंद्र दहिया की अगुवाई में एन0सी0सी0 ग्रुप हेड क्वार्टर अलीगढ़ के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर सर्वजीत सिंह भोगाल (वी एसएम) ने फतेहगढ़ स्थित दोनों एनसीसी बटालियन का निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने क्लोदिंग, शस्त्र, सिम्युलेटर, ट्रेनिंग ब्रांच ऑफिस का निरीक्षण किया। इस अवसर पर बटालियन के सूबेदार मुकेश कुमार को उनके लेफ्टिनेंट के पद पर प्रमोशन होने पर रैंक लगाकर सम्मानित किया। साथ ही ग्रुप कमांडर द्वारा सभी एएनओ सहित समस्त स्टाफ को इस वर्ष बेहतर परिणाम के लिए बधाई देकर उत्साहवर्धन किया। प्रशिक्षण को और बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया। उनके द्वारा बताया गया की आने वाले समय में ऐसे एन0सी0सी0 कैडेट्स को तैयार करना है जो कल्चरल या विशेष योग्यता वाले छात्र रहे हों। साथ ही देश की सुरक्षा के लिए ट्रेनिंग में सभी गुण सिखाने के लिए निर्देशित किया। जिससे संकटकाल तथा विशेष परिस्थिति में देश की सुरक्षा सुनिश्चित हो। इस अवसर पर 12यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के मेजर के0के0 सिंह, कैप्टन संदीप माधव, बलविंदर सिंह, लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर, अवनीश चौहान, अवधेश खोजी, राजू अहिरवार, फर्स्ट अफसर सतीश यादव, थर्ड अफसर अचल पाल, सीटीओ डॉक्टर सत्येंद्र कुमार, सूबेदार मेजर हरकेश सिंह, सूबेदार मुकेश कुमार, कमलेश, भीम सिंह, रंजीत सिंह, हवलदार विनोद कुमार, ढोलाराम, राजनारायण आदि तथा 4यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के सूबेदार मेजर एल0बी0 तमांग व कर्मवीर सिंह, सूबेदार नरेंद्र, लेफ्टिनेंट दिव्या, सिल्की, दीपावली, सीटीओ अनुपमा, प्रतिभा, बीएचएम महेंद्र सिंह आदि सैन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## काकुत्स्थ समाज का होली मिलन कल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** काकुत्स्थ विकास महसभा का होली मिलन समारोह 17 मार्च को सुबह 11 बजे से वरिष्ठ पदाधिकारी राजेश निराला के इस्माइलगंज साहनी स्थित निवास पर होगा। यह जानकारी देते हुए महासभा के जिलाध्यक्ष डॉ0 जागेश्वर प्रसाद सक्सेना ने समाज के सभी सदस्यों से कार्यक्रम में समय से पहुंचने की अपील की है।

## आर.एस.एस. का होली मिलन आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आर.एस.एस. का होली मिलन समारोह कार्यक्रम बढ़पुर स्थित उत्सव भवन में में 16 मार्च को सायं 4 बजे से होगा। यह जानकारी देते हुए संस्कार भारती के सचिव अरविन्द दीक्षित ने बताया कि कार्यक्रम में सामाजिक एकता पर बल दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि जिला संघ चालक डॉ0 सुबोध वर्मा की देखरेख में कार्यक्रम होगा। उन्होंने सभी से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की।

# वरिष्ठ नागरिकों के होली मिलन में सुविधाओं की कटौती पर आक्रोश



होली मिलन कार्यक्रम में मौजूद वरिष्ठ नागरिक

▸ पुरानी पेंशन बहाली पर दिया गया जोर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सेवा निवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के आवास विकास कालोनी में आयोजित होली मिलन समारोह में वक्ताओं ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे द्वारा दी जा रही 50 प्रतिशत की छूट बंद करना उनकी उपेक्षा एवं अपमान है। जबकि यह सुविधा सांसदों एवं विधायकों व अधिकारियों को दी जा रही है। माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों व कर्मचारियों को पेंशन की सुविधायें दी जानी चाहिए।

जिलाध्यक्ष विष्णु भगवान कटियार ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली रियायत सरकारी खैरात नहीं है। राष्ट्र के विकास में उनके योगदान का सम्मान है। यह वरिष्ठ नागरिकों का अधिकार है। इसे प्रदान करना सरकार का दायित्व है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभुदयाल ने प्रांतीय नेतृत्व द्वारा की जा रही कार्यवाही से अवगत कराते हुए कई बिन्दुओं पर चर्चा की। कार्यकारी जिलाध्यक्ष राजेश निराला ने कहा कि सरकार अगर कर्मचारियों और शिक्षकों को पुरानी पेंशन नहीं दे सकती है तो सांसदों और विधायकों की भी पुरानी पेंशन बंद की जाये। उनके लिए एनपीएस लागू किया जाये। वरिष्ठतम सदस्य सुरेश चन्द्र सक्सेना ने कोरोना काल में फ्रीज किये गये महंगाई भत्ते का एरियर जारी करने की मांग की। अध्यक्षता कर रहे योगेश्वर सहाय विद्यार्थी ने चिकित्सका प्रतिपूर्ति पर आयकर की कटौती न करने की मांग की। रामनन्दन ने कहा कि लोहिया अस्पताल में वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग से काउंटर खोला जाये व लाल पर्चा पूर्व की भांति जारी कराया जाये। अखिलेश मुरारी पाण्डेय ने पेंशनर्स की समस्याओं पर जोर दिया। विनोद कुमार उपाध्याय ने कविता सुनाई। राजेश बंथल, जगदीश चन्द्र कटियार, शिव कुमार, नंदकिशोर, केएन चौधरी, सुभाष चन्द्र शर्मा, इन्दू चतुर्वेदी, पुष्पा यादव, शिवश्याम चौहान, आर्यवीर सिंह, अमरनाथ कश्यप, मुनीश दीक्षित ने भी विचार व्यक्त किये। संचालन विष्णुभगवान कटियार ने किया। प्रभुदयाल ने सभी के प्रति आभार जताया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष ने सर्वसम्मति से नंदकिशोर शर्मा को जिला उपाध्यक्ष, इंदू चतुर्वेदी को उपाध्यक्ष, विनोद कुमार उपाध्याय को संगठन मंत्री, राजीव बाजपेयी को संयुक्त मंत्री का दायित्व सौंपा।

## बुखार से बच्चे की मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल निवासी सनी का 4 वर्षीय पुत्र दीपांशु की अचानक हालत बिगड़ गयी। परिजन अस्पताल लाये। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया की उसे दो दिन पहले बुखार आया था। उसका इलाज प्राइवेट चिकित्सक से चल रहा था।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल-फतेहगढ़




# पत्नी के वियोग में अधेड़ ने ट्रेन से कटकर दी जान

▶ सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा



**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** पत्नी के वियोग से क्षुब्ध अधेड़ ने ट्रेन से कटकर अपनी जान दे दी। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई और सूचना जीआरपी को दी। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव सादिकपुर निवासी रूपेश गंगवार पुत्र सुरेश गंगवार की ससुराल कायमगंज थाना क्षेत्र के गांव नरसिंहपुर में है। जहां से उनकी पत्नी दिल्ली जाकर रहने लगी। एक वर्ष बीत जाने के बावजूद भी जब वह वापस घर नहीं आई तो सुरेश का मानसिक संतुलन बिगड़ गया और बुधवार सुबह गांव सादिकपुर के सामने रेलवे लाइन पहुंच ट्रेन से कटकर अपनी जान दे दी। ग्रामीणों ने देखा तो इसकी सूचना जीआरपी पुलिस को दी। जानकारी होने पर परिजन घटनास्थल पर पहुंच गये और उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## कार की टक्कर से युवक घायल

**कमालगंज,समृद्धि न्यूज।** अमन पुत्र अब्दुल शकूर निवासी ग्राम खुदागंज ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 15 मार्च को समय करीब 4:30 पर खुदागंज से कमालगंज अपनी बहन के घर बाइक से जा रहा था। जैसे ही वह रजीपुर पेट्रोल पंप के पहुंचा, तभी स्विफ्ट डिजायर कार ने कट मार दिया। जिससे भाई तस्लीम घायल हो गया। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

## विशेष लोक अदालत की तैयारी बैठक सम्पन्न



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बैंकिंग से संबंधित मामलों के लिए आयोजित होने वाली लोक अदालत की तैयारी बैठक नोडल अधिकारी विशेष लोक अदालत के विश्राम कक्ष में हुई। जिसकी अध्यक्षता अपर जिला जज महेन्द्र सिंह ने की। बैठक में 17 व 18 मार्च को होने वाली विशेष लोक अदालत के लिए बैंक ऋण अदायकी संबंधी मामलों को चिन्हित किये जाने के निर्देश दिये गये। बताया गया कि कुल 710 मामले चिन्हित किये गये है व श्रीराम फाइनेंस कम्पनी द्वारा 360 मामले चिन्हित किये गये। बैठक में एलडीएम राजेन्द्र प्रसाद, एसबीआई प्रबंधक अमित कुमार, पीएनबी व अन्य बैंकों के अधिकारी व सलाहकार मौजूद रहे।

# बेहतर उपचार पाकर घायल दे रहे डॉ0 जितेंद्र यादव को दुआएं

▶ क्षेत्र में किसी को भी आपातकालीन चिकित्सा की जरुरत पड़ने पर मिलेगी सुविधा


घायल के हालचाल पूछते चिकित्सक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** वरिष्ठ सपा नेता डा0 जितेन्द्र यादव अपने किये हुए वादे पर खरे उतरे और उन्होंने अपने कहे अनुसार खुशहाली नगला में हुई घटना के घायलों का बेहतर इलाज शुरु करवा दिया। मेजर एस0डी0 सिंह पी0जी0 आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल की एंबुलेंस व बस सुबह के समय अमृतपुर के ग्राम खुशहाली नगला पहुंच गयी और वहां से 25 मरीजों को मेडिकल कालेज लाया गया, साथ में उनके परिजन भी आये। मेडिकल कालेज में सर्जन डा0 बी0एस0 यादव की देखरेख में सभी का परीक्षण व उपचार किया गया। घायलों की चोटों की सफाई कर उन पर उचित औषधि लगायी गई व खाने के लिए दवाईयां दी गई। पूरी व्यवस्था पर डा0 जितेन्द्र यादव नजर बनाये रहे और पल-पल की जानकारी लेते रहे। मेडिकल कालेज में हुए उपचार पर घायल के परिजनों ने संतुष्टि जताते हुए धन्यवाद दिया। मालूम हो बाहर से लौटते ही डा0 जितेन्द्र यादव तुरन्त खुशहाली नगला चिकित्सकों की टीम को लेकर पहुंचे और सभी घायलों का मुफ्त इलाज कराने व हर सम्भव मदद करने आश्वासन दिय था। जिस पर खरे उतरते हुए बुधवार को उन्होंने मरीजों का बेहतर उपचार शुरु करवा दिया और पल-पल की खबर लेते रहे। सपा के वरिष्ठ नेता डा0 जितेन्द्र यादव ने कहा कि मरीज पूरी तरह स्वस्थ्य नहीं हो जाते तब तक चिकित्सीय टीम के प्रभारी डा0 अरुण पाण्डेय के सभी सम्पर्क में रहेगे। क्षेत्र में अगर किसी भी व्यक्ति को आपातकालीन चिकित्सा की जरुरत पड़ती है तो उसे भी उपचार मुहैया कराया जायेगा। डा0 अरुण पाण्डेय ने बताया कि मेडिकल कालेज से बस लेकर पीआरओ आशीष व चालक सोनू सभी को लाये व सभी को उनके घर सुरक्षित पहुंचाया। डा0 अरुण पाण्डेय ने बताया कि खुशहाली नगला के 25 मरीजों को लाया गया था और 15 मरीजों को उनके आवास पर औषधि उपलब्ध करायी गई। डाक्टरों की टीम में डॉ0 विकास बाबू, डॉ0 आनन्द बाजपेयी, डॉ0 अभिषेक शुक्ला, डॉ0 सूर्यप्रकाश चतुर्वेदी, डॉ0 गौरव यादव, डॉ0 प्रियंका जायसवाल, डॉ0 शिवांगी गुप्ता ने इलाज में पूर्ण सहयोग किया। डाक्टर अरुण पाण्डेय ने बताया कि उन्होंने व्हाटसएप ग्रुप बनाया है। जिसके माध्यम से वह मरीजों से जुड़े हैं। जिसका हेल्पलाइन नंबर 9839384997 है।

# पोल लगाकर प्लाटिंग करने वाले भू-माफियाओं पर बिजली विभाग ने कसा शिकंजा

▶ दस दिवस के अंदर स्टीमेट पास न कराने वाले लोगों पर होगा मुकदमा
▶ जेई तथा एसडीओ को मामले चिन्हित करने के दिये गये निर्देश



प्लाटिंग के दौरान लगाये गये विद्युत पोल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अवैध रुप से प्लाटिंग करने वाले भू-माफियाओं पर विद्युत विभाग ने शिकंजा कसना शुरु कर दिया है। जिसके तहत विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता अखिलेश सिंह ने नोटिस व अपील के माध्यम से गैर कानूनी तरीके से विद्युत पोल व तार अपने मन माफिक लगाने वालों को 10 दिन का समय दिया है। उसके बाद विभाग अपने तरीके से इन पर नकेल कसेगा। अधीक्षण अभियंता अखिलेश सिंह ने जारी की अपील में कहा है कि नव विकसित क्षेत्रों में जमीन विक्रेताओं एवं क्रेताओं को विद्युत विभाग सूचित करता है कि बिना अनुमति विद्युत यंत्र विकसित कराना, पोल लगाना, तार आदि खींचना नियम विरुद्ध है और दण्डनीय अपराध है। जिन क्षेत्रों में विद्युत विभाग के बिना अनुमति के स्वयं यह कार्य किया गया है वह लोग 10 कार्य दिवसों के अंदर विद्युत विभाग में सम्पर्क कर प्रक्रिया पूर्ण कर उक्त कार्य की अनुमति प्राप्त कर लें। अन्यथा की स्थिति में विधिक कार्यवाही की जायेगी। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि बिना अनुमति के विद्युत पोल और तार लगाकर प्लाटिंग करने वाले लोग क्रेता के साथ धोखाधड़ी कर रहे है। सबसे अधिक नगर क्षेत्र में ऐसे मामले सामने आये है। एसडीओ व सभी क्षेत्रीय जेई को निर्देशित किया गया है कि अपने-अपने क्षेत्रों में चिन्हित कर उन्हें नोटिस दे। अधीक्षण अभियंता ने बताया समयावधि के दौरान यदि विभाग से इसकी एनओसी नहीं लेते हैं तो अवैध रुप से विद्युत पोल तार सिफ्ट करने वालों पर मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

# गुजरात में नौकरी कर रहे युवक की मौत

▶ गुजरात में रहकर पेंटिंग का कार्य करता था मृतक


थाने में बैठे मृतक के परिजन

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत हो गयी। मृतक की मां ने पत्नी पर हत्या करने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम जटपुरा निवासी रवि उर्फ लप्पू उम्र 27 वर्ष पुत्र मिहीलाल जाटव जो गुजरात राज्य में स्थित करनाल चौकी क्षेत्र में स्थित एक कंपनी में कर्मचारी था। बुधवार की सुबह जब पुत्रवधू रानी द्वारा रवि की मौत की सूचना घर पर दी गई, तो घर परिवार में कोहराम मच गया। इस दौरान परिवार के लोगों ने पुत्रवधू पर बेटे की हत्या कराए जाने का आरोप लगाया। माँ चुन्नी देवी ने बताया कि उसके बेटे रवि का विवाह 2013 में रानी के साथ हुआ था। शादी के बाद रवि पत्नी रानी के साथ गुजरात चला गया था। पीड़ित मां के अनुसार मंगलवार की शाम पुत्र से फोन पर बात हुई। जिसमें रवि ने अपनी कुशलता बताते हुए माता पिता तथा भाई बहनों का भी हाल जाना था। मां चुन्नी देवी के अनुसार बुधवार की सुबह 7.30 बजे के करीब रवि की पत्नी रानी द्वारा फोन से पुत्र की मौत की सूचना देकर बताया रवि ने शराब के नशे में वाद विवाद किया फिर अपने कमरे में चला गया। जहां उसने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पाकर परिजनों में कोहराम मच गया। मां ने वहू पर चरित्रहीनता का आरोप लगाया और कहा कि उसकी हत्या करायी गयी है।

घटना की सूचना देने पीड़ित परिवार शमशाबाद थाने पहुंचा जिस पर पुलिस ने घटना क्षेत्र गुजरात बताकर गुजरात में ही कार्यवाही के लिये जाने को कहा। मृतक के 3 बच्चों में दो बेटियों के अलावा एक बेटा है, जबकि मृतक पांच भाई बहनों में तीसरे नंबर का था।

# जातिसूचक गाली देने में आरोपी को एक वर्ष का कारावास

▶ आठ हजार रुपया जुर्माना



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज विशेष एससी एसटी के न्यायाधीश महेंद्र सिंह ने धमकी व जाति सूचक गाली देकर अपमानित करने के मामले में राजू पुत्र रामचन्द्र निवासी अशोक नगर कमालगंज को दोषी करार देते हुए एक वर्ष का कारवास व 8 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया। जुर्माना अदा न करने पर तीन माह की अतिरिक्त कारवास भुगतना होगा।

कमालगंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला अंबेडकर नगर निवासी मिथलेश कुमारी 28 दिसंबर 2007 को रात करीब साढ़े नौ बजे खेत पर गई। वहां मोहल्ला अशोक नगर निवासी रामचंद्र व उसका पुत्र राजू खेत की मेड काट कर रहे थे। जिससे खेत की मिट्टी कट कर पास में बह रहे नाले में जा रही थी। विरोध करने पर पिता-पुत्र हमलावर हो गए। जाति सूचक गाली-गलौज कर राजू ने दराती से हमला कर दिया। इससे मिथलेश के दाहिने हाथ में चोट आई। रामचंद्र ने डंडा से पीठ पर वार कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पीड़िता मिथलेश कुमारी ने कोर्ट में रामचंद्र व उसके पुत्र राजू के खिलाफ परिवाद दर्ज कराया था। मुकदमा विचारण के दौरान आरोपी रामचंद्र की मौत हो गई। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता अशोक कुमार कटियार, अनुज प्रताप सिंह की कुशल पैरवी के आधार अपर जिला जज विशेष एससी एसटी न्यायधीश महेंद्र सिंह ने राजू को धमकी व जाति सूचक गाली देने के जुर्म में दोषी करार देते हुए एक वर्ष का कारवास व 8 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है।

# किसान दिवस: किसानों की समस्याओं की हुई समीक्षा

▶ डीएम ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना के तहत सौंपी चेक व एफडी


सहायता राशि की एफडी पीड़िता को सौंपते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किसान दिवस के मौके पर मिलेटस योजना के अन्तर्गत किसानों को फसल के अधिक उत्पादन और उन्हें बीमारियों से बचाने के बारे में चर्चा की गई। इसके साथ ही पिछले किसान दिवस पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किसान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी ने समस्याओं की समीक्षा की और उनके समाधान के बारे में आवश्यक निर्देश दिये। सीडीओ ने कहा कि यह वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय मिलेटस वर्ष के रुप में मनाया जा रहा है। उपकृषि निदेशक ने ज्वार, बाजरा, सांबा, काकुन, रागी, कुटकी, चैना, कुट्टु, चौलाई आदि फसलों के बारे में बताया और कहा कि इनमें प्रोटीन फाइवर, कार्बोहाईड्रेड, वसा, कैल्सियम एवं फास्फोरस पोषक तत्व बहुतायत में पाये जाते हैं, जो इम्युनिटी में वृद्धि करते है। इस मौके पर शिव प्रताप चौहान ने सरकार द्वारा खोले गये आलू खरीद केंद्रों पर खरीद न किये जाने की बात कही। रामबहादुर सिंह ने मक्का से स्टार्च बनाने के बारे में जानकारी की।

गीता पत्नी समर पाल ने प्रधानमंत्री आवास दिये जाने की मांग की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना सहायता योजना के अन्तर्गत मण्डी समिति कमालगंज के माध्यम से रामढकेली पत्नी स्व0 आत्माराम निवासी महमदपुर को डेढ़ लाख की चेक व डेढ़ लाख एफडी डीएम द्वारा सौंपी गई। डीएम ने मिलेटस का अधिक से अधिक प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता विद्युत, कृषि प्रचार अधिकारी, अग्रणी जिला प्रबंधक बैंक ऑफ इंडिया, गन्ना विकास अधिकारी, जिला योजना समन्वयक, विपणन निरीक्षक सहित तमाम अधिकारी, किसान मौजूद रहे।

# आलू की समस्याओं को लेकर हुई पंचायत

▶ उप जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन, आलू की दुर्दशा पर जलायी होली


भाकियू की पंचायत में मौजूद किसान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिलाध्यक्ष अरविन्द शाक्य की अगुवाई में आलू मंडी सातनपुर में आलू के निर्यात पर व आलू क्रय केंद्र आदि समस्याओं के लिए पंचायत की गई। जिसके मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा ने कहा कि आलू माटी मोल बिक रहा है। आलू की ऐसी दुर्दशा के कारण भारी कर्ज से दबे किसान आत्महत्याएं कर रहे हैं। आलू की लागत 950 रुपए कुंटल की लगी, जबकि सरकार ने 650 रुपए कुंटल खरीद की घोषणा की है। वह भी एक साइज का आलू होना चाहिए। जिससे कोई किसान आलू देने को तैयार नहीं है। मंडी में आलू विपणन संघ बहुत सी जमीन पर स्थापित होते हुए एमडी कोल्ड स्टोरेज में आलू क्रय केंद्र लगाने पर भारी रोष जताया। इसके बाद भाकियू ने एक घंटे में आलू क्रय केंद्र आलू मंडी में स्थापित करवाया। इसके बाद किसानों ने उपजिलाधिकारी सदर को ज्ञापन सौंपा।

सरकार के उदासीन रवैया से बाद आलू की होली जलाई गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष अरविन्द शाक्य, महासचिव लक्ष्मी शंकर जोशी, कानपुर मंडल अध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा, उपाध्यक्ष संजीव यादव, छविनाथ सिंह शाक्य, नीलू शाक्य, सुधीर शुक्ला , गुड्डू यादव, वृंदावन मिश्रा, अरविन्द राजपूत, सदिकारी लाल श्रीवास्तव, संजय सिंह, रमेशचन्द्र शाक्य, राधेश्यामशाक्य, दिनेश सिंह आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रामवरन राजपूत ने किया।

# खबरें चलते-चलते

## नव विवाहिता की मौत के मामले में पति हिरासत में

**कंपिल (सं)।** नव विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में मायके पक्ष के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका के पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव बहलोलपुर निवासी रोहित की शादी करीब एक वर्ष पूर्व जनपद एटा की कोतवाली अलीगंज के गांव रट्टे का नगला निवासी सुघर सिंह की पुत्री गौरा (23) के साथ हुई थी। मंगलवार शाम संदिग्ध परिस्थितियों में घर के कमरे में बिस्तर पर गौरा का शव पड़ा मिला। तो ससुरालीजनों ने सूचना युवती के पिता को दी। मौके पर पहुंचे मृतका के पिता सुघर सिंह व माता मीना देवी ने हत्या का आरोप लगा हंगामा काटा और मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। बुधवार सुबह थाना पुलिस व नायब तहसीलदार सनी कनौजिया ने घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। पुलिस मृतका के पति रोहित को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। कार्यवाहक थाना प्रभारी मो सरताज ने बताया सूचना के आधार पर शव पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## कच्ची अवैध शराब के मामले में आरोपी को सजा

**फर्रुखाबाद (सं.)।** यूरिया के द्वारा मिलावटी शराब के मामले में आरोपी अवनीश पुत्र आशाराम निवासी खलवारा मेरापुर को अपर जिला जज प्रथम न्यायाधीश विष्णु चन्द्र वैश्य ने दोषी करार देते हुए 2 वर्ष 6 माह का कारवास व 5500 रुपये के जुर्माने से दण्डित किया है। बीते वर्ष 2018 में थाना मेरापुर में तत्कालीन उपनिरीक्षक दिनेश चंद्र ने 21 जून 2018 को रात में बसईखेड़ा रोड पर बने प्रतीक्षालय के पास सड़क पर 5 लीटर अवैध शराब के सहित ग्राम खलवारा निवासी अवनीश पुत्र आशाराम को गिरफ्तार किया था। मामल दर्ज कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। उक्त शराब की जांच होने पर यूरिया की मिलावट पायी गयी थी। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता दीपिका कटियार, अनिल कुमार बाजपेयी, तेज सिंह राजपूत की पैरवी के आधार पर अपर जिला जज प्रथम न्यायधीश विष्णु चन्द्र वैश्य ने 2 वर्ष 6 माह का कारवास व 5500 रुपये के जुर्माने से दण्डित किया है।

## पति ने मारपीट कर घर से निकाला

**कमालगंज (सं.)।** मोनिका पत्नी सर्वेश कुमार निवासी ग्राम अमानाबाद ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 14 मार्च को वह अपने घर बर्तन धो रही थी, तभी पति सर्वेश आकर कहा कि जाल के नीचे पानी देवरानी पर गिर जायेगा। जिस पर मैने कहा कि पानी नहीं गिरेगा। इसी बात पर पति सर्वेश, देवर श्याम बाबू पुत्र रामविलास, देवरानी उपासना, जेठ कृष्ण ने गाली-गलौज की। मना करने पर मारपीट कर पति सर्वेश अपनी बाइक से मायके खुदागंज छोड़कर भाग गये। इस बात को लेकर मेरे पिता महावीर वर्मा पुत्र भजनलाल ने मेरे पति से इस बारे में जानकारी की तो उनके साथ भी पति ने गाली-गलौज किया। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

## दिव्यांग की मजदूरी ठेकेदार ने हड़पी

**नवाबगंज (सं.)।** ठेकेदार द्वारा दिव्यांग मजदूर के पैसे ने देने पर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगायी। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी। जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज के बरतल सलेमपुर निवासी बालेश्वर पुत्र राजाराम शाक्य ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि वह बीते कई माह से कन्नौज निवासी ठेकेदार अवनीश पुत्र नामालूम व मेहंदी हसन निवासी कस्बा सकरावा जनपद कन्नौज के यहां मजदूरी का काम करता है। जिसमें पीड़ित के 15 हजार रुपये ठेकेदार ले गया। मांगने पर वह टालमटोल करने लगा। अब वह पैसे नहीं दे रहा है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

# कर्मचारियों व करदाताओं की गाढ़ी कमाई शेयर मार्केंट में डुबायी जा रही: शिक्षक संघ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट लगातार पुरानी पेंशन बहाली की मांग करता चला आ रहा है। पिछले चुनाव में शिक्षक संघ ने ऐलान भी किया था जो पुरानी पेंशन बहाल करेगा शिक्षक संघ उसी को वोट करेंगे। प्रदेश सरकार से शिक्षक संघ मांग करता है कि कर्मचारी व शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखते हुए पुरानी पेंशन बहाल की जाये, क्योंकि बुजुर्गों के बुढ़ापे का एक ही माध्यम पुरानी पेंशन है। पुरानी पेंशन जब तक बहाल नहीं होगी, तब तक शिक्षकों का आंदोलन जारी रहेगा। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले भी शिक्षकों की मांग पुरानी पेंशन को लेकर जारी रहेगी। इस बार शिक्षक संघ पुरानी पेंशन को लेकर आरपार की लड़ाई लड़ने के मूड में है, क्योंकि जो भाजपा से स्नातक व शिक्षक एमएलसी हैं वह केवल सरकार की बात करते हैं और वोट लेते हैं, लेकिन पुरानी पेंशन दिलाने की उन्हें चिन्ता नहीं है। इसलिए पेंशन को लेकर आरपार की लड़ाई लड़ी जायेगी।


प्रदीप जायसवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शि0संघ

शिक्षक संघ के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने बताया कि पेंशन कोई मांग नहीं यह हमारा अधिकार है। जब सांसद, विधायक चार-चार पेंशन ले रहे हैं, तो हमें पुरानी पेंशन क्यों नहीं दी जाये। जबकि हम अपनी जिन्दगी के 40-40 साल शिक्षण कार्य करते हैं। बदले में पुरानी पेंशन की मांग करते हैं, तो हमारे साथ सरकार सौतेला व्यवहार कर रही है व पुरानी पेंशन बहाल नहीं कर रही है।


सुमन त्रिपाठी (प्रधानाचार्या)

कानोडिया इं0का0 की प्रधानाचर्या सुमन त्रिपाठी ने कहा कि हमारा पैसा बड़े पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए नई पेंशन योजना एनपीएस जारी की गयी है। इसमें कर्मचारियों के बुढ़ापे की कोई सुरक्षा की गारन्टी नहीं है, जबकि कई राज्यों में पुरानी पेंशन बहाल कर दी गयी है। उन्होंने कहा कि एनपीएस सरकार को इतनी बेहतर लगती है,तो विधायकों व सांसदों पर क्यों नहीं लागू की जाती है।


अजय कुमार तिवारी (संयुक्त मंत्री)

मा0शि0संघ के संयुक्त मंत्री अजय कुमार तिवारी ने सरकार से मांग की कि पुरानी पेंशन शीघ्र बहाल की जाये, क्योंकि ये हमारा अधिकार है। नई पेंशन शेयर मार्केंट में डुबायी जा रही है। इससे कर्मचारियों को लाभ नहीं मिल रहा है। सीधे-सीधे सरकार बड़े पूंजीपतियों को लाभ दे रही है। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा नहीं आंदोलन है। इसे कर्मचारियों व शिक्षक हित में जारी रखेंगे और पेंशन लेकर रहेंगे।


गौरी शंकर, सहायक अध्यापक

सहायक अध्यापक गौरी शंकर ने बताया कि कर्मचारियों का वेतन का 10 प्रतिशत और आम जनता की गाढ़ी कमाई का 10 प्रतिशत, सरकारी खजाने से कर्मचारियों की पेंशन के नाम पर बाजार आधारित योजना एनपीएस में निवेश किया जा रहा है। इसका पूरा लाभ कर्मचारियों की बजाय पूंजीपतियों को हो रहा है। पीएफ आरडी एक्ट के तहत नई पेंशन योजना को लागू किया गया है।

## प्रधान ने दबंगों के खिलाफ दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** प्रधान ने रास्ता बनवाने के बाद उसके सहारे खाली पड़ी जमीन पर दीवार उठायी तो दबंगों ने दीवार को तोड़ दिया। मना करने पर प्रधान के साथ बदसलूकी की व जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के विकासखंड क्षेत्र शमशाबाद के ग्राम पंचायत सहसा जगदीशपुर के ग्राम प्रधान नरेंद्र सिंह पुत्र संग्राम सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि वह गांव में 60 मीटर लंबी गली का निर्माण करवा रहे थे। रास्ते के सहारे उन्होंने दीवार उठायी तो गांव के दबंग उमाशंकर पुत्र नत्थू सिंह, सुनील पुत्र सुरेश, रामरतन पुत्र उधम सिंह आदि तोड़ दिया। मना करने पर जानमाल की धमकी दी। प्रधान ने पुलिस को तहरीर देकर दबंगों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिल गयी है। वह मामले की जांच पड़ताल कर रही है। जांच के बाद कार्यवाही की जायेगी।